
**सुविचार**

जो गुणज्ञ न हो, उसके सामने गुण नष्ट हो जाता है और कृतघ्न के साथ की गई उदारता नष्ट हो जाती है।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Friday, 22 December 2023 ● Year : 01 ● Issue : 331 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com | E-Paper : epaper.thephotonnews.com

12 क्रिसमस का अपना क्रेज, बॉलीवुड...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 70,865.10 |
| निफ्टी | : | 21,255.05 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,935 |
| चांदी | : | 80.07 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### शीतलहर के कारण 26 से 31 तक बंद रहेंगे स्कूल

**RANCHI :** राज्य सरकार ने शीतलहर के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए सभी सरकारी और निजी स्कूल को बंद करने का आदेश दिया है। सभी स्कूल 26 से 31 दिसम्बर तक बंद रहेंगे। इस संबंध में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने गुरुवार को अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना सरकार के अपर सचिव कुमुद सहाय ने जारी की है। अधिसूचना में कहा गया है कि माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए संबंधित विद्यालय आवश्यकता अनुसार वर्ग-10 से वर्ग-12 तक की कक्षाओं का संचालन कर सकेंगे।

### संजय सिंह की ज्यूडिशियल कस्टडी 10 जनवरी तक बढ़ी

**NEW DELHI :** दिल्ली शराब नीति घोटाला केस में स्थानीय कोर्ट ने जेल में बंद आप सांसद संजय सिंह की ज्यूडिशियल कस्टडी 10 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में 12 दिसंबर को सुनवाई हुई थी। तब कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 21 दिसंबर के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया था। ईडी ने संजय सिंह को 4 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट में गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका लगाई थी। हाईकोर्ट ने 20 अक्टूबर को उनकी गिरफ्तारी बरकरार रखने का फैसला सुनाया था, जिसके बाद वे सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। इधर, सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर 20 नवंबर को सुनवाई की थी। तब कहा था कि संजय सिंह अंतरिम जमानत याचिका दायर कर सकते हैं। इसका 20 अक्टूबर को दिए गए दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले से कोई लेना देना नहीं है। 11 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच में मामला पहुंचा, तब कोर्ट ने इसे फरवरी 2024 के लिए लिस्ट कर दिया।

### तमिलनाडु के मंत्री व उनकी पत्नी को 3 साल कैद

**CHENNAI :** मद्रास हाईकोर्ट ने 21 दिसंबर को आय से ज्यादा प्रॉपर्टी मामले में तमिलनाडु के पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री के पोनमुडी और उनकी पत्नी को 3 साल की सजा सुनाई। कोर्ट ने दोनों के खिलाफ 50-50 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। दोनों 1.75 करोड़ रुपए की आय से ज्यादा प्रॉपर्टी मामले में दोषी पाए गए थे। मामले में कोर्ट का फैसला आने के बाद के पोनमुडी विधायक पद के लिए अयोग्य हो गए हैं। साथ ही उन्होंने मंत्री पद भी खो दिया। मामले में कोर्ट का फैसला आने से पहले तक वे उच्च शिक्षा मंत्री थे। अब यह विभाग पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री आरएस राजकन्नप्पन को दे दिया गया है। तमिलनाडु के राजभवन की ओर से प्रेस नोट जारी कर इसकी जानकारी दी। बताया गया कि मुख्यमंत्री स्टालिन ने राज्यपाल आरएन रवि से इसकी सिफारिश की थी, जिसे राजभवन ने मंजूरी दे दी।

# स्वयं सेवकों पर लाठीचार्ज, दर्जनों लोग जख्मी

## बैरिकेडिंग तोड़ने के बाद पुलिस ने दिखाई सख्ती, छोड़ा आंसू गैस व वाटरकैनन

**PHOTON NEWS RANCHI :** विधानसभा सत्र के दौरान विधान सभा का घेराव करने पहुंचे पंचायत स्वयं सेवकों पर पुलिस ने गुरूवार को लाठीचार्ज कर दिया। लाठीचार्ज में दर्जनों लोग जख्मी हो गए। पुलिस ने स्वयं सेवकों को खदेड़-खदेड़ कर पीटा। पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के द्वारा अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर 18 दिसंबर से विधानसभा घोव का कार्यक्रम को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। विधानसभा के समीप धरना स्थल पर पूरे राज्य भर से हजारों की संख्या में पंचायत स्वयं सेवक पहुंचे हैं। पंचायत स्वयं सेवकों के द्वारा प्रतिदिन विधानसभा के समीप प्रतिदिन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है।



■ विधानसभा का घेराव करने पहुंचे थे पंचायत स्वयं सेवक, पुलिस ने खदेड़ा

### पुलिस की कार्रवाई के बाद मीच भगदड़

विधानसभा के अंतिम कार्य दिवस के दिन गुरुवार को पंचायत सहाक कर्मियों का धैर्य टूट गया। हजारों की संख्या में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शनकारी विधानसभा घेराव के लिए विधानसभा की ओर बढ़ने लगे। प्रदर्शनकारियों ने बैरिकडिंग तोड़ दिया। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। लेकिन दूसरी बैरिकडिंग को भी तोड़ दिया गया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने लाठी चार्ज कर दिया। पुलिसकर्मियों ने वाटर कैनन और आंसू गैस के गोल भी छोड़ा। इसके बाद जिससे प्रदर्शनकारियों में भगदड़ मच गई और प्रदर्शनकारी इधर-उधर भागने लगे। पुलिस कर्मियों ने दर्जनों प्रदर्शनकारियों को पकड़ा और उन्हें जगन्नाथपुर, धुर्वा और पुंदाग थाना ले जाया गया। लाठी चार्ज के बाद प्रदर्शनकारी आक्रोशित होकर जगन्नाथपुर मंदिर के समीप हजारों की संख्या में सड़क पर जमा हो गए।


**ये हैं मांगें**

- पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक को मानदेय दिया जाए।
- पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक की सेवा स्थाई की जाए।
- पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक का नाम बदलकर पंचायत सहायक किया जाए।
- पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों का पंचायती राज विभाग में समायोजन किया जाए।
- मुख्यमंत्री से संघ के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की वार्ता कराई जाए।

### केजरीवाल का ईडी को जवाब, कहा- आपका समन राजनीति से प्रेरित

**NEW DELHI :** आबकारी नीति घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल फिर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश नहीं होंगे। ईडी ने केजरीवाल को 21 दिसंबर को पेश होने का समन जारी किया था जिसे लेकर केजरीवाल ने जवाब दिया है। यह लगातार दूसरी बार है जब केजरीवाल ईडी के समन पर पूछताछ में शामिल नहीं होंगे। वे विपश्यना केंद्र के लिए एक दिन पहले रवाना हो गए, जहां वे 30 दिसंबर तक रहेंगे। सूत्रों ने गुरुवार को दी जानकारी में बताया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ईडी के समक्ष आज भी पेश होंगे। केजरीवाल ने ईडी के दूसरे समन का जवाब दिया है। जांच एजेंसी को भेजे जवाब में केजरीवाल ने कहा कि मैं किसी भी कानूनी समन का जवाब देने को तैयार हूं। उन्होंने जवाब में लिखा है, मेरे पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है।

# तीनों क्रिमिनल लॉ बिल संसद से पास, राष्ट्रपति की मंजूरी मिलते ही बनेंगे कानून



संसद में अपनी बात रखते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

**AGENCY NEW DELHI :** राज्यसभा में तीनों क्रिमिनल लॉ बिल भारतीय न्याय संहिता, भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य बिल गुरुवार को पास हो गए हैं। बुधवार को ये तीनों बिल लोकसभा से पास हो चुके हैं। अब इन्हें मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। उनकी मंजूरी मिलते ही ये तीनों बिल कानून बन जाएंगे। बिल पास होते ही राज्यसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। बिलों पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- जो लोग सदन के बाहर पूछते हैं कि इस कानून से क्या होगा? मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि ये कानून वैलेंस ऑफ वर्क को ध्यान में रखकर लाए गए हैं। इसे लागू होने के बाद तारीख पर तारीख का जमाना नहीं रहेगा। किसी भी मामले में 3 साल में न्याय दिलाने का उद्देश्य है। जो कहते हैं कि नए कानूनों की जरूरत क्या है, उनको स्वराज का मतलब नहीं पता, इसका मतलब स्व शासन नहीं है। इसका मतलब स्व धर्म, भाषा, संस्कृति को आगे बढ़ाना है।

### अनिश्चितकाल के लिए संसद की कार्यवाही स्थगित

लोकसभा और राज्यसभा गुरुवार 21 दिसंबर को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गई। संसद के शीतकालीन सत्र के लिए 22 दिसंबर तक का वक्त तय किया गया था। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने कहा कि सदन की कार्यवाही 61 घंटे 50 मिनट चली। वर्क प्रोडक्टिविटी 74 प्रतिशत रही। चर्चा के बाद 18 सरकारी विधेयक पास हुए। शून्यकाल के दौरान 182 मामले उठाए गए।

### प्रेस से जुड़ा विधेयक लोकसभा से पारित

प्रेस एंड रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियॉडिकल विधेयक 2023 गुरुवार को लोकसभा से पारित हो गया। गुरुवार को लोकसभा में इस विधेयक पर चर्चा की शुरूआत करते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रेस एंड रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियॉडिकल्स विधेयक 2023 के माध्यम से गुलामी की मानसिकता से बाहर निकलकर नए भारत के लिए एक नया कानून लाने का कार्य किया गया है। उन्होंने चर्चा के दौरान पुराने कानून के बारे में कहा कि सन 1867 के अधिनियम के तहत अंग्रेजों की मानसिकता थी कि प्रेस को अपने अधीन रखें। यहां तक कि उनके लिए रजिस्ट्रेशन करना भी अपने आप में बहुत बड़ी चुनौती थी। प्रिंटिंग प्रेस लगाना या पब्लिशर बनना, ये अपने आप में बहुत बड़ी बात थी।

### सदन चलाना नहीं चाहती मोदी सरकार : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार नहीं चाहती की सदन चले। वो विपक्ष को बोलने देना नहीं चाहते हैं। खड़गे ने गुरुवार को विजय चौक पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि लोकतंत्र में सवाल करना हमारा हक है। हम सवाल उठा रहे हैं कि संसद सुरक्षा में जो चूक हुई, उस पर प्रधानमंत्री और गृह मंत्री बयान दें। खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री बाकी जगहों पर बात कर रहे हैं लेकिन वे सदन में बयान नहीं देते हैं, ये सदन का अपमान है। उपराष्ट्रपति के अपमान मुद्दे पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में खड़गे ने कहा कि उन्हें (उपराष्ट्रपति को) इस मुद्दे को जातीय मुद्दा नहीं बनाना चाहिए। लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है।

# हंगामे का भेंट चढ़ा शीत सत्र

## कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित, पक्ष-विपक्ष का हंगामा

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड विधानसभा शीतकालीन सत्र के पांचवें और अंतिम दिन गुरुवार को सदन की कार्यवाही की शुरूआत हंगामे के साथ शुरू हुई। इस बार हंगामा विपक्ष ने नहीं, बल्कि सत्ता पक्ष ने शुरू किया। विधायक प्रदीप यादव ने बाबूलाल मरांडी पर आरोप लगाया कि उन्होंने स्पीकर के बारे मीडिया में बयान देकर विधानसभा की अवमानना किया है। इसलिए उनपर कार्रवाई हो। इस बात को लेकर सत्ता पक्ष के विधायक वेल में आ गए, जिसके बाद अमर बाउरी ने पुरजोर तरीके से प्रदीप यादव की बातों को विरोध किया और कहा कि विधानसभा के खाता बही की बात करें तो अभी भी प्रदीप यादव जेवीएम के विधायक हैं और बाबूलाल उनके अध्यक्ष हैं। इसलिए प्रदीप यादव को बाबूलाल के बारे में ऐसी बातें करनी शोभा नहीं देती। हंगामें को देखते हुए स्पीकर ने कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी।




### भाजपा विधायकों का सरकार पर हमला, सदन के बाहर पदर्शन

सत्र के अंतिम दिन सदन शुरू होने से पहले भाजपा विधायकों ने सरकार पर हमला बोला। सदन के बाहर विरोध भी जताया। शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित विधायक बिरंची नारायण ने सरकार को युवा विरोधी और निकम्मा बताया। उन्होंने कहा कि नियोजन नीति स्पष्ट करने में सरकार विफल है। उसके चलते लाखों युवा सड़क पर हैं। संविधान की नौवीं अनुसूची में नियोजन नीति को शामिल करने की बात कर वह युवाओं को छलने में लगी है। अनंत ओझा ने कहा कि यह युवा विरोधी सरकार है। राज्यपाल ने वाजिब तथ्यों के साथ नियोजन नीति के लिए सुझाव दिए थे लेकिन सरकार इसके लिए तैयार नहीं हुई। एक बार फिर युवाओं का भविष्य अधर में है। शशिभूषण मेहता ने कहा कि बालू, पानी प्रकृति का उपहार है लेकिन इस सरकार में इसकी भी लूट है। थानेदारों के रवैये से जनता त्रस्त है। अपर्णा सेन गुप्ता ने कहा कि सरकार महिला विरोधी है। विधि व्यवस्था पस्त रहने से महिलाएं भयभीत हैं। अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं।

### इतनी बड़ी लकीर खींचेंगे कि विपक्ष छू नहीं पाएगा : हेमंत

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन में राज्य सरकार के स्तर से किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। अबुआ आवास, सीएम रोजगार सृजन योजना, सावित्रीबाई फुले स्कीम, गुरु जी क्रेडिट कार्ड, केसीसी सहित अन्य योजनाओं का विशेष उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 29 दिसंबर को सरकार हजारों नियुक्ति पत्र बांटेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने हर वर्ग के लिए जिस तरह से कार्य करना शुरू किया है, जिस तरह से विकास कार्यों की गाढ़ी लकीरें खींची जा रही हैं, विपक्ष उससे बड़ा तो क्या, लकीरों को लांघ भी नहीं पाएगा। हम इतनी बड़ी लकीर खींच देंगे कि विपक्षी इसे छू नहीं पाएगा। उन्होंने पिछले दो दशकों से राज्य में व्याप्त



समस्याओं और इसके लिए विपक्षी दलों को दोषी ठहराया। साथ ही कहा कि आज गांव-गांव में शिविर लग रहा है। आज राज्य में सरकार के काम से उत्साह का माहौल है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का इंतजार अब लोग करने लगे हैं। तीन सालों में तीन बार ये आयोजन हो चुका है। विपक्ष बताए आपने राज्य को क्या दिया?

**संबोधन के बीच ही भाजपा विधायकों का वॉकआउट :** मुख्यमंत्री के संबोधन के बीच ही भाजपा के विधायकों ने वॉकआउट किया। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इनका यही काम है। विपक्षियों की यही समस्या है कि ये सिर्फ अपनी बात बोलना जानते हैं। सच्चाई सुन नहीं सकते। हेमंत सोरेन ने कहा कि मैं ये नहीं कहता कि सभी समस्या हमने दूर कर दी है। पीएम मोदी की गारंटी की बातें रोज टीवी पर मैं देखता हूं। सुंदर पहाड़ी में बीमारी से हुई मौत पर विपक्षियों ने सरकार की खूब आलोचना की।

# हजारीबाग में दम घुटने से 4 लोगों की गई जान

## कमरे में कोयला जला कर सो रहे थे सभी

**HAZARIBAGH :** जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र अंतर्गत रसूलीगंज में दम घुटने से चार लोगों की मौत हो गयी जबकि तीन लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी बिहार के बक्सर जिले के रहने वाले हैं। बताया जाता है कि बुधवार रात एक ही परिवार के कई लोग ठंड से बचने के लिए कमरे में कोयला जलाकर सोए हुए थे। कमरे का दरवाजा बंद था, जिस वजह चार लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों में राकेश कुमार, अखिलेश कुमार, प्रिंस कुमार और अरमान अली हैं। रोहित यादव, राकेश कुशवाह, सलमान खान को हजारीबाग के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिस कमरे में ये घटना हुई उसके बगल के कमरे में कुणाल यादव भी रह रहे थे। उन्होंने कहा कि सुबह करीब सात बजे कुछ लोग उस कमरे के बाहर पहुंचे और आवाज लगाई लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला।

### पीएलएफआई के दो उग्रवादी गिरफ्तार

**KHUNTI :** मुरहू थाना प्रभारी इकबाल हुसैन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर मुरहू थाना की पुलिस ने गुरुवार को अपने थाना क्षेत्र के दो विभिन्न क्षेत्रों में छापामारी अभियान चलाकर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के दो वांछित उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार उग्रवादियों में मुरहू के एतरे गांव निवासी सोम पूर्ति उर्फ चोम उर्फ चोमो (19 ) और इंदीपीढ़ी गांव के जीवन बोदरा उर्फ जीव (19) शामिल हैं। गिरफ्तार दोनों उग्रवादी पीएलएफआई के एरिया कमांडर टीरा बोदरा उर्फ लंबू दस्ता के सदस्य हैं। गिरफ्तार दोनों उग्रवादियों के विरुद्ध इसी वर्ष मुरहू थाने में आर्म्स एक्ट, 17 सीएलए एक्ट सहित अन्य संगीन धाराओं में चार मामले दर्ज किए गए हैं।

# रजौरी में आतंकी हमला, तीन जवान शहीद

## सेना के दो वाहनों पर घात लगाए आतंकियों ने किया अटैक, सर्च ऑपरेशन जारी

**AGENCY SRINAGAR :** जम्मू-कश्मीर के राजौरी सेक्टर के थानामंडी इलाके में सेना के दो वाहनों पर गुरुवार को घात लगाकर आतंकवादियों ने हमला कर दिया, जिसमें तीन जवान शहीद हो गए, जबकि तीन जवाल घायल हो गए। सेना के अधिकारी ने बताया, थानामंडी-सूरनकोट रोड पर सावनी इलाके में दोपहर करीब साढ़े तीन बजे सेना के वाहनों पर हमला हुआ। उन्होंने बताया कि ये वाहन बुफलियाज के पास के एक इलाके से जवानों को ले जा रहे थे। बुफलियाज में आतंकवादियों के खिलाफ घेराबंदी और तलाश अभियान बुधवार रात से जारी है। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों ने सेना के ट्रक और जिप्सी पर गोलीबारी की। रक्षा विभाग के एक जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि पुख्ता खुफिया जानकारी के आधार पर कल रात एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था और मुठभेड़ जारी है। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त जवानों को घटनास्थल पर भेजा गया है। यहां अब भी लगातार गोलीबारी हो रही है।



### पाकिस्तान ने योजनाबद्ध हमला करवाया

जम्मू-कश्मीर के पूर्व डीजीपी एसपी वैद ने कहा- आर्मी व्हीकल पर हमला पाकिस्तान की तरफ से योजनाबद्ध तरीके से किया गया। जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटने के बाद जो सकारात्मक बदलाव हुए हैं, आतंकी इस नैरेटिव को बदलना चाहते हैं। पुंछ के सुरनकोट इलाके में 19-20 दिसंबर की दरम्यानी रात एक पुलिस शिविर में ब्लास्ट हुआ था। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार (20 जनवरी) को इस घटना की जानकारी दी। ब्लास्ट इतना जोरदार था कि पुलिस कैंप में खड़े कई वाहनों की खिड़कियों के शीशे टूट गए। 16 दिसंबर को बीएसएफ के एक सीनियर अफसर ने इंटेलिजेंस के हवाले से जानकारी दी थी कि पाकिस्तान सीमा में 250 से 300 आतंकी जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ की फिराक में हैं।

## भारत में 21 केस, डब्ल्यूएचओ ने कहा- इससे खतरा नहीं, पर भीड़ में मास्क पहनें

# दुनिया के 40 देशों में फैला कोरोना का जेएन-1 वैरिएंट

**AGENCY NEW DELHI :** कोरोना का नया सब-वैरिएंट जेएन-1 दुनिया के 40 देशों में फैल चुका है। भारत में अब तक इसके 21 केस आ चुके हैं। इनमें गोवा में 19 और केरल-महाराष्ट्र में 1-1 मामला आया है। नीति आयोग के सदस्य वीके पॉल ने बुधवार को बताया कि पिछले दो हफ्ते के दौरान भारत में कोरोना से 16 लोगों की मौत हुई है। हालांकि, इनमें अधिकतर लोग डायबिटीज और हार्ट प्रॉब्लम जैसी दूसरी बीमारियों से भी जूझ रहे थे। केंद्र के मुताबिक, देशभर में कोरोना के करीब 2669 एक्टिव मामले हैं। इनमें 91-92% लोग घरों में ही इलाज करवा रहे हैं। नए वैरिएंट वाले मरीजों में वायरस के लक्षण काफी हल्के हैं। हालांकि, घबराने वाली कोई बात नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने जेएन-1 को वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट में शामिल किया है। डब्ल्यूएचओ ने बताया कि अभी तक का विश्लेषण कहता है कि मौजूदा वैक्सीन जेएन-1 वैरिएंट पर पूरी तरह से कारगर है। इससे लोगों को ज्यादा खतरा नहीं है। हालांकि, डब्ल्यूएचओ ने सावधानी के तौर पर एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों को भीड़ वाले, बंद या दूषित हवा वाले इलाकों में मास्क पहनने की सलाह दी गई है। साथ ही आवश्यक दूरी बनाने को भी कहा गया है।



### केंद्र सरकार का निर्देश- सभी जिले करें कोविड टेस्ट

केंद्र सरकार ने राज्यों की दी एडवाइजरी में कहा है कि सभी जिले कोविड टेस्ट करें। पॉजिटिव सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए लैब भेजें। मॉक ड्रिल करके समय-समय पर तैयारियों का जायजा लें। कर्नाटक के पड़ोसी राज्य केरल और तमिलनाडु में कोविड-19 के नए वैरिएंट जेएन-1 के मामले बढ़ने के कारण वहां भी एडवाइजरी जारी की गई। 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों, किडनी, हृदय, लिवर जैसी बीमारियों से पीड़ित लोगों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली मांओं को बाहर जाने पर अनिवार्य रूप से मास्क पहनने की सलाह दी गई है। केंद्र के निर्देशों के अनुसार, अभी ज्यादा घबराने या तुरंत प्रतिबंध लगाकर सीमा पर (केरल, तमिलनाडु राज्यों) निगरानी बढ़ाने की जरूरत नहीं है। हालांकि, केरल और तमिलनाडु से लगे सभी सीमावर्ती जिलों को सतर्कता बरतनी चाहिए। क्रिसमस और नए साल के जश्न के दौरान लोगों को खास तौर पर सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल के मुताबिक 8 दिसंबर को केरल के तिरुवनंतपुरम में सबसे पहला जेएन-1 वैरिएंट सामने आया था। 79 साल की एक महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। महिला में इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारी के हल्के लक्षण थे। हालांकि, बाद में वह ठीक हो गई।

### मिशन 2024 के लिए कांग्रेस ने कसी कमर

**NEW DELHI :** सीडब्ल्यूसीकी बैठक के बाद कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा, सीडब्ल्यूसी की बैठक में हालिया विधानसभा चुनावों के नतीजों पर चर्चा हुई, छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश के पार्टी प्रभारियों ने प्रदर्शन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 और भारत जोड़ो यात्रा पार्ट-2 पर भी चर्चा की गई। कांग्रेस सीडब्ल्यूसी बैठक के बाद केसी वेणुगोपाल ने कहा, हमने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। पहला- पिछले विधानसभा चुनाव के नतीजों पर, दूसरा- 2024 लोकसभा चुनाव और तीसरा- देश की वर्तमान राजनीतिक स्थिति, जिसमें संसद के मुद्दे भी शामिल हैं। सीडब्ल्यूसी ने सर्वसम्मति से उनके प्रस्ताव को अपनाया। सीडब्ल्यूसी का सामान्य मूड 5 राज्यों के चुनावों के नतीजों का ईमानदारी से मूल्यांकन करना है।

# साहिबगंज में तीन दिनों से सीबीआई कर रही कार्रवाई

## ईडी के गवाह विजय हांसदा से जुड़ा है मामला

**PHOTON NEWS SAHIBGANJ :** 1000 करोड़ के अवैध खनन व मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी के गवाह विजय हांसदा के केस की जांच के लिए सीबीआई की टीम साहिबगंज पहुंची है। तीन दिनों से सीबीआई की जांच जारी है। तीसरे दिन यानी 21 दिसंबर की सुबह करीब 7:00 बजे ही सीबीआई की चार सदस्य टीम भवानी चौकी स्थित विजय हांसदा के घर पहुंची और कई जानकारी हासिल की। टीम ने करीब एक घंटा तक गांव के लोगों से जानकारी हासिल की। इसके आलावा पूछताछ के लिए करीब आधा दर्जन ग्रामीणों को भी साथ लाया गया है, जिससे पूछताछ की जा रही है। गौरतलब है कि दो अवैध खनन के मामले में हुई जांच के बाद विजय हांसदा केस मामले में नया मोड़ आया है।

- पहले दिन सीबीआई ने दाहू यादव के घर छापा मारा
- दूसरे दिन नींबू पहाड़ पहुंच दो अवैध खदानों की जांच की
- तीसरे दिन विजय हांसदा के घर पहुंच जुटाई जानकारी

# हाईकोर्ट : विष्णु अग्रवाल की जमानत अर्जी पर सुनवाई पांच जनवरी को

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट में बरियातू रोड स्थित चेशायर होम रोड के एक एकड़ जमीन खरीद मामले में जेल में बंद न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल की दायर जमानत अर्जी पर सुनवाई अब पांच जनवरी को होगी। यह मामला गुरुवार को जस्टिस दीपक रोशन की कोर्ट में सूचीबद्ध था। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से बहस पूरी हो चुकी है और अब ईडी की ओर से बहस की जा रही है।




18 सितंबर को ईडी कोर्ट ने विष्णु अग्रवाल की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। इसके बाद उनकी ओर से हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की गई है। 31 जुलाई की रात 10:00 बजे ईडी ने विष्णु अग्रवाल से पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया था। विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। इस मामले में विष्णु अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हो चुका है।

## BRIEF NEWS

### दहेज हत्या को दोषी पति और सास को 10 वर्ष कारावास की सजा

**PALAMU :** जिला व्यवहार न्यायालय के पंचम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अभिमन्यु कुमार की अदालत ने गुरुवार को दहेज हत्या के दोषी पति और सास को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इनमें जिले के तरहसी थाना के ओझापतरा निवासी पति निरंजन साव, सास मनीता देवी शामिल हैं। दोनों के खिलाफ पांच वर्ष पहले 08 अप्रैल, 2018 को भा.द.वि. की धारा 304 बी, 120 बी के तहत कांड संख्या 27/2018 दर्ज किया गया था। निरंजन ने मां के साथ मिलकर पत्नी खुशबू कुमारी को दहेज में दो लाख नकदी, सिलाई मशीन तथा वाशिंग मशीन नहीं लाने के कारण मिट्टी तेल डालकर जला दिया था। खुशबू को सदर अस्पताल डालटनगंज ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। अदालत में साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए खुशबू कुमारी के पति व सास को सजा सुनाई।

### यात्री बस की चपेट में आने से बाइक सवार छात्र की मौत

**GUMLA :** बसिया- कोनबीर ऊपर चौक में शिव चरण नामक एक यात्री बस की चपेट में आने से कोनबीर भंडार टोली निवासी बाईक सवार सुनील सोरेंग (16) की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि रांची की ओर से आ रही शिवचरण नामक यात्री बस गुरुवार दोपहर जैसे ही कोनबीर ऊपर चौक पहुंची सामने से आ रहे बाइक सवार सुनील सोरेंग अचानक बस के बीचो बीच जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थीं कि बाइक बस के बीचोबीच जा फंसा और मौके पर ही सुनील ने दम तोड़ दिया। मृतक सुनील संत जोसफ उच्च विद्यालय कोनबीर नवाटोली में दसवीं कक्षा का छात्र था। सैलून जाने की बात कह कर वह घर से निकला था।

### बोकारो में मिला व्यक्ति का शव, जांच में जुटी पुलिस

**BOKARO :** जिले के बेरमो में दामोदर नदी के किनारे से एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना ग्रामीणों ने गुरुवार सुबह पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। घटना बेरमो अनुमंडल के तेनुघाट ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत तेनुघाट दो नंबर छठ घाट की है। शव की पहचान परमेश्वर यादव उर्फ डोयान (50) साकिन नैनाटांड़ निवासी के रूप में की गयी है। मामले में थाना प्रभारी आशीष कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान कर ली गयी है। पोस्टमार्टम के बाद शव मृतक के परिवार को सौंप दिया जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद मामले को लेकर कार्रवाई की जाएगी।

### लोहरदगा में जरूरतमंदों के बीच हुआ कंबलों का वितरण




**LOHARDAGA :** झालसा तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल के मार्गदर्शन में एवं जिला प्रशासन लोहरदगा के समन्वय से करचा टोली एवं सदर अस्पताल लोहरदगा में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। करचा टोली स्थित आदिवासी जनजातीय वृद्ध, दिव्यांग जनों एवं महिलाओं के बीच कंबल वितरण के पश्चात आउटरीच कार्यक्रम के तहत विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मोटर सड़क दुर्घटना के पश्चात क्या करना चाहिए सम्बंधी कानून की जानकारी वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी ने दी। अन्य अधिकारों के बारे में डालसा सचिव ने जानकारी दी। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों से लोगों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर डालसा सचिव राजेश कुमार, वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी, पूनम कुमारी, पीएलवी अफान खान, अजहर अंसारी एवं रोहित तमेरा आदि उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री एनोस एक्का की जमानत रद्द करने के लिए याचिका दायर

**RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट में पूर्व मंत्री और पारा टीचर मनोज कुमार हत्याकांड के दोषी एनोस एक्का की जमानत को गुरुवार को चुनौती दी गई है। मृतक के भाई और केस के सूचक संजय कुमार ने हाईकोर्ट में अपने अधिवक्ता अभय मिश्रा के माध्यम से क्रिमिनल मिसलिनियस पिटीशन (सीआरएमपी) दाखिल कर कोर्ट से यह गुहार लगायी है कि एनोस एक्का की जमानत रद्द की जाए। याचिका में संजय कुमार ने कहा है कि एनोस एक्का को हाईकोर्ट ने इस शर्त पर जमानत दी थी कि वह अपना पासपोर्ट कोर्ट में जमा करेंगे और गवाहों को परेशान नहीं करेंगे लेकिन जेल से बाहर आने के बाद वह जमानत की शर्तों का उल्लंघन कर रहे हैं। साथ ही इस केस से जुड़े एक गवाह पर पीएलएफआई उग्रवादियों ने हमला कर दिया।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में एनोस एक्का को पारा टीचर मनोज कुमार की हत्या में दोषी करार दिया गया था। वर्ष 2019 में उन्हें हाईकोर्ट से बेल मिली थी।

## एमबी जयप्रकाश को हटाने का मामला स्वास्थ्य मंत्री के आदेश पर लगी रोक

**RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट में रिम्स के प्रिंसिपल इंचार्ज, डेंटल कॉलेज रहे एमबी जयप्रकाश को पद से हटाए जाने को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई गुरुवार को हुई। जस्टिस दीपक रोशन की कोर्ट ने एमबी जयप्रकाश को प्रिंसिपल इंचार्ज, डेंटल कॉलेज, रिम्स के पद से हटाए जाने के आदेश पर रोक लगा दी है। इससे पूर्व याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता तानिया सिंह ने कोर्ट को बताया कि बिना नियम के पालन करते हुए एमबी जयप्रकाश को पद से हटा दिया गया एवं उनकी जगह नरेंद्र नाथ को प्रिंसिपल इंचार्ज के पद पर लाया गया है, जो गलत है। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री के पत्र के आलोक में एमबी जयप्रकाश को प्रिंसिपल इंचार्ज के पद से हटाया गया, जो सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट के खिलाफ है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता की दलील सुनने के बाद एमबी जयप्रकाश को पद से हटाए जाने के आदेश पर रोक लगाते हुए मामले की अगली सुनवाई फरवरी 2024 में निर्धारित की है।

# निर्माण कार्य में लगी पोकलेन और ट्रैक्टर में उग्रवादियों ने लगाई आग

**PHOTON NEWS LOHARDAGA :** प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया के उग्रवादियों ने निर्माण कार्य में लगी कई मशीनों में आग लगा दी।

घटना को लेकर जिला पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। आगजनी की घटना बुधवार देर रात जिले के कैरो थाना क्षेत्र के एडादोन के पास हुई है। यहां नंदिनी नहर के मरम्मत कार्य लगी एक पोकलेन मशीन और एक ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया है। घटना को अंजाम देने के बाद नक्सली मौके से फरार हो गये। पुलिस घटना में शामिल नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चला रही है।


घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस। ● फोटोन न्यूज

बताया जाता है कि इस घटना से निर्माण कार्य एजेंसी को करोड़ों का नुकसान हुआ है। लगभग 39 करोड़ की लागत से इस नहर की मरम्मत का कार्य चल रहा है। पीएलएफआई के एरिया कमांडर कृष्ण यादव के दस्ते द्वारा घटना को अंजाम दिये जाने की बात कही जा रही है। कुछ समय पहले नक्सलियों ने निर्माण कार्य में लगी एजेंसी को लेवी के लिए धमकी दी थी।

घटना की सूचना मिलने के बाद डीएसपी परमेश्वर प्रसाद इंस्पेक्टर मंटू कुमार सहित अन्य पुलिस के अधिकारी गुरुवार सुबह घटनास्थल पर पहुंचे।

वहां नंदिनी डैम के नहर मरमती का काम कर रहे लॉड्र्स इंफ्रा कान प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कर्मियों ने बताया कि रात के समय उग्रवादियों ने उन्हें सोते से जगाया और कहा कि यहां मौजूद मशीनों में आग लग रहे हैं। कोई भी आग बुझाने का प्रयास किया तो गोली मार दी जाएगी। आग लगाने के बाद उग्रवादी चले गए। उग्रवादियों ने इस कंपनी के अधिकारियों को इसके पहले लेवी देने को कहा था, जिसकी सूचना कंपनी ने कैरों थाना को भी दिया था। लेकिन पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से उग्रवादियों ने फिर इस घटना को अंजाम दिया है।

लोहरदगा एसपी हारीश बिन जमां ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि उग्रवादियों की धरपकड़ को लेकर अभियान तेज कर दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की प जांच कर रही है और जो भी दोषी होंगे उन्हें बक्सा नहीं जाएगा।

## अच्छे कार्य-संस्कृति से होता है सद्भावपूर्ण वातावरण का निर्माण : सीपी राधाकृष्णन



**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि अच्छी कार्य-संस्कृति से सद्भावपूर्ण वातावरण का निर्माण होता है। इससे निवेश को बढ़ावा मिलता है। निवेश के बढ़ने से विकास तो होता ही है, साथ में रोजगार भी मिलता है। प्रशिक्षु सहायक योजना पदाधिकारियों को कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को समझ कर उसके अनुरूप योजनाएं बनायें।

राज्यपाल गुरुवार को राज भवन में प्रशिक्षु सहायक योजना पदाधिकारियों के साथ संवाद स्थापित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को समझ कर उसके अनुरूप योजनाएं बनायें, ताकि विकास की गति तेज हो सके। यह संभव है कि बहुत सारी समस्याएं समान होंगी लेकिन अलग-अलग क्षेत्रों में कुछ समस्याएं अलग-अलग भी हो सकती हैं, उन पर भी ध्यान आकृष्ट करें।

उन्होंने कहा कि राज्य के विकास में योजना विभाग की भूमिका बहुत ही अहम हो जाती है क्योंकि योजना एवं विकास विभाग वित्त विभाग से सम्बद्ध है और उनके द्वारा बनाई गई योजना पर वित्त विभाग द्वारा बजट संबंधी कार्य को आगे बढ़ाया जाता है। राज्यपाल ने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# गिरिडीह में बाइक चोर गिरोह का सरगना सहित दो गिरफ्तार, चार बाइक बरामद

**PHOTON NEWS GIRIDIH :** पुलिस ने चार बाइक बरामद करने के साथ गिरोह के मुख्य अपराधी राजकुमार गोस्वामी और गिरोह के रिसिवर सह खरीदार फिलिप मुर्मु को गिरफ्तार किया है। गिरोह के जिस अपराधी राजकुमार गोस्वामी को नगर थाना पुलिस ने दबोचा। वह पहले बगोदर के प्रतिबंधित संगठन एनएसपीएम और उसके सरगना उमेश गिरि के गिरोह से भी जुड़ा हुआ था। कुछ महीनों तक उमेश गिरि के साथ रहकर मिलकर अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के बाद फिर से बाईक चोरी की घटना को अंजाम देना शुरू कर दिया।

नगर थाना प्रभारी राम नारायण चौधरी ने गुरुवार को बताया कि राजकुमार गोस्वामी देवघर के चितरा थाना क्षेत्र के अलकवारा गांव का रहने वाला है। जबकि खरीदारी से रिसिवर फिलिप मुर्मु भी चितरा थाना क्षेत्र के बागजोरिया गांव का रहने वाला है। थाना प्रभारी चौधरी ने बताया कि मंगलवार की शाम राजकुमार गोस्वामी को गुप्त सूचना के आधार पर शहर के एलआईसी कार्यालय के समीप से उस वक्त दबोचा गया। जब राजकुमार गोस्वामी बाईक चोरी करने के प्रयास में था।


बराम चोरी की बाइक। ● फोटोन न्यूज

इसी दौरान सिविल ड्रैस में तैनात पुलिस जवानों ने राजकुमार गोस्वामी को दबोचा। पूछताछ के बाद राजकुमार गोस्वामी के निशानदेही पर देवघर के बागजोरिया गांव स्थित उसके घर में छापेमारी कर फिलिप मुर्मु को दबोचा गया और फिलिप मुर्मु के निशानदेही पर बागजोरिया गांव से सटे सोनातार गांव पुआल के ढेर में छिपाकर रखे गए हीरो कंपनी के चार बाइक को बरामद किया गया।

थाना प्रभारी ने बताया किराजकुमार गोस्वामी ने कुछ दिनों पहले शहर के अलग-अलग स्थानों से हीरो कंपनी के चार बाइक की चोरी कर रिसिवर सह खरीदार फिलिप मुर्मु को बेचा था। क्योंकि शहर से चोरी करने के बाद राजकुमार गोस्वामी हर बाईक को फिलिप मुर्म को पांच हजार में बेंच दिया करता था। पुलिस ने जिन चार बाईक को बरामद करने में सफलता पाया है। उसमें हीरो कंपनी का स्पलेंडर प्लस, ग्लैमर शामिल है।

## पुलिस ने की कार्रवाई : धनबाद स्टेशन पर 11 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**PHOTON NEWS DHANBAD :** धनबाद स्टेशन से 11 किलो गांजा के साथ बुधवार को दो तस्कर पकड़े गए। बरामद गांजे का मूल्य करीब 1.1 लाख रुपए है। आरपीएफ के एसआई पालिक मिंज, कुंदन कुमार व जवानों ने गश्ती के दौरान प्लेटफॉर्म 8 के निकास द्वार के पास दो व्यक्तियों को संदिग्ध स्थित में देखा। एक के पास काले-लाल रंग का पुराना पिट्ठू बैग और दूसरे के पास पुराना हरे रंग का कपड़े का थैला था।

उनकी जांच करने पर प्लास्टिक के पैकेट में लपेटकर रखा 11 पैकेट गांजा बरामद हुआ। आरपीएफ टीम ने गांजे के साथ पकड़े गए बिहार के भोजपुर निवासी ब्रह्मानंद मिश्रा और मोहित कुमार को पूछताछ के जीआरपी के हवाले कर दिया। दोनों ने बताया कि वे ओडिशा के संबलपुर से एलेप्पी एक्सप्रेस से गांजा लेकर आए थे। यहां से किसी ट्रेन से बिहार जाने की कोशिश में थे, लेकिन उसके पहले ही पकड़े गए। जीआरपी केस दर्ज कर उनके नेटवर्क की जांच कर रही है।


गिरफ्तार आरोपियों की जानकारी देती पुलिस।। ● फोटोन न्यूज

# पांकी बराज की लागत 866.11 करोड़ दो शर्त पूरी नहीं होने से लटका कार्य

**PHOTON NEWS PALAMU :** विधानसभा सत्र में पांकी विधायक डा. शशिभूषण मेहता ने गुरुवार को अमानत पांकी बराज से संबंधित सवाल सरकार से पूछा। इसके जवाब में विभागीय मंत्री ने कहा कि एकीकृत बिहार के समय वर्ष 1973 में 41.67 करोड़ रुपये की लागत से शुरू किए गए पांकी बराज निर्माण कार्य की लागत वर्तमान में 866.11 करोड़ हो गई है। वहीं, भारत सरकार से 21 शर्तों के साथ स्टेज-1 क्लीयरेंस प्राप्त है, जिसमें 19 शर्तों का अनुपालन किया जा चुका है। शेष दो शर्त की कार्रवाई पूरी नहीं होने के कारण कार्य लटका है।

विधायक डा. मेहता ने पूछा था कि पांकी स्थित अमानत नदी पर बराज निर्माण के लिए एकीकृत बिहार में 41.67 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। झारखंड राज्य पुनर्गठन के बाद वर्ष-2021 से इस योजना बराज हेतु तृतीय पुनरीक्षित प्राक्कलन की प्रशासनिक स्वीकृति सरकार के समक्ष लंबित है। वहीं, कार्यलंबित होने के कारण इस योजना में लगे अधिकतर उपकरण अनुपयोगी हो चुके हैं।

सरकार ने जवाब में कहा है कि वर्ष 2003 में लागत 341.10 करोड़ थी, जिसके आलोक में अब तक मुख्य नहर 90 व वितरणी कार्य 10 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। वर्तमान में योजना के लिए 866.11 करोड़ रूपए के तृतीय पुनरीक्षित प्राक्कलन की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। वहीं, दो शर्त जो पूरी नहीं की गई है, उनमें क्षतिपूरक वनरोपण हेतु प्रस्तावित गैर वनभूमि का के 10 गांवों में से एक गांव नावाबाजार प्रखंड के चेचरिया में ग्रामीणों के विरोध के कारण सीमांकन का कार्य बाधित होना है। वहीं, दूसरा कार्य पर्यावरण क्लीयरेंस के क्रम में परामर्शी द्वारा तैयार प्रपोजल पर अग्रेतर कार्रवाई होना है।

# उपराष्ट्रपति के अपमान के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाला आक्रोश मार्च

**PHOTON NEWS KHUNTI :** संसद परिसर में इंडिया गठबंधन के नेताओं द्वारा उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के किये गये अपमान को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को आक्रोश मार्च निकाला और प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्य की हेमंत सरकार की जनविरोधी नीति तथा यहां व्याप्त भय, भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण, हत्या, अनाचार आदि के लिए हेमंत सरकार को जिम्मेवार बताते हुए सरकार को अविलंब बर्खास्त करने की मांग की।

नेताजी चौक से भगत सिंह चौक तक निकाले गए आक्रोश मार्च में पार्टी के झंडा-बैनर के साथ शामिल भाजपा कार्यकर्ता उप राष्ट्रपति का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, राहुल गांधी मुदार्बाद, शर्म करो शर्म करो राहुल गांधी शर्म करो आदि नारे लगा रहे थे। मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष ने कहा कि आए दिन राज्य में लूट, अपहरण, बलात्कार, चोरी, डकैती की घटनाएं अखबारों की सुर्खियां बन रही हैं। राज्य में अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है कि अब जेल में भी हत्या जैसी वारदात होने लगी है। ऐसी भ्रष्ट और निकम्मी सरकार को तुरंत बर्खास्त करना चाहिए। जिला उपाध्यक्ष कैलाश राम ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री ही राज्य में कानून का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन कर रहे हैं।



प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता। ● फोटोन न्यूज

ऐसे में इस सरकार को बने रहने का कोई औचित्य नहीं है। आक्रोश प्रदर्शन के बाद राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा गया। आक्रोश मार्च में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संजय साहू, कोषाध्यक्ष लव चौधरी, सोशल मीडिया के रूपेश जायसवाल, शिवम कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

### मारपीट की घटना में घायल व्यक्ति संजय सिंह की इलाज के दौरान रांची के रिम्स में हुई मौत

# आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क जाम

**PHOTON NEWS KODERMA :** संजय सिंह की हत्या के आरोपियों की गिरफ्तार करने की मांग को लेकर गुरुवार को तिलैया थाना के सामने सड़क जाम किया गया। मृतक संजय सिंह के परिजन और मुहल्ले के लोग सड़क जाम में शामिल थे जो लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे।

तिलैया थाना अंतर्गत विगत 15 दिसंबर की रात्रि में गांधी स्कूल रोड स्थित मास्टर मोहल्ला में रास्ता विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में घायल व्यक्ति संजय सिंह की रांची के रिम्स में इलाज के दौरान बुधवार को मौत हो गई थी। घटना के बाद आरोपित परिवार सहित घर में ताला लगाकर फरार हो चुके थे।


सड़क जाम कर विरोध-प्रदर्शन करतीं महिलाएं।। ● फोटोन न्यूज

मामले को लेकर 15 दिसंबर को थाना में दो अलग-अलग प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी, जिसमें प्रथम प्राथमिकी में संगीता सिंह ने प्रेम कपूर, राज कपूर, दोनों के पिता सेवानिवृत्त पुलिस निरीक्षक कैलाश प्रसाद यादव एवं सोनू कुमार को अभियुक्त बनाते हुए मामला दर्ज कराया था।

वहींदूसरे पक्ष के प्रेम कपूर ने भी संजय सिंह सहित आठ अन्य लोगों पर छेड़खानी, मारपीट एवं छिनतई को लेकर मामला दर्ज कराया गया था। इधर गम्भीर रूप से घायल संजय सिंह की इलाज के दौरान बुधवार को रिम्स में मौत हो गई। इस बड़ी घटना के बाद भी आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हुई।

मृतक संजय सिंह का शव गुरुवार को तिलैया पहुंचा, जिसके बाद लोगों ने इंसाफ की गुहार लगाते हए सड़क जाम कर दिया। देर शाम को कोडरमा एसडीओ संदीप मीणा, डीएसपी प्रशिक्षु दिवाकर कुमार वहां पहुंचे पर आक्रोशित परिजन एसपी के आने की मांग कर रहे थे। इस दौरान जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष शालिनी गुप्ता भी वहां पहुंचीं और परिजनों से बातचीत की। इधर देर शाम आरोपियों को गिरफ्तार करने के आश्वासन पर सड़क जाम हटा लिया गया।

## दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष कारावास की सजा और 20 हजार जुर्माना

**PHOTON NEWS KHUNTI :** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एडीएसजे) संजय कुमार की कोर्ट ने मानसिक रूप से विक्षिप्त युवती के साथ दुष्कर्म के दोषी हानू कड़ाईन को दस वर्ष सश्रम कारावास की सजा और 20 हजार रुपये का अर्थदंड लगया है। उसके खिलाफ मुरहू थाने में कांड संख्या 50/18 में धारा 376 भादवि दर्ज किया गया था।

पुलिस के मुताबिक पीड़िता की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण उसके घरवाले उसे एक कमरे में छोड़कर काम धंधा करने जाते थे। आठ अगस्त, 2018 को हानू कड़ाईन ने पीड़िता को घर में अकेले पाकर कमरे का ताला तोड़कर घर में घुसकर उनके साथ दुष्कर्म किया था।

**जानलेवा हमले के दोषी को सात वर्ष कारावास की सजा:** एक अन्य मामले में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्यप्रकाश की अदालत ने तोरपा थाना कांड संख्या 57/16 में बिरसा प्रधान को धारा 307/326 भादवि में सात वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है तथा पांच हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। दोनों ही मामलों में अभियोजन की तरफ से सहायक लोक अभियोजक निशि कच्छप ने न्यायालय में बहस की।

BRIEF NEWS

## मुख्यमंत्री ने क्रिकेटर रॉबिन मिंज को दी बधाई

**RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को झारखंड विधानसभा में राज्य के उभरते हुए स्टार क्रिकेट खिलाड़ी रॉबिन मिंज ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में गुजरात टाइटंस टीम का हिस्सा बनने पर रॉबिन मिंज को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा मिठाई खिलाकर उनका हौसला बढ़ाया। रॉबिन मिंज आदिवासी समुदाय के उभरते हुए क्रिकेट खिलाड़ी हैं तथा गुमला जिला के रहने वाले हैं। आईपीएल ऑक्शन 2024 में गुजरात टाइटंस फ्रेंचाइजी ने रॉबिन मिंज को विकेट कीपर बल्लेबाज के तौर पर टीम में शामिल किया है।

## शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**RANCHI :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची स्टेशन से 51000 का शराब जब्त करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में बिहार के बरौनी निवासी विपुल कुमार और दिव्यांशु कुमार शामिल है। इनके पास से अलग-अलग ब्रांड के 24 शराब की बोतले बरामद की गई है। आरपीएफ मंडल सुरक्षा आयुक्त इंचार्ज पवन कुमार ने गुरुवार को बताया कि ऑपरेशन सतर्क के तहत गुप्त सूचना के आधार पर मौर्य एक्सप्रेस के रांची स्टेशन पहुंचने पर ट्रेन के अंदर बोगी में संदेहास्पद अवस्था में दो बैग को देखा गया । सूचना के बाद रांची पोस्ट के आरपीएफ उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई । जांच करने पर बैग के अंदर से शराब बरामद किया गया। मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार दोनों आरोपितों ने अवैध तरीके से ट्रेन में शराब ले जाने की बात कबूला है। बरामद शराब की कीमत का बाजार मूल्य लगभग 51000 बताया जा रहा है।

## निगम के दो वार्डों में 46 आवेदनों का हुआ निबटारा

**RANCHI :** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को रांची नगर निगम की ओर से दो वार्डों में शिविर लगाया गया। इनमें वार्ड नंबर 45 और वार्ड नंबर 46 में कुल 46 आवेदनों का निपटारा ऑन स्पॉट किया गया। इसके अलावा दोनों वार्ड में जरूरतमंदों के बीच कुल 190 कंबल का वितरण भी किया गया। अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने बताया कि शिविर में होल्डिंग, ट्रेड, जन्म-मृत्यु निबंधन, जल कर भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन लिया गया। सभी शहरवासी निगम स्तर के सेवाओं का लाभ इन शिविरों में आ कर ले सकते है।

## क्रिसमस पर राज्यकर्मियों को 21 से मिलेगा वेतन

**RANCHI :** राज्य सरकार ने 25 दिसंबर को होने वाले क्रिसमस त्योहार को देखते हुए राज्यकर्मियों को दिसंबर माह का वेतन 21 दिसंबर गुरुवार से ही देने का निर्णय लिया है। वित्त विभाग ने इस संबंध में गुरुवार को आदेश जारी कर दिया है। इस संबंध में राज्यपाल सचिवालय, विधानसभा सचिवालय, झारखंड उच्च न्यायालय, झारखंड सचिवालय के अधिकारियों कर्मियों को वेतन देने के लिए कोषागार पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश भी दे दिए गए हैं। झारखंड हाई कोर्ट के महानिबंधक

## प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट 151 जोड़ों का कराएगा विवाह

**RANCHI :** पुंदाग में निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर सभागार में छह जनवरी से नौ जनवरी तक श्रीमद्भागवत कृष्ण कथा होगी। भागवत भास्कर स्वामी सदानंद महाराज सुमधुर वाणी में रांची वासियों को गीता प्रवचन श्रीमद्भागवत कृष्ण कथा और भजनों के साथ सत्संग का रसपान कराएंगे। आयोजन को लेकर उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने गुरुवार को बताया कि इस दौरान 151 जोड़ों का आदर्श सामूहिक विवाह भी होगा। सात जनवरी को निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर प्रांगण में सुबह आठ बजे से दोपहर 2 तक आदर्श सामूहिक विवाह होगा। कार्यक्रम का आयोजन श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति और श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट की ओर से किया जा रहा है।


atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776


# विधायक के इलाज के लिए सहयोग करें : स्पीकर

## भाजपा विधायक ढुलू महतो ने सिंदरी इंद्रजीत महतो के इलाज का मामला उठाया

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को 12:30 बजे सदन शुरू होते ही भाजपा के ढुलू महतो ने सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो के इलाज का मामला उठाया। स्पीकर से आग्रह किया कि उनका हैदराबाद में लंबे समय से चल रहा है। उनका इलाज रुकना नहीं चाहिए। इस पर स्पीकर ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष से भी इस पर बात हुई है। उनका ध्यान सदन को है। नीलकंठ सिंह ने इंद्रजीत के मामले में सभी विधानसभा सदस्यों को सहयोग करना चाहिए। इस पर स्पीकर ने इसे अच्छा सुझाव बताते कहा कि जिनसे जो बन पड़े, वे मिलकर सहयोग करें।

इस बीच प्रदीप यादव ने फिर से बाबूलाल का मसला उठाते कहा कि उन पर अवमानना का मामला चले। इस पर स्पीकर ने कहा कि वे इस मामले को देख रहे हैं। मंत्री आलमगीर आलम ने भी सदन से बाहर बाबूलाल द्वारा सदन पर टिप्पणी को लेकर निराशा जताई। सरफराज अहमद ने भी कहा कि बाबूलाल मरांडी काफी वरिष्ठ नेता हैं, फिर भी वे ऐसा कर रहे हैं। इस पर स्पीकर ने कहा कि सब नियमानुकूल होगा।




### बाबूलाल को साल सालों से बोलने का मौका नहीं दिया : सीपी

भाजपा विधायक सीपी सिंह ने कहा कि बाबूलाल मरांडी को साल सालों से सदन में बोलने का मौका नहीं दिया गया। बुधवार 20 दिसंबर को भी सदन में बोलने को उन्होंने तीन बार हाथ उठाया पर मौका नहीं मिला। सीपी सिंह ने स्पीकर से कहा कि आखिर उनके मन में बाबूलाल को लेकर क्या भावना है, वे नहीं जानते। जब सदन में बोलने का मौका बाबूलाल को नहीं मिला तो मीडिया ने उनसे इस संबंध में पूछा। इस क्रम में उन्होंने अपनी पीड़ा जताई। आखिर कहीं तो वे अपनी बात रखेंगे। इस दौरान भाजपा विधायक स्पीकर के सामने आकर हंगामा करते रहे। स्पीकर ने उनसे आसन पर जाने का आग्रह किया। अंततः निराश होते हुए स्पीकर ने सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे ठीक पहले विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच सदन के पटल पर वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने एजी की रिपोर्ट रखी।

**उच्च शिक्षा में लड़कियों की भागीदारी कम होने का मामला उठाया :** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन भोजनावकाश के बाद दोपहर दो बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो इस दौरान सदन में गैर सरकारी संकल्प लाए गए। विधायक विनोद सिंह ने राज्य में उच्च शिक्षा में लड़कियों की भागीदारी कम होने पर चिंता जताई। सरकार से इसके लिए लड़कियों को हर माह 2000 रुपये परिवहन भत्ते के तौर पर देने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार हर जिला मुख्यालय, विधानसभा क्षेत्र में भी अगर डिग्री कालेज खोल देगी तब भी लड़कियों के लिए समस्या बनी रहेगी। ऐसे में परिवहन भत्ता सरकार दे। यदि ग्राम गाड़ी योजना का ठीक से लाभ ना मिला तो सरकार इस बजट में या अगले वित्तीय वर्ष में प्रावधान करे।

इस पर प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने भरोसा दिया कि ग्राम गाड़ी योजना राज्य में शुरू होने से लड़कियों को फायदा होगा। हर पंचायत, गांव को कवर करते रूट तय होगा। इसके अलावा तकनीकी, गैर तकनीकी विषय के स्टूडेंट के लिए छात्रवृत्ति योजना और अन्य प्रावधान भी किए गए हैं। सरकार को पूरा भरोसा है कि ऐसे प्रयासों से लड़कियों को और उच्च शिक्षा में उन्हें प्रोत्साहित करने में सफलता मिलेगी।

## 1932 के खतियान से वंचित लोगों के लिए सरयू राय ने रखी बात



**PHOTON NEWS RANCHI :** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने झारखंड विधानसभा सत्र के शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन 1932 के खतियान और इसके बाद से लेकर वर्ष 2000 में झारखंड गठन के बीच यहाँ आने वाले लोगों के लिए निजी संकल्प रखा। निजी संकल्प के रूप में सदन में उन्होंने निजी अभिस्ताव विचारार्थ रखा जिस पर संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने उत्तर भी दिया। यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि झारखण्ड राज्य में स्थानीय नीति निर्धारित करने में 1932 खतियान का समावेश करने के साथ ही 1932 से 2000 और 2000 से 2023 के बीच की अवधि के सामाजिक-आर्थिक-औद्योगिक एवं वैधानिक परिदृश्यों के परिणामों पर भी विचार किया जाय और एतद्संबंधी निर्णयों में निदेशित बिन्दुओं को इसका अंग बनाया जाय। बिहार पुनर्गठन अधिनियम-2000 के प्रावधानों, झारखण्ड उच्च न्यायालय मुकदमा संख्या-डब्ल्यूपी (पीआईएल)-4050/2002 एवं डब्ल्यूपी (पीआईएल)-3912/2002 में पांच जजों की खंडपीठ के निर्णय में विहित निदेशों और आर।आई। कोहले बनाम तमिलनाडु सरकार मुकदमा में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के नौ जजों की संविधान पीठ के 2007 के फैसले की भावना पर विचार किया जाय। इसके बिना बनाई जानेवाली झारखण्ड की स्थानीय नीति संविधान के सुसंगत प्रावधानों के अनुरूप नहीं होगी तो पूर्व की भांति न्यायिक समीक्षा में इसके खारिज होने का असर अंततः राज्य के युवाओं के भविष्य पर पड़ेगा और वे ससमय नियोजन से वंचित होते रहेंगे। सरयू राय ने अभिस्ताव पर विस्तार से विषय रखा।

# राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने रांची में धुर्वा डैम सहित सभी 24 जिलों में किया मॉक ड्रिल

### मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपदा के समय अपनी तैयारी को पुख्ता रखना : बीरेंद्र ठाकर

**PHOTON NEWS RANCHI :** राजधानी के धुर्वा डैम सहित राज्य के सभी 24 जिलों में गुरुवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से बाढ़ में फंसे लोगों को रेस्क्यू कर उन तक रिलीफ पहुंचाने, चिकित्सीय सुविधा पहुंचाने तक सभी विभाग कैसे आपस में समन्वय बनाकर राहत एवं बचाव कार्य करें, इसी को लेकर धुर्वा डैम में मॉक ड्रिल किया गया। मॉक ड्रिल राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के ब्रिगेडियर बीरेन्द्र ठाकर के मार्गदर्शन में किया गया। मौके पर बीरेन्द्र ठाकर ने कहा कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य सभी विभाग आपदा के पूर्व एवं आपदा के समय अपनी तैयारी को पुख़्ता रखने का है, ताकि जान माल को कम से कम नुकसान हो और किसी भी आपदा के लिए हमारी तैयारी पूरी हो। आपदा प्रबंधन विभाग के उप सचिव राकेश कुमार ने कहा कि मॉक ड्रिल का मकसद है कि किसी भी आपदा के दौरान सभी विभागों को मिलकर कैसे काम करना चाहिए। आपदा के दौरान बचाव, पुनर्वास और बुनियादी ढांचे को बहाल करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। जान और माल का कम से कम नुकसान हो, जीरो कैजुअल्टी हो। एक मान्यता है कि आप जितना शांत समय में पसीना बहाते हैं, आपदा के दिनों में उतना कम नुकसान होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए हम ये मॉक ड्रिल कर रहे हैं। अभ्यास से ही निपुणता आती है। इसलिए अभ्यास करते रहना जरूरी है। बाढ़ में फंसे लोगों को किस तरह रेस्क्यू किया जाये, इसका मॉक ड्रिल किया गया। एनडीआरएफ की टीम द्वारा बाढ़ के सिचुएशन को दशार्या गया और उसमें फंसे लोगों को विभिन्न तरीकों द्वारा कैसे बचाया जाएगा, इसका एक लाइव डेमो कर बताया गया। रेस्क्यू के दो तरीकों ड्राई रेस्क्यू और वेट रेस्क्यू की जानकारी दी गई।



राजधानी के धुर्वा डैम में मॉक ड्रिल करता राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण।

# स्कूली छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए तैयार हुआ साथी पोर्टल

### 720 से अधिक वीडियो व्याख्यान व 60 हजार प्रश्नों के संग्रह का लाभ ले सकते हैं छात्र

**PHOTON NEWS RANCHI :** 12वीं की परीक्षा पास करने के बाद अधिकांश स्कूली छात्र मेडिकल और इंजीनियरिंग की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर संबंधित शिक्षण संस्थानों में दाखिला लेने को प्राथमिकता देते हैं लेकिन आर्थिक कारणों से कई बच्चे इन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पूरी नहीं कर पाते है। ऐसे छात्रों को इन प्रतियोगी परीक्षाओं में मार्गदर्शन के लिए शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने 'साथी' (सेल्फ असेसमेंट टेस्ट एंड हेल्प फॉर एंट्रेंस एग्जाम) पोर्टल बनाया है। यह कृत्रिम बुद्धिमता पर आधारित लर्निंग प्लेटफार्म है, जो छात्रों को जेईई, मेडिकल समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में मार्गदर्शन प्रदान करता है। इस पोर्टल के माध्यम से छात्र ऑनलाइन लाइव सेशंस, क्रैश कोर्स, स्वतः मूल्यांकन के लिए 60,000 से अधिक प्रश्नों एवं 720 से अधिक वीडियो लेक्चर्स का लाभ ले सकते हैं। इस पोर्टल के माध्यम से छात्र कई ई-स्टडी मैटेरियल्स भी प्राप्त कर सकते हैं। साथी पोर्टल पर छात्रों को जेईई और अन्य इंजीनियरिंग प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए आईआईटी टॉपर्स, शिक्षाविदों और विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार किये गए जेईई के 45 दिनों के क्रैश कोर्स का फायदा भी मिलता है।

### आईआईटी कानपुर ने तैयार किया है प्लेटफार्म

कृत्रिम बुद्धिमता पर आधारित इस वृहद लर्निंग प्लेटफार्म को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर के विशेषज्ञों ने तैयार किया है। इस प्लेटफार्म पर छात्रों को आईआईटी, एम्स समेत अन्य विषय विशेषज्ञों द्वारा लाइव सेशंस, वीडियो कंटेंट एवं प्रश्नपत्र मिलते हैं। भौतिकी, रसायनशास्त्र, जीव विज्ञान, गणित जैसे विषयों से संबंधित 720 से अधिक वीडियो व्याख्यान एनसीईआरटी के नवीनतम पाठ्यक्रम के अनुसार मिलते हैं। इस प्लेटफार्म पर साप्ताहिक मॉक टेस्ट भी होता है। वेबिनार के माध्यम से छात्रों के तनाव को दूर करना एवं उनके प्रश्नों का जवाब भी इस प्लेटफार्म पर दिया जाता है।

### इंडिया गठबंधन के खिलाफ भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन

# स्पीकर पर सरकार के इशारे पर चलने का आरोप




आक्रोश पदर्शन में शामिल भारतीय जनता पार्टी के नेता-कार्यकर्ता।

**PHOTON NEWS RANCHI :** भारतीय जनता पार्टी रांची महानगर की ओर से गुरुवार को महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता के नेतृत्व में जिला स्कूल मैदान से उपायुक्त कार्यालय तक आक्रोश प्रदर्शन मार्च निकाला गया। इस दौरान भाजपा के हजारों कार्यकर्ता हाथों में सरकार विरोधी नारे लिखे तख्तियां एवं झंडे लेकर नारेबाजी करते हुए जुलूस के रूप में जिला स्कूल मैदान से उपायुक्त कार्यालय पहुंचे। साथ ही कार्यालय के समीप धरना भी दिया। मौके पर धरना को संबोधित करते हुए केके गुप्ता ने कहा कि इंडी अलायंस के द्वारा देश के उपराष्ट्रपति, राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के अपमान से पूरा ओबीसी एवं जाट समाज के साथ-साथ पूरा देश अपमानित महसूस कर रहा है। इंडिया एलायंस में शामिल भ्रष्टाचारियों की जमात ने कभी देश के आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का तो कभी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तो कभी उप राष्ट्रपति महोदय का अपमान कर देश को कलंकित किया है। इस अपमानजनक घटना के लिए इंडी एलायंस के पोस्टर बॉय राहुल गांधी को अविलंब देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। श्री गुप्ता ने झारखंड विधानसभा प्रकरण पर कहा कि झारखंड विधानसभा अध्यक्ष सत्ताधारी दल के इशारे पर भारतीय जनता पार्टी के विधायकों को अपमानित कर रहे हैं। जनता की आवाज उठा रहे विपक्ष के विधायकों को सदन से निलंबित करना झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता के आवाज को दबाने जैसा है।

# नियंत्रक महालेखा परीक्षक का झारखंड में डीबीटी प्रतिवेदन जारी, सुझाव के साथ दोषी अफसरों पर कार्रवाई की अनुशंसा

### राज्य में करोड़ों की फर्जी स्कॉलरशिप बांटी गई, पास-आउट को भी मिली छात्रवृत्ति

**PHOTON NEWS RANCHI :** भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक का झारखंड में डीबीटी प्रतिवेदन-2023 जारी किया गया। महालेखाकार कार्यालय में जारी किए जाने से पूर्व इसे राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र में भी प्रस्तुत किया गया। एकाउंटेंट जनरल ने डीबीटी के बेहतर उपयोग के लिए अपनी अनुशंसा भी दी हैं। इसमें एससी, एसटी, बीसी के छात्रवृत्ति के लिए सभी पात्र लाभार्थियों का इलेक्ट्रॉनिक्स डाटाबेस रखने को कहा है। गुरुवार को महालेखाकार अनुप फ्रांसिस डुंगडुंग ने इसे लेकर पीसी की। उन्होंने बताया कि छात्रवृति के नाम पर छह जिलों में एक करोड़ रुपये का फर्जी स्कॉलरशिप का वितरण किया गया। यह फर्जी वितरण उन संस्थानों से भी कर दिया गया जिन्होंने न तो खुद को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर पंजीकृत किया था और न ही पोर्टल पर लॉग इन करने के लिए उपयोगकर्ता प्रमाण-पत्र या क्रेडेंशियल प्राप्त किए थे। इस प्रकार, आवेदन सत्यापित करने वाले अधिकारियों की प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष भागीदारी के साथ फर्जी व्यक्तियों द्वारा छात्रवृत्ति की मंजूरी के लिए उपयोगकर्ता प्रमाण-पत्र और क्रेडेंशियल का दुरुपयोग किया गया।




पीसी कर जानकारी देते महालेखाकार अनुप फ्रांसिस डुंगडुंग।

### डीबीटी के माध्यम से हुई भारी गड़बड़ी

सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और छात्रवृत्ति योजनाओं में लक्षित उद्देश्यों और डीबीटी के सापेक्ष प्रभाव को प्राप्त करने की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, छह चयनित जिला चतरा, हजारीबाग, पूर्वी सिंहभूम, गोड्डा, पलामू और रांची में ऑडिट के लिए डाटा एकत्र किया गया। इसका उद्देश्य लाभार्थियों का डाटा प्राप्त करना और डीबीटी के प्रबंधन का पता लगाना था। इसमें 81 फर्जी लाभार्थियों को छात्रवृति के रूप में फर्जी तरीके से 5 ।20 लाख रुपए का वितरण किया है। ये लाभार्थी पांच जिलों से हैं। 365 अयोग्य छात्रों को छात्रवृत्ति की प्रतिपूर्ति के रूप में 22.79 लाख रुपए वितरित कर दिये गये।

### धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम संबंधी आवेदन दो सप्ताह में निष्पादित करने का निर्देश

# आवेदन पर पलामू डीसी 2 सप्ताह में लें निर्णय : हाईकोर्ट

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** पलामू में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री (बाबा बागेश्वर धाम सरकार) के 10 से 15 फरवरी 2024 के प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में दाखिल हनुमंत कथा आयोजन समिति की रिट याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने उपायुक्त पलामू को निर्देश दिया कि कार्यक्रम को लेकर हनुमंत कथा आयोजन समिति द्वारा दिए गए आवेदन को दो सप्ताह में निष्पादित करें अन्यथा पलामू उपायुक्त पर 25 हजार रूपए का जुमार्ना लगेगा। जुमार्ना राशि पलामू डीसी को हनुमंत कथा आयोजन समिति को देना होगा। कोर्ट में मामले में राज्य सरकार को छूट दी कि अगर कोई जवाब दाखिल करना चाहती है तो उसे दाखिल कर सकती है। अगली सुनवाई 5 जनवरी 2024 को होगी। इससे पहले सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पलामू उपायुक्त द्वारा कई कारणों से पूर्व में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम को रद्द किए जाने के बाद नए सिरे से पंडित धीरेंद्र शास्त्री का कार्यक्रम पलामू में अब फरवरी 10 से 15 फरवरी 2024 तक निर्धारित किया गया है। यह कार्यक्रम अब रैयती भूमि पर होगा, इसके लिए ग्राम सभा से अनुमति भी मिल गई है। पुराने कार्यक्रम स्थल जो नदी के किनारे पर था वहां पर उपायुक्त ने इकोलॉजिकल बैलेंस बिगड़ने की बात को लेकर कार्यक्रम रद्द कर दिया था लेकिन अब जो नया स्थल रैयती भूमि पर चयनित किया गया है, वहां इकोलॉजिकल बैलेंस बिगड़ने जैसी कोई बात नहीं है।




# जेल में बंद प्रेमप्रकाश की याचिका HC ने की खारिज

**RANCHI :** 1000 करोड़ रुपये के अवैध खनन से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में जेल में बंद चर्चित व्यवसायी प्रेम प्रकाश की ओर दाखिल क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने प्रेमप्रकाश की याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि अवैध खनन मामले में प्रेम प्रकाश की संलिप्तता प्रतीत होती है। हाईकोर्ट ने ईडी कोर्ट द्वारा उनके डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज किए जाने को सही ठहराया। बता दें कि ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने प्रेम प्रकाश के डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया था साथ ही उनके खिलाफ अदालत ने आरोप भी गठित कर दिया है। प्रेम प्रकाश ने खुद को निर्दोष बताते हुए ईडी कोर्ट द्वारा उनके डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने एवं उन पर आरोप गठित किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। उल्लेखनीय है कि प्रेम प्रकाश, पंकज मिश्रा और बच्चू यादव के खिलाफ ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोप पत्र पूर्व में ही दाखिल कर दिया है। मामले को लेकर इन तीनों आरोपियों के खिलाफ कांड संख्या ईसीआईआर 4/ 2022 दर्ज किया है।

### चीफ जस्टिस को महाधिवक्ता कार्यालय में दी गई विदाई

# समय की पाबंदी इंसान को बेहतर बनाती : संजय मिश्र




महाधिवक्ता कार्यालय में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते चीफ जस्टिस।

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र को महाधिवक्ता कार्यालय में फेयरवेल दिया गया। हाई कोर्ट के परिसर में गुरुवार को चीफ जस्टिस को ससम्मान विदाई दी गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। मौके पर चीफ जस्टिस ने कहा कि उन्हें अपने कार्यकाल में सभी साथी जजों और महाधिवक्ता कार्यालय समेत पूरे बार का सहयोग मिला। मैंने झारखंड के मुख्य न्यायिक सेवक के रूप में झारखंड की सेवा की। उन्होंने युवा वकीलों को यह सलाह दी कि समय की पाबंदी इंसान को बेहतर बनाती है।

महाधिवक्ता ने कहा कि झारखंड के सभी लोग जस्टिस संजय मिश्रा के कार्यकाल को याद रखेंगे।

THE PHOTON NEWS
04 www.thephotonnews.com
Friday, 22 December 2023

# गोली मारकर हत्या करने के आरोप में अमन शर्मा गिरफ्तार

## सुपारी देने वाले दो व्यवसाइयों को भी पुलिस ने दबोचा

**PHOTON NEWS SUNDARGARH:** पुलिस ने सुपारी लेकर एक व्यवसायी की हत्या करने के आरोप में सुंदरगढ़ के अमन शर्मा नामक युवक को गिरफ्तार किया है। सुंदरगढ़ और झारसुगुड़ा के दो व्यवसायियों ने ट्रांसपोर्टिंग के पैसे लेनदेन को लेकर 10 लाख रुपये के सुपारी दी थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुंदरगढ़ के उज्ज्वलपुर के व्यवसायी संतोष सिंह और झारसुगुड़ा के व्यवसायी रायपुर, छत्तीसगढ़ के संदीप कुमार के साथ ट्रांसपोर्टेशन का कारोबार करते थे। किसी कारण से दोनों पक्षों के बीच पैसे के भुगतान को लेकर विवाद हो गया। बाद में यह दोनो बिजनेसमैन ने संदीप की हत्या के लिए अमन शर्मा को 10 लाख रुपये की सुपारी दी। अमन रायपुर के लांबड़ी थाना क्षेत्र में संदीप को 2 राउंड गोली मारी । गोली लगने से संदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। तेलीबंधा पुलिस ने मौके से अमन को गिरफ्तार कर पूछताछ की। अमन के बयान और कबूलनामे के बाद छत्तीसगढ़ पुलिस ने सुंदरगढ़ और झारसुगुड़ा से दो कारोबारियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की।



# कोल्हान यूनिवर्सिटी शाखा कार्यालय में आजसू छात्र संघ ने की तालाबंदी

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** आजसू छात्र संघ ने गुरुवार को कोल्हान यूनिवर्सिटी शाखा कार्यालय में तालाबंदी की। इसलिए दौरान संघ के कार्यकताओं ने जमकर नारेबाजी की। संघ के कोल्हान अध्यक्ष हेमंत पाठक ने बताया कि कई दिनों से यूजी प्रथम वर्ष के छात्रों का पंजीयन तिथि बढ़ाने का मांग की थी। संघ की ओर से इस सम्बन्धमें वर्कर्स कॉलेज, एलबीएसएम कॉलेज, को ऑपरेटिव कॉलेज, ग्रेजुएट कॉलेज के माध्यम से कोल्हान यूनिवर्सिटी प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया था। लेकिन विश्वविद्यालय ने इस पर कोई संज्ञान नही लिया। अतः संघ यह बताना चाहता है कि हर कॉलेज में दर्जन भर छात्र पंजीयन का शुल्क देने के बाद भी पंजीयन से वंचित रह गए हैं।



आजसू छात्र संघ के कार्यकर्ता। ● फोटोन न्यूज

हेमंत ने बताया कि नामांकन से पूर्व ही पंजीयन का शुल्क और कागजात ऑनलाइन जमा ले लिए गए थे। विश्वविद्यालय की ओर से यह तर्क दिया गया था कि एडमिशन के बाद छात्र कॉलेज नहीं आते हैं, इसीलिए पंजीयन पहले ही करवा लिया जा रहा है, ताकि किसी भी छात्र का पंजीयन छूटे नहीं। इस दौरान साहेब बगती, राजेश महतो, कुंदन यादव, तानिया सिंह, गुलशन आरा, गोपाल नायक, निशा परवीन, रिया शर्मा, चंचल कुमारी, माली कुमारी, नंदनी कुमारी, रूपा कुमारी, अनिता कुमारी, आशुतोष कुमार, हरप्रीत सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

# डीसी अनन्य मित्तल ने सुपर चेकिंग के तहत विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने गुरुवार को सुपर चेकिंग के तहत झीकपानी, हाटगम्हरिया एवं टोंटो प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। झींकपानी प्रखंड में मतदान केंद्र संख्या 178, 179, 167 हाटगम्हरिया प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 231 एवं टोंटो प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 281 में बीएलओ के द्वारा प्रपत्र 6, प्रपत्र 7, प्रपत्र 8 के तहत आवेदनकर्ता के द्वारा भरे गए आवेदन की जाँच की गयी। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मतदान केंद्रों और आवेदनकर्ता के आवास में जाकर उनके द्वारा भरे गए आवेदन की जाँच की। जाँच में लगभग सभी आवेदन सही पाए गए हैं कुछ आवेदनों में त्रुटि पायी गई है। जिसमें संबंधित इछड और अफ्छ को स्पष्टीकरण किया गया है।



मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते उपायुक्त अनन्य मित्तल। ● फोटोन न्यूज

# वित्तीय गड़बड़ी मामले की जांच के लिए हाईकोर्ट ने तीन सदस्यीय एसआईटी गठित करने का दिया निर्देश

**PHOTON NEWS RANCHI :** जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन में हुई गड़बड़ी मामले में दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन में हुई वित्तीय गड़बड़ी की जांच को लेकर तीन सदस्यीय एसआईटी गठित करने का निर्देश दिया। एसआईटी में एक आईजी रैंक के पुलिस अधिकारी, एक डीएसपी रैंक के पुलिस अधिकारी तथा एक इंस्पेक्टर रैंक के पुलिस अधिकारी रहेंगे। एसआईटी बनाने की जिम्मेदारी कोर्ट ने डीजीपी को सौंपी है। कोर्ट में जमशेदपुर बार एसोसिएशन के अकाउंट से एसोसिएशन से संबंधित व्यय के लिए पैसे की निकासी हेतु एक प्रशासक नियुक्त किया है। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि एसोसिएशन का कोई पदाधिकारी पैसे की निकासी नहीं कर सकता है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई मार्च 2024 तीसरे सप्ताह में निर्धारित की है। कोर्ट ने अगली सुनवाई में एसआईटी को अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा है।

बता दें कि पूर्व की सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया था कि मामले में एफआईआर दर्ज हो चुका है। इस पर प्रार्थी के अधिवक्ता द्वारा कोर्ट को बताया गया था कि एफआईआर होने के बावजूद भी अभी तक जांच नहीं हो रही है। दरअसल, झारखंड स्टेट बार काउंसिल ने जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन में हुई गड़बड़ी की ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए जमशेदपुर एसएसपी को पूर्व में पत्र लिखा गया था। बताते चले कि राजेश जयसवाल की ओर से इस मामले को लेकर जनहित याचिका दाखिल की गई है प्रार्थी ने जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन की ऑडिट कराने की मांग की थी।

# अनियंत्रित ट्रेलर की चपेट में आने से महिला ने गंवाये दोनों पैर, पांच घंटे तक सड़क जाम

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** रांगामाटी-सिल्ली सड़क पर ईचागढ़ थाना क्षेत्र के पिलीद गांव के पास अनियंत्रित ट्रेलर ने एक वृद्ध महिला को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रेलर की चपेट में आने से पिलीद गांव निवासी 65 वर्षीय वृद्ध महिला मुकुट देवी अपना दोनों पैर गंवा दी। मिली जानकारी के अनुसार वृद्ध महिला सड़क पार कर रही थी। उसी वक्त सड़क पर जा रहे अनियंत्रित ट्रेलर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। ट्रेलर की चपेट में आने से महिला वहीं गिर गई और ट्रेलर का पहिया उसके पैर को रौंदते हुए पार हो गया। मौके पर पहुंची ईचागढ़ थाना की पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे तत्काल इलाज के लिए निकट के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। इसके साथ ही ग्रामीणों ने दुर्घटना के बाद भाग रहे ट्रेलर को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया।



**आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम :** दुर्घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। ग्रामीण सड़क के उक्त स्थान पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए सड़क बनाने वाली कंपनी ने तत्काल रांगामाटी-सिल्ली सड़क के उक्त स्थान पर स्पीड ब्रेकर बनवाया। उल्लेखनीय है कि पिलीद गांव के चौराहे के आसपास सड़क दुर्घटना में अबतक तीन लोगों की जान जा चुकी है। कई बार ग्रामीणों ने सड़क हादसे को रोकने के लिए स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है, लेकिन हर बार उनकी मांगों को अनसुना कर दिया जाता था। ग्रामीणों के सड़क जाम करने के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी।

# लाठी से मारकर पत्नी की हत्या के आरोपी पती को आजीवन कारावास की सजा

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** लाठी से मारकर पत्नी की हत्या कर देने के आरोपी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही ?10000 का जुमार्ना भी लगाया गया है। सजा पाने वाले का नाम सोनाराम बोबोंगा है। वह नोवामुंडी थाना क्षेत्र के रेंगड़बेड़ा गांव के टोला बुरुसाईं का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ 20 मार्च 2020 में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार 19 मार्च 2020 की रात में अभियुक्त सोनाराम बोबोंगा एवं उसकी पत्नी शांति कुई के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। झगड़ा होने के क्रम में अभियुक्त सोनाराम बोबोंगा ने शांति कुई को लाठी से मार कर हत्या कर दी। अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने अभियुक्त सोनाराम बोबोंगा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया । इसके बाद सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से संग्रह करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया गया। जिसके आधार पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में दोषी करार देते हुए अभियुक्त सोनाराम बोबोंगा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही 10,000/- (दस हजार) रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है।



हत्या का अरोपी सोनाराम बोबोंगा।

# मानगो में चेतना मार्च के साथ शहीदी सप्ताह का हुआ आगाज, 27 दिसंबर को होगा समापन

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** चारों साहिबजादों की शहीदी को समर्पित मानगो गुरुद्वारा साहिब में शहीदी सप्ताह का आगाज गुरुवार को चेतना मार्च निकाल कर किया गया। पोह माह की कड़कड़ाती ठंढ में अहले सुबह बच्चे, युवा, महिला, पुरुष और क्या बुजुर्ग सहित समाज के हर वर्ग के लोगों ने चेतना मार्च में शामिल होकर साहिबजादों की शहादत को श्रद्धांजलि अर्पित कर गर्व महसूस किया। गुरुद्वारा सिंह सभा, मानगो के तत्वाधान में शहीदी सप्ताह 27 दिसंबर तक चलेगा जहां विभिन्न प्रकार के सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस मौके पर सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार भगवान सिंह ने समाज से विनम्र अपील करते हुए कहा कि कोई भी सिख परिवार शहीदी सप्ताह के दौरान उत्सव कार्यक्रम आयोजित न करें। उनका यही त्याग साहिबजादों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

चेतना मार्च मानगो गुरुद्वारा साहिब से निकलकर खंडा चौक, डिमना रोड, संकोसाई होता हुआ वापस गुरुद्वारा साहिब में समाप्त हुआ। गुरु ग्रन्थ साहिब का स्वरुप के बिना निकाली गयी चेतना मार्च को प्रभात फेरी का रूप दिया गया था। जहां गतका टीम, पंज प्यारे (महिला और पुरुष) के अलावा सिख संगत सबद-कीर्तन के रूप में वाहेगुरु के गुणगान करती रही। इस अवसर पर सिख समाज के कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी हाजरी भरी।



चेतना मार्च में शामिल श्रद्धालु। ● फोटोन न्यूज

# भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 30 व 31 को

## प्रदेश के कोने-कोने से शामिल होंगे अनुसूचित जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ता

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** भाजपा जिला कार्यालय में गुरुवार को कोल्हान के भाजपा जनजातीय नेताओं की एक विशेष बैठक हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक शिवशंकर उराव शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मंजीत कोड़ा ने की। बैठक में आगामी 30, 31 दिसंबर 2023 को प्रस्तावित प्रदेश कार्यसमिति कार्यक्रम को लेकर रणनीति बनाई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये सभी कार्यकर्ता को अलग - अलग जिम्मेदारी दी गई। प्रदेश अध्यक्ष उराव ने संबोधित करते हुए कहा कि चाईबासा के पिल्लई हॉल में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक ऐतिहासिक होगी। कार्यसमिति बैठक में झारखण्ड प्रदेश के कोने-कोने से अनुसूचित जनजाति मोर्चा के चार सौ से अधिक कार्यकर्ता भाग लेंगे। उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी सतीश, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद समीर उराव, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह मुख्य रूप से शामिल होंगे। समापन में प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश रहेंगे। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष सतीश पुरी, पूर्व विधायक शशि भूषण सामड़, जवारलाल बानरा, गुरुचरण नायक, मेनका सरदार, अनंत राम टुडू, प्रदेश उपाध्यक्ष गीता बालमुचू, महामंत्री विजय मेलगंडी, कोल्हान प्रभारी भूषण पाठ पिंगुवा, सरायकेला खरसावां जिला अध्यक्ष संजय सरकार, महामंत्री बाबूराम लागूरी, रमेश हांसदा, कांडे सुमब्रुई, उपाध्यक्ष रानी बंदिया, मंत्री सुशीला पुरती, अनिल बोदरा, रामकुमार मांझी, मंगल सिंह गिलुआ, जायरानी पडेया, मनोज लेयाँगी, भाजपा महामंत्री प्रताप कटियार, चंद्रमोहन तियू, बिपिन लागूरी, केदार नायक, सरिम सिंह बिरुआ, काबू दत्ता, लाल सिंह सोय, दीनानाथ पाण्डेय आदि उपस्थित थे।



बैठक में शामिल जनजातिय नेतागण। ● फोटोन न्यूज

## जोनल स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

# पुरुष में सरायकेला व महिला में पूर्वी सिंहभूम चैंपियन

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के द्वारा आयोजित दो दिवसीय जोनल स्तरीय पुरुष एवं महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल सह समापन गुरुवार को हुआ। चाईबासा के ऐतिहासिक सिंहभूम स्पोर्ट्स एसोसिएशन फुटबॉल मैदान में आयोजित जोनल स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग में सरायकेला की टीम विजेता व उपविजेता बनने का 3 हासिल किया। वही महिला वर्ग में पूर्वी सिंहभूम की टीम विजेता तथा पश्चिम सिंहभूम उपविजेता बनी। समापन समारोह में अतिथि के रूप में पश्चिम सिंहभूम जिला उपसमाहर्ता हर्ष कुमार, मत्स्य पदाधिकारी जयंत रंजन एल, चेंबर ऑफ कॉमर्स के मधुसूदन अग्रवाल, जिला ओलंपिक संघ के प्रेसिडेंट नितिन प्रकाश, जिला खेल पदाधिकारी सरायकेला के अमित कुमार, सरायकेला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष दिलदार, अजय कुमार नायक जिला ओलंपिक एसोसिएशन, जिला खेल पदाधिकारी एवं विभिन्न संगठन के अधिकारी मौजूद थे। समापन समारोह में अतिथियों के हाथों विजेता और उप विजेताओ को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।



ट्राफी के साथ सरायकेला (पुरुष) की विजेता टीम। ● फोटोन न्यूज



ट्राफी के साथ पूर्वी सिंहभूम (महिला) की विजेता टीम। ● फोटोन न्यूज

विभाग द्वारा स्वीकृत प्रोत्साहन राशि के रूप मे विजेता टीम को 50000 रुपए एवं उपविजेता टीम को 25000 रुपए का चेक दोनों वर्गो में दिया गया। बताते चलें कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता रांची में आयोजित की जाएगी। जहां पर झारखंड के सभी 4 जोनल के विजेता उपविजेता खिलाड़ी भाग लेंगी। खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की ने कहा कि यह टीम पंचायत से विजेता बनकर प्रखंड और फिर प्रखंड से जिला एवं अब जोनल स्तर पर विजेता बनी है। उन्होंने कड़ी मेहनत और पूरे जोश के साथ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने एवं अच्छे प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाए दी।

वहीं पुरुष वर्ग में मैन ऑफ द मैच सरायकेला के रविन्द्र नाथ मुर्मू एवं मैन ऑफ द सीरीज सरायकेला के मोहन मार्डी को दिया गया। जबकि महिला वर्ग में वुमन ऑफ द मैच पश्चिमी सिंहभूम की मालती मुण्डा एवं वुमन ऑफ द सीरीज पूर्वी सिंहभूम की बाहा हांसदा को दिया गया।

# सफर-ए-शहादत में बच्चे करेंगे वाहेगुरु की स्तुति

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** हर वर्ष सिख 21 दिसंबर से 27 दिसंबर तक छोटे साहिबजादों की याद में शहीदी सप्ताह के रूप में मानते हैं। इसी शहीदी सप्ताह के मद्देनजर अगामी 23 दिसंबर को साकची गुरुद्वारा साहिब में एकदिवसीय महान कीर्तन दरबार सफर-ए-शहादत आयोजित किया जायेगा। इस कीर्तन दरबार की विशेष बात यह है कि इसकी पूरी प्रस्तुति बच्चों द्वारा ही की जाएगी। सफर-ए-शहादत के सफल आयोजन के लिए धार्मिक संस्था ह्यहर की उस्ततह्ल के सदस्यों व साकची गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के साथ प्रधान निशान सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक गुरुवार को हुई, जिसमें कीर्तन दरबार की रुपरेखा तैयार की गयी।

हर की उस्तत के सदस्य भाई मनप्रीत सिंह ने बताया कि कीर्तन दरबार शाम चार बजे से रात दस बजे तक चलेगा। जिसमें केवल बच्चे ही समागम की हर प्रक्रिया पूरी करेंगे। शाम के रहरास पाठ से लेकर गुरु ग्रन्थ साहिब का सुखासन तक बच्चों द्वारा करवाया जायेगा। अंत में एक सामूहिक जाप रूपी पाठ होगा जो सफर-ए-शहादत कीर्तन दरबार का खास आकर्षण होगा। उन्होंने यह भी बताया कि वैसे बच्चे और सदस्य जो कीर्तन सीख रहें है, अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए वाहेगुरु की स्तुति करेंगे। इस दौरान बच्चे सबद-कीर्तन के अलावा शहीदी गाथा का कविता पाठ भी करेंगे। साकची गुरुद्वारा के प्रधान सरदार निशान सिंह ने कहा ह्यहर की उस्ततह्ल के इस एकदिवसीय समागम में सभी सिख परिवार अपने बच्चों को अवश्य भेजें और स्वयं भी इस कार्यक्रम में शरीक होकर गुरु घर की खुशियां प्राप्त करें।

## BRIEF NEWS

### राउरकेला में हैजा हुआ अनियंत्रित, बीमारों की संख्या बढ़ रही



**ROURKELA :** राउरकेला में हैजा की स्थिति में कोई सुधार नहीं है।1400 से ज्यादा लोग अब तक हैजा से संक्रमित हो चुके है। सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के राज्य निदेशक ने कहा- विब्रियो हैजा और ई-कोली बैक्टीरिया दोनों से संक्रमण फैला हैं। करीब 1400 लोग संक्रमित हो चुके हैं। राउरकेला सरकारी अस्पताल में 6 लोगों की मौत की जानकारी सरकार के पास है। स्वास्थ्य निदेशक ने कहा, निजी अस्पतालों में कुछ और मौतें खबर है। राजस्व मंडल आयुक्त, उत्तरी रेंज, सुरेश चंद्र दलाई ने गुरुवार को राउरकेला के एडीएम डॉ. शुभंकर महापात्र के साथ राउरकेला सरकारी अस्पताल का दौरा किया। आरडीसी ने कहा कि डायरिया की स्थिति नियंत्रण में है।

### स्कूटी की डिक्की से चार लाख ले उड़े बदमाश




**ROURKELA :** शहर में बुधवार को सेक्टर 19 पुलिस सीमा के अंतर्गत आमबगान फूड कोर्ट से बदमाशों द्वारा 4 लाख रुपये की चोरी की सूचना मिली है । एक एसएचजी समूह के पदाधिकारी फूड कोर्ट में 'गुपचुप' का आनंद ले रहे थे तभी बदमाशों ने स्कूटी की डिक्की से नकदी उड़ा ली। एसएचजी सचिव ने पंजाब नेशनल बैंक से पैसा निकाला था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ठेले खोमचो में खाने की गुणवत्ता की हो रही जांच



**ROURKELA :** भोजन की गुणवत्ता और मानक की जांच करने के लिए आरएमसी के खाद्य निरीक्षकों की देखरेख में एक टीम शहर के विभिन्न खाद्य स्टालों, होटलों और रेस्तरां में भोजन का निरीक्षण कर रही है। इसके अतिरिक्त, खाद्य परीक्षण के लिए एक मोबाइल खाद्य परीक्षण वैन शहर के चारों ओर घूम रही है। विभिन्न खाद्य स्टॉल से 4,000 रुपये का जुमार्ना किया गया है । मधुसूदन पल्ली और गोपबंधु पल्ली में 31 खाद्य नमूनों की जांच की गई है, साथ ही स्थानीय बसंती कॉलोनी और रेलवे कॉलोनी से भी नमूने लिए गए हैं।

### फुल स्टोरेज से किसानों की समस्या हुई हल, विदेशी नागरिकों ने किया निरीक्षण



**ROURKELA :** ब्लूमबर्ग फि लांथ्रोपीज के दो अधिकारी ब्रुक स्मिथ और अपर्णा रामानन ने राउरकेला का दौरा किया और शहर के विभिन्न स्थानों में कोल्ड स्टोरेज का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय स्व-सहायता समूह की प्रभारी महिलाओं से चर्चा की और यह जानकर संतोष व्यक्त किया कि इससे उनकी आजीविका मजबूत हुई है। साथ ही, परियोजना के लाभार्थियों से बात करते समय, दोनों अधिकारी यह जानकर प्रसन्न हुए कि कोल्ड स्टोरेज ने उनकी सामग्रियों की बबार्दी रोक दी है।

### बड़गांव टाटा पावर लिमिटेड के जूनियर इंजीनियर 30 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार

**ROURKELA :** टाटा पावर लिमिटेड के एक जूनियर इंजीनियर को रिश्वत की रकम लेते निगरानी ने पकड़ लिया। सुंदरगढ़ बड़गांव बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर रंजन दास एक युवक से नौकरी दिलाने की बात कहकर यह रिश्वत ले रहे थे। निगरानी विभाग ने उन्हें 30 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए पकड़ा था। रुपये नहीं देने पर जूनियर इंजीनियर ने प्रवीण का नौकरी दूसरे लोगों को देने की धमकी दे रहा था। रंजन के पास से पैसे जब्त करने के बाद निगरानी विभाग ने रंजन को 3 जगहों ठिकनो पर चढ़ाओ किया है। रंजन दास पहले राउरकेला के बंडामुंडा में कार्यरत थे।

# बिहार में अभी कुछ दिन ठंड से राहत







**पटना ।** बिहार में ठंड अब बढ़ने लगी है। ठंड से लोगों का ठिठुरना शुरू हो गया है। हालांकि, दोपहर में हल्की धूप निकलने से लोगों को ठिठुरन थोड़ी कम महसूस हो रही है। दोपहर के वक्त लोग मजे से धूप का आनंद लेते हुए नजर आते है। पिछले 24 घंटे के दौरान 7.4 डिग्री सेल्सियस के साथ गया जिला सबसे ठंडा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार अब अगले एक से दो दिनों के अंदर प्रदेश के तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी। क्रिसमस तक धूप खिली रहेगी। इसके बाद ठंड और भी ज्यादा तेजी से बढ़ेगी।

वही पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का धीरे-धीरे असर बिहार पर भी अब पड़ना शुरू हो गया है। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के अनुसार 22 दिसंबर से एक पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है। जिसका असर बिहार में देखने को मिल सकता है।पिछले 24 घंटे के दौरान 24 ऐसे शहर रहे जिनकी न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिली है। सभी शहर के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जिसमें बांका 7.2 डिग्री, पटना 10.3 डिग्री, भागलपुर 13.8 डिग्री, कटिहार 12.2 डिग्री, पूर्णिया 11.1 डिग्री, नवादा 8.9 डिग्री, वैशाली 10 डिग्री, पूसा 9 डिग्री, गया 7.3 डिग्री मोतिहारी 9 डिग्री, औरंगाबाद का पारा 9.9 डिग्री दर्ज किया गया है। इसके अलावा अन्य शहरों के तापमान में भी बढ़ोतरी देखने को मिली है।इस तरह के मौसम में बदलाव के बाद ठंड बढ़ने से गेहूं की फसल को फायदा होगा। दलहन और तिलहन फसलों पर असर नहीं होगा। अगर अब बारिश हुई तो गेहूं सहित रबी की बुआई में देरी हो सकती है। अभी कसान 120 से 125 दिनों की वेराइटी वाले गेहूं लगा सकते हैं। पिछले 24 घंटे की बात करें तो पटना का न्यूनतम तापमान 10.3 डिग्री सेल्सियस और पटना का अधिकतम तापमान 26.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गयाहवा चलने से धूलकण छंटने लगा है। इससे पटना का एक्यूआई लेवल घटकर बुधवार को 286 पर आ गया। लोगों को वायु प्रदूषण से थोड़ी राहत मिली। राज्य के अन्य शहरों का एक्यूआई लेवल भी 100 से 290 के बीच दर्ज किया गया है। पटना में सबसे खराब स्थिति ईको पार्क, वेटनरी कॉलेज और दानापुर इलाके की रही। ईको पार्क इलाके का एक्यूआई लेवल 308, वेटनरी कॉलेज का 331, दानापुर का 314 और पटना सिटी का 202 रहा।

## दो पक्षों के बीच मारपीट में 9 लोग जख्मी



**जमुई ।** बरहट थाना क्षेत्र के कटका गांव में दरवाजा खोलने के विवाद में दो पक्षों के बीच झड़प हो गई। जिसमें एक पक्ष से 4, दूसरे पक्ष से 5, कुल 9 लोग घायल हो गए। एक पक्ष से घायल मनोज मांझी, रामदेव मांझी, आरती कुमारी और अजय कुमार हैं। जबकि दूसरे पक्ष से नीतीश कुमार, रंजीत मांझी, प्रीति देवी, पवन कुमार, सोनिया देवी शामिल हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए बुधवार की देर रात सदर अस्पताल लाया गया। हालांकि मामले की जानकारी के बाद बरहट थाने की पुलिस सभी घायलों को सदर अस्पताल भेज पूरी मामले की छानबीन में जुट गई है। बरहट थानाध्यक्ष अजय कुमार आजाद ने बताया कि दरवाजा खोलने के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई है। सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। गुरुवार को दोनों पक्ष आवेदन देते हैं तो उसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। एक पक्ष का आरोप है कि वह अपने घर के गली में दरवाजा खोल रहा था तभी दूसरे पक्ष ने विरोध किया। इसको लेकर पंचायत भी की गई थी। विवाद काफी दिनों से चल रहा था। बुधवार की रात दूसरे पक्ष ने गली-गलौज किया। विरोध करने पर तेजधार तलवार और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया। जबकि दूसरे पक्ष का आरोप है कि पहले पक्ष ने घर बनाया पर जमीन नहीं छोड़ा। जिस वजह से उसे दरवाजा खोलने नहीं दिया गया।

## काम के दौरान मजदूर की मलबे में दबकर मौत

**गोपालगंज ।** जिले के विशंभरपुर थाना क्षेत्र के शोभना गांव में पुराना मकान तोड़ने के दौरान सीढ़ी टूटकर मजदूर के शरीर पर गिर गया। मलबे में दबकर मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गोपालगंज सदर अस्पताल भेज दिया।



मृतक विशंभरपुर थाना क्षेत्र के बाजार मटिहनिया गांव निवासी मकसूदन बैठा का 25 वर्षीय बेटा जीतू बैठा है।मृतक जीतू बैठा के भाई अनिल बैठा ने कहा कि वह अपने भाई मृतक जीतू बैठा के साथ विशंभरपुर थाना क्षेत्र के शोभना गांव में मजदूरी करने के लिए रविंदर यादव के घर गए थे। पुराना मकान का सीढ़ी तोड़ा जा रहा था, इसी बीच सीढ़ी का मालवा उसके भाई के शरीर पर गिर पड़ा। वो मलबे में दब गया। कुचायकोट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से गोपालगंज सदर अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## दरभंगा में आत्मदाह, बचाने में दो पुलिसकर्मी भी घायल

**दरभंगा ।** दरभंगा में कोर्ट के निर्देश पर जमीन खाली कराने गए पुलिसकर्मी उस समय सकते में आ गये जब जमीन मालिक ने खुद को आग के हवाले कर लिया। जमीन मालिक ने किरोसिन छिड़ककर खुद को आग लगा लिया। आग लगते ही वहां अफरातफरी का माहौल हो गया। आननफानन में पुलिसकर्मी उसे बचाने के लिए दौड़े जिसमें दो पुलिसकर्मी भी झुलस गए। घटना कमतौल थाना क्षेत्र के पिंडारुछ गांव की है। इस घटना में आग से झुलसे पीड़ित व्यक्ति को पुलिस ने तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते ही चिकित्सकों ने उसे पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया है।घटना के संबंध में पुलिस का





कहना है कि डॉ नागेन्द्र चौधरी और सुनील चौधरी आपस में सहोदर भाई हैं, जिनके बीच करीब तीस वर्ष से 6 धुर जमीन का विवाद चल रहा है। कुछ दिन पहले पटना उच्च न्यायालय ने सुनील सिंह के पक्ष में फैसला सुनाते हुए डॉ नागेन्द्र चौधरी के द्वारा किए गये अतिक्रमण को मुक्त कराये जाने का आदेश जारी किया। इसी आदेश के आलोक में पूर्व के सीओ बसंत कुमार चौधरी पुलिस बल के साथ अतिक्रमण मुक्त कराने पहुंचे। वहां पहुंचते ही डॉ नागेन्द्र चौधरी और उनका पूरा परिवार विरोध करते हुए हंगामा करने लगे।इस मामले में एक पक्ष का आरोप है कि अतिक्रमण पूरी तरह मुक्त नहीं कराया गया था। सीओ चंदन कुमार पिंडारूच गांव में पहुंच कर सत्यापन करने गए थे। इस दौरान हंगामा शुरू हो गया। हंगामा के दौरान मारपीट शुरू हो गई।

पुलिस ने बीच-बचाव करने लगी जिसके दौरान हंगामा करने वाले लोगों ने पुलिसकर्मी के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। तभी अचानक सुनील चौधरी के पुत्र ने किरोसिन छिड़ककर खुद को आग के हवाले कर लिया। आननफानन में वहां मौजूद लोगों ने उसे तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते ही चिकित्सकों ने उसे पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया है।

## विपक्ष में पीएम चेहरे पर मतभेद

**पटना ।** इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद नीतीश कुमार के नाराज होने की रिपोर्ट के बीच 29 दिसंबर को दिल्ली में जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई है।

जिससे नीतीश कुमार के संभावित रणनीतिक फैसले को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव अफाक अहमद खान की ओर से बुधवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि जदयू अध्यक्ष ललन सिंह ने 29 दिसंबर को राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक बुलाई है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों को गठबंधन और अन्य मुद्दों पर संबोधित कर सकते हैं।खान ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की यह नियमित बैठक है, जिसमें हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव



के परिणाम, आगामी लोकसभा चुनाव, बिहार में जाति आधारित सर्वेक्षण और अन्य विषयों पर चर्चा होने की संभावना है। दिल्ली में मंगलवार को हुई विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक में एक बार फिर विचारों में भारी अंतर देखने को मिला। बिहार के राजनीतिक दिग्गजों, नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में नामित करने के ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल के प्रस्ताव पर अपनी असहमति व्यक्त की। बैठक से पहले, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेताओं ने सार्वजनिक मांग की गई थी, जिसमें नीतीश को 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए विपक्ष के प्रधानमंत्री उम्मीदवार घोषित करने की वकालत की गई थी।विपक्ष को एकजुट करने के बीच जदयू सांसद ने नीतीश कुमार को असहज कर दिया। विपक्षी इंडी गठबंधन की हालिया बैठक पर तंज कसते हुए गठबंधन के नेता और जदयू सांसद सुनील कुमार पिंटू ने बुधवार को कहा कि बैठक सिर्फ चाय, बिस्कुट तक सीमित थी। बैठक बिना समोसा या बिना किसी गंभीर मुद्दे पर चर्चा के खत्म हो गई। जदयू सांसद ने कहा, बैठक में गठबंधन में भागीदारी को लेकर कई दलों के बड़े नेता आए थे। लेकिन इस पर कोई चर्चा नहीं हो सकी।

## ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**कैमूर ।** मुंबई से भागलपुर जा रहे युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। युवक पायदान पर बैठकर सफर कर रहा था। इसी दौरान पंडित दीनदयाल गया जंक्शन के यार्ड में पटरी पर गिर गया। मृतक भागलपुर जिला के सबौर थाना क्षेत्र धनकर गांव के वार्ड-9 निवासी मोहम्मद इदरीश शेख का 20 वर्षीय पुत्र जब्बार शेख है। जो मुंबई में रहकर प्राइवेट जॉब करता था। अपनी पत्नी के साथ अपने गांव लौट रहा था। ट्रेन यात्रियों की सूचना पर भभुआ रोड रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने शव को ट्रेन से उतरवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेजा।मृतक की पत्नी नेहा कुमारी ने कहा कि मेरे पति जब्बार शेख मुंबई में प्राइवेट नौकरी करते थे। हम पति-पत्नी साथ रहते थे। ट्रेन पकड़ कर भागलपुर जा रहे थे, तभी पंडित दीनदयाल जंक्शन पर यार्ड के पास जब गाड़ी पहुंची तो मेरे पति पायदान पर चले गए। लोगों ने चिल्लाना शुरू किया कोई गिर गया। जब मैं पायदान पर पहुंची तो पता चला गया कि मेरे पति जब्बार शेख ट्रेन से नीचे गिर गए हैं। उनकी मौत हो गई है। ट्रेन के रुकते ही अपने पति को यात्रियों के सहयोग से ट्रेन में वापस लिया। अपने गांव भागलपुर जा रहे थे तभी भभुआ रोड स्टेशन ट्रेन पहुंची। जीआरपी ने पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भिजवा दिया।

## महिला प्रताड़ना की सुनवाई के दौरान मारपीट

**वैशाली ।** वैशाली में साली के लिए पंचायत करने गये बहनोई को साली के ससुराल वालों ने जमकर पिटाई की और फिर उसकी जीभ काट ली। घटना चांदपुरा ओपी क्षेत्र के चैनपुर नन्हकार गाँव की है। पीड़ित बिदुपुर थाना क्षेत्र के बिष्णुपुर राजखंड निवासी विनोद राय हैं। पीड़ित विनोद राय ने इस मामले में चार लोगों को नामजद और दो अज्ञात व्यक्तियों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है।बिदुपुर थाना क्षेत्र के बिष्णुपुर राजखंड निवासी विनोद राय ने मामला दर्ज कराया, जिसमें कहा गया है कि उसकी शाली राधा देवी की शादी चांदपुरा ओपी क्षेत्र के



जहांगीरपुर निवासी महेश राय के पुत्र रवि राज कुमार के साथ हुई थी। शादी के डेढ़ साल बाद रवि राज कुमार की गंभीर बीमारी से मौत हो गई। तब तक राधा एक बच्ची की मां हो चुकी थी। रवि राज कुमार की मौत के बाद राधा देवी के ससुराल वाले उसे अक्सर तंग - तबाह करने लगे। तब राधा देवी को परिजनों ने मायके बुला लिया।परिजनों का कहना है कि विनोद राय अपने परिवार और कुछ शुभचिंतको के साथ चैनपुर नन्हकार निवासी अशोक राय के घर पर पंचायत करने गये। इनका कहना था कि राधा और उसकी बेटी के भविष्य के लिए उसकी सम्पत्ति में हिस्सा दिया जाय लेकिन इस बात पर राधा के ससुराल पक्ष के लोग सहमत नहीं थे। पंचायत के दौरान महेश राय, दिनेश राय और प्रवीण कुमार हंगामा करते हुए विनोद राय के साथ गली गलौज करने लगे। जब विनोद राय ने गाली का विरोध किया तब महेश राय, दिनेश राय और प्रवीण कुमार तीनों मिलकर विनोद राय की जमकर पिटाई की और फिर जमीन पर पटककर विनोद राय की जीभ काट दी।

## बेगूसराय में सरकारी स्कूल के बाथरूम में दो नाबालिग के साथ गंदा काम

**बेगूसराय ।** बेगूसराय में पॉक्सो कोर्ट ने होली के दिन दो नाबालिग बच्चियों से रेप करने वाले दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। घटना साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के एक गांव की है। घटना इसी साल होली के दिन आठ मार्च को हुई थी, जहां दो नाबालिग लड़कियों के साथ वहसी दरिंदों ने हैवानियत करते हुए सरकारी स्कूल के बाथरूम में गन्दा काम किया था। इसी मामले में शुक्रवार को पॉक्सो न्यायालय के विशेष न्यायाधीश महेश प्रसाद सिंह ने फैसला सुनाया है।इस मामले में अभियोजन के पक्ष से विशेष लोक अभियोजक कुमारी मनीषा एवं सूचक की पक्ष से राजधान बुखारी ने 17 गवाहों की गवाही कराई, जिसमें चार में से दो आरोपियों पर




आरोप सिद्ध हो गया था। न्यायालय ने साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र निवासी बबलू महतो और राजकुमार महतो को आजीवन कारावास की सजा मुकर्रर की है। दो अन्य आरोपी हरदेव महतो एवं रोहन महतो को संदेह का लाभ देकर 18 दिसम्बर को रिहा कर दिया था।आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि दोनों आरोपियों को जिंदा रहने तक जेल में ही रहना होगा। कोर्ट ने यह भी आदेश दिया है कि दुष्कर्म कांड के दोनों पीड़िताओं को डालसा के द्वारा 10-10 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए। यह मुआवजा राशि पीड़िता के बैंक खाता में जमा किया जाएगा और उसके बालिग होने पर उसे प्राप्त होगा। पोक्सो कोर्ट ने जिलाधिकारी को भी इस संबंध में आदेश दिया। पुलिस अधीक्षक को दोनों पीड़िता एवं उसके परिवार को सुरक्षा मुहैया कराने का आदेश दिया गया। साथ ही कोर्ट के विशेष लोक अभियोजक को आदेश दिया है कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला पदाधिकारी के माध्यम से बिहार सरकार को प्रस्ताव भेजकर दोनों पीड़िताओं को अलग से सहयोग राशि उपलब्ध कराने की प्रकिया की जाय।पोक्सो कोर्ट ने दोनों आरोपितों को पॉक्सो एक्ट की धारा-5 (ट) एवं 6 तथा भारतीय दंड विधान की धारा-376 (ऊ), 354 (इ) और 324 में दोषी करार दिया है।

## संक्षिप्त डायरी

### दिनदहाड़े महिला से लूटी चेन:पांच अपराधी थे शामिल

**पटना ।** जक्कनपुर के कन्नूलाल रोड में किराया के मकान में रहने वाली अंजली के घर में घुसकर तीन अपराधियों ने हथियार दिखाकर चेन लूट ली। घटना दिन के करीब 11 बजे हुई। अंजली हरि निवास में पति और बेटी के साथ रहती हैं। पति पंच मंदिर के पास फूल बेचने गए थे। बेटी छत पर थी। अंजली घर में पूजा कर रही थीं। इसी बीच तीन अपराधियों ने गेट खटखटाया। पूजा फौरन खत्म कर अंजली ने जैसे ही गेट खोला, तीन अपराधियों ने धक्का दे दिया और हथियार दिखाकर कहा-शोर मचाने पर गोली मार देंगे।उसके बाद चेन लूटकर फरार हो गए। घटना में कुल पांच अपराधी थे। दो लाइनर की भूमिका में थे। घटना के बाद आसपास के लोग जुट गए और पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने कैमरे को खंगाला तो पांच अपराधियों के शामिल होने की बात सामने आई। एक-दो का चेहरा साफ दिखाई दे रहा है। इधर, पुलिस ने मामले की छानबीन करने के बाद एक लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया। अन्य की तलाश में छापेमारी करने में जुटी है। अंजली ने बताया कि तीनों के हाथ में पिस्टल थी। एक ने पेट पर और एक ने गर्दन पर सटा दी।करीब 10 मिनट तक तीनों घर में रहे। विरोध करने लगी तो कहा कि मार देंगे। हाथ पकड़ कर रूम में खींचते हुए ले जाने लगे। जोर-जोर से चिल्लाने लगी तो एक ने सोने की चेन खींच ली और गेट बंद कर फरार हो गए। जाते-जाते मैंने एक का कॉलर भी पकड़ा पर मदद को कोई नहीं आया। सीसीटीवी फुटेज में एक बाइक पर तीन और दूसरी बाइक पर दो अपराधी दिखे। तीन अपराधी हेलमेट और मुंह पर काला कपड़ा बांध कर घर में घुसे थे।

### फिर पटना में एक युवक की गोली मार हत्या

**पटना ।** पटना के आलमगंज थाना क्षेत्र के अरफाबाद इलाके में अपराधियों ने एक युवक को गोली मार दी। घायल अवस्था में युवक को इलाज के लिए पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आलमगंज थाना सहित पटना सिटी के पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। घटना की पुष्टि करते हुए आलमगंज थाना प्रभारी अभिजीत कुमार ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं पर छानबीन कर रही है।आलमगंज में वारदात से पहले पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र के जेपी गंगा पथ पर बुधवार की दिन रात रील बना रही महिला सिपाही की अपराधियों ने गोली मार दी। घायल अवस्था में महिला सिपाही को पटना के पीएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां महिला सिपाही खतरे से बाहर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस लाइन में पदस्थापित महिला सिपाही पम्मी खातून अपने एक पुलिस सब इंस्पेक्टर शबाना आजमी जो कि पूर्णिया में पदस्थापित हैं के साथ पटना के जेपी गंगा पथ पर बुधवार की देर रात रील बना रही थी। इसी दौरान बाइक से आए दो अपराधियों ने एक एड्रेस पूछने के नाम पर उन पर गोली चला ी। गोली पम्मी खातून के बाएं हाथ में लगी। पटना के विधि व्यवस्था डीएसपी कृष्ण मुरारी प्रसाद ने इसे आपसी मामला बताते हुए घटना की पुष्टि की है।

### हाईकोर्ट ने राहत दी: नवजोत सिंह सिद्धू के खिलाफ मुकदमा चलाने का आदेश रद्द

**पटना ।** पटना हाईकोर्ट ने पूर्व सांसद और क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू को राहत देते हुए उनके खिलाफ 2019 में दर्ज एफआईआर के मद्देनजर निचली अदालत द्वारा लिए गए संज्ञान आदेश को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति संदीप कुमार की एकलपीठ ने सिद्धू की याचिका को मंजूर करते हुए यह आदेश दिया। एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि सिद्धू ने 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा को हराने के लिए मुस्लिम मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में एकमुश्त मतदान करने की अपील की थी। लेकिन, कोर्ट ने पाया कि सिद्धू ने केवल मुस्लिम मतों के बंटवारे को रोकने के लिए ऐसा बयान दिया था। 16 अप्रैल, 2019 को आईपीसी और रिप्रेजेंटेशन ऑफ पीपल्स एक्ट की धाराओं के तहत पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी और चार्जशीट भी दाखिल कर दी थी। निचली अदालत ने संज्ञान लेते हुए मुकदमा चलाने का आदेश दिया था, जिसे रद्द करने के लिए सिद्धू ने याचिका दायर की थी। सिद्धू की ओर से वरीय अधिवक्ता रमाकांत शर्मा ने बहस की, जबकि अपर लोक अभियोजक झारखंडी उपाध्याय ने राज्य सरकार का पक्ष रखा।

### बेगूसराय में ज्वेलरी शॉप में दिनदहाड़े लूट

**बेगूसराय ।** बेगूसराय में अपराधियों ने दिनदहाड़े एक रत्न मंदिर ज्वेलर्स में लूटपाट की गई है। विरोध करने पर एक स्टॉफ को गोली मारी गई है। गंभीर हालत में उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके से एक खोखा भी बरामद किया गया है। दो मोटरसाइकिल पर चार हथियारबंद अपराधी ने वारदात को अंजाम दिया है।हथियार के बल पर लूट की घटना को अंजाम दिया। अंदर में एक कर्मी ने इसका विरोध किया तो अपराधियों ने उसे गोली मार दी। बताया जा रहा है कि मनीष कुमार नामक युवक को गोली लगी है।संजय कुमार गुप्ता और सुनिल गुप्ता उर्फ कक्कू दोनों भाई मिलकर इस ज्वेलरी शॉप को चलाते हैं। बताया जाता है बाइक सवार को घटना को अंजाम देकर फरार हो गए

# पैर पर कुल्हाड़ी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की भारत संबंधी स्वीकारोक्ति सुखद और स्वागतयोग्य है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान के दुखों के पीछे अमेरिका या भारत नहीं हैं, पाकिस्तान ने अपने पैरों पर खुद ही कुल्हाड़ी मारी है। गौर करने की बात है कि पाकिस्तान इन दिनों गहरे आर्थिक संकट से गुजर रहा है और वहां नकदी का बहुत अभाव हो गया है। अभी जो माहौल पाकिस्तान में बन रहा है, उससे तो ऐसा लगता है कि नवाज शरीफ अपनी पाकिस्तान वापसी के बाद देश का नेतृत्व संभालने को तैयार हैं। अतः स्वयं पाकिस्तान की खामी को स्वीकार करना एक तरह से जरूरी भी है। अक्सर पाकिस्तान में हर तरह की कमी के लिए भारत को जिम्मेदार ठहरा दिया जाता है। पाकिस्तानी सत्ताधीशों के लिए यह कोई नया बहाना नहीं है। वास्तव में, ऐसे बहाने बनाकर या भारत का भय दिखाकर वहां की सेना भी अपनी चौधराहट से बाज नहीं आ रही है। अब कोई आश्चर्य नहीं कि नवाज शरीफ ने परोक्ष रूप से देश के संकटों के लिए अपनी ही ताकतवर सेना की ओर इशारा किया है। उन्होंने कहा है कि सेना ने धांधली करके एक सरकार साल 2018 में देश पर थोप दी थी, जिससे लोगों को परेशानी हुई और पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था भी खराब हो गई। नवाज शरीफ अच्छे से जानते हैं कि पाकिस्तान में फौज का शिकंजा कैसा है? ऐसा नहीं है कि इस बात को इमरान खान नहीं जानते थे, मगर उन्होंने फौज की पकड़ को कमजोर करने के लिए ज्यादा कुछ नहीं किया और पता नहीं, नवाज शरीफ को इसमें कितनी कामयाबी मिलेगी? इसमें कोई शक नहीं है कि पाकिस्तान को एक ऐसे प्रधानमंत्री की जरूरत है, जो देश के हालात को ईमानदारी से समझता हो और फौज को लोकतांत्रिक परिधि में अनुशासित कर सके। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज का नेतृत्व कर रहे नवाज शरीफ के ईमानदार बयानों से अच्छे संकेत मिलते हैं, पर बड़ा सवाल है कि क्या वह चौथी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बन पाएंगे? अफसोस, वह विगत तीन दशक में तीन बार प्रधानमंत्री रहे हैं, पर फौज में सुधार के बजाय बिगाड़ ही ज्यादा हुआ है। नतीजा सामने है, पाकिस्तान समस्याओं की गर्त में धंसता चला जा रहा है। 73 वर्षीय शरीफ ने तो सैन्य तानाशाहों को वैध ठहराने के लिए अपने देश के न्यायाधीशों की भी आलोचना की है, पर क्या चुनाव जीतने के बाद भी उनके ऐसे ही विचार बने रहेंगे? पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठान वास्तव में खुद अपना ही दुश्मन बना हुआ है। उसी की वजह से जेल की सजा से बचने के लिए नवाज शरीफ को चार साल निर्वासित रहना पड़ा। अब वह लौटे हैं, तो उन्हें सत्ता में आने पर देश की सच्ची सेवा का मौका नहीं गंवाना चाहिए। पाकिस्तान को आगे बढ़ाने के लिए वहां की अर्थव्यवस्था को सुधारना सबसे जरूरी है। यह नवाज शरीफ का सौभाग्य है कि उनका देश उन्हें चौथी बार मौका दे सकता है, जबकि उधर अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप ने एक ही बार राष्ट्रपति रहते ऐसी-ऐसी गलतियां की हैं कि उनका आगे चुनाव लड़ना भी मुश्किल नजर आ रहा है।

# इनकमिंग कॉल

दूरसंचार विधेयक, 2023 को पेश किए जाने का कदम वायरलेस नेटवर्क और इंटरनेट सेवा प्रदाताओं के लिए कानून को मजबूत करने के केंद्र सरकार के दीर्घकालिक लक्ष्य को हासिल करने के करीब है। इसमें 46 पेज का वह कानून शामिल है जो दूरसंचार ऑपरेटरों के लिए लाइसेंस और परमिट के लिए आवेदन करने जैसे नौकरशाही प्रक्रियाओं को सरल बनाते हुए मौजूदा नियामक संरचनाओं को काफी हद तक बरकरार रखता है। लाइसेंसिंग प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाने की तैयारी है और दूरसंचार ऑपरेटरों के पास जहां अपने लाइसेंस शर्तों के गैर-अनुपालन से निपटने का एक नया तरीका होगा, वहीं सार्वजनिक व निजी संपत्तियों पर अपने उपकरण एवं ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क स्थापित करते समय इजाजत और विवाद के समाधान के लिए जिला एवं राज्य-स्तरीय अधिकारियों तक पहुंच भी होगी। यह विधेयक लंबे समय से कम से कम कुछ दूरदराज के इलाकों के लिए नेट कनेक्टिविटी हासिल करने का एक जरिया माने जाने वाले उपग्रह इंटरनेट उद्योग को भी राहत की सांस लेने की इजाजत देता है क्योंकि यह स्पष्ट है कि उसे स्पेक्ट्रम के लिए बोली लगाने की जरूरत नहीं होगी और इस तरह, भारत भी अन्य देशों के साथ इस मोर्चे पर बराबर की स्थिति में आ जाएगा। दूरसंचार उद्योग के विभिन्न संघों ने उनके नियामक संबंधी परिदृश्य को सुव्यवस्थित करने और व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने के लिए इस विधेयक का स्वागत किया है और यह विधेयक संभवतः दूरसंचार विस्तार के अगले चरण के लिए बेहद जरुरी नियामक संबंधी स्थिरता और समर्थकारी वातावरण प्रदान कर सकता है। भारत की आधी से ज्यादा आबादी आपस में जुड़ी दुनिया के हाशिए पर है और यह विधेयक ऐसी स्थिति में मददगार साबित हो सकता है। लेकिन दिक्कतें कायम हैं: दूरसंचार की विस्तृत परिभाषा अपने दायरे में सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला को समेटे हुए है और उनपर राज्य का अधिकार गोपनीयता एवं निगरानी संबंधी चिंताओं को बढ़ाता है। राज्य-प्रायोजित जासूसी के पिछले आरोपों को देखते हुए ये चिंताएं महज अकादमिक नहीं हैं। यह विधेयक स्पैमिंग संबंधी चिंताओं से निपटने का प्रयास करता है, लेकिन इसके प्रस्तावित उपायों के लिए गोपनीयता से अतिरिक्त समझौते करने की जरूरत पड़ेगी। निगरानी संबंधी सुधार तथा इंटरनेट शटडाउन के मुद्दों के व्यापक निहितार्थ हैं और इन्हें सिर्फ इसलिए टाला नहीं जाना चाहिए क्योंकि ये विवादास्पद हैं।

# विकसित भारत यात्रा के सहारे भाजपा की मजबूत तैयारी

ANALYSIS



मृत्युंजय दीक्षित

इस तैयारी पर यदि समग्र व निष्पक्ष दृष्टि से डाली जाए तो इस समय नि:संदेह भारतीय जनता पार्टी आगे दिखाई पड़ रही है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव जिन्हें लोकसभा का सेमी फाइनल माना जा रहा था उनमें भाजपा ने सभी विश्लेषकों को चौंकाते हुए मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में शानदार जीत हासिल की, जिससे उसका उत्साह बढ़ा है। इन सभी राज्यों में भाजपा के मुख्यमंत्री चयन ने विपक्ष की जातिवाद की राजनीति की गहरी काट खोजने का प्रयास किया है । भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री चयन के बाद उनका प्रचार भी प्रारम्भ कर दिया है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव का उत्तर प्रदेश के यादव बाहुल्य क्षेत्रों और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का ब्राह्मणों सहित सवर्ण समाज के बीच में प्रचार हो रहा है। उधर विपक्षी दलों में भी एकता के लिए बैठकें चल रही हैं। विधानसभा चुनाव के मध्य ही भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के नेतृत्व में 15 नवंबर 2023 से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की है।

आगामी लोकसभा चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए देश के सभी राजनैतिक दलों ने अपनी-अपनी चुनावी संभावनाओं को मजबूत करने के लिए अपनी तैयारी को अंतिम रूप देना प्रारंभ कर दिया है। इस तैयारी पर यदि समग्र व निष्पक्ष दृष्टि से डाली जाए तो इस समय निःसंदेह भारतीय जनता पार्टी आगे दिखाई पड़ रही है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव जिन्हें लोकसभा का सेमी फाइनल माना जा रहा था उनमें भाजपा ने सभी विश्लेषकों को चौंकाते हुए मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में शानदार जीत हासिल की, जिससे उसका उत्साह बढ़ा है। इन सभी राज्यों में भाजपा के मुख्यमंत्री चयन ने विपक्ष की जातिवाद की राजनीति की गहरी काट खोजने का प्रयास किया है । भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री चयन के बाद उनका प्रचार भी प्रारम्भ कर दिया है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव का उत्तर प्रदेश के यादव बाहुल्य क्षेत्रों और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का ब्राह्मणों सहित सवर्ण समाज के बीच में प्रचार हो रहा है। उधर विपक्षी दलों में भी एकता के लिए बैठकें चल रही हैं। विधानसभा चुनाव के मध्य ही भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के नेतृत्व में 15 नवंबर 2023 से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की है। यह यात्रा भारत की सभी ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों तक पहुंचेगी। विकसित भारत यात्रा के माध्यम से भाजपा उन वंचित लोगों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है जो विभिन्न योजनाओं के पात्र हैं लेकिन अभी तक लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। दूसरा यह कि इस यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं के बारे



में जानकारी का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस यात्रा में गांव व पंचायत में मोदी की गारंटी वाली वैन पहुंचने पर उसका ढोल-नगाड़े के साथ स्वागत किया जाता है और उसी स्थान पर लाभार्थी फार्म भी भरवाये जाते हैं। यात्रा के दौरान सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से उनकी व्यक्तिगत कहानियों और अनुभव साझा करने को भी कहा जाता है और उनका फीडबैक लिया जाता है। विकसित भारत संकल्प यात्रा की 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से शुरू की गई थी और अब इसका विस्तार संपूर्ण भारत में हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस यात्रा का उद्घाटन किया था। तीन राज्यों में भाजपा की जो जोरदार वापसी हुई है उसमें प्रधानमंत्री मोदी की खूंटी की उस यात्रा का भी योगदान माना जा रहा है। एक माह की अवधि में विकसित भारत संकल्प यात्रा 68,000 ग्राम पंचायतों में 2.50 करोड़ से अधिक नागरिकों तक पहुंच गई है जिसमें लगभग दो करोड़ लोगों ने विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। केंद्र सरकार की योजनाओं के 2 करोड़ से अधिक लाभार्थियों ने, ह्लमेरी कहानी मेरी जुबानीह्व पहल के अंतर्गत अपने अनुभव बताए हैं। अनुमान है भाजपा की व्यापक विजय सुनिश्चत करने में यह यात्रा मील का पत्थर साबित होगी। भाजपा की यात्राएं देश और भाजपा दोनों के लिए शुभ रही हैं । राममंदिर निर्माण की बाधाओं को दूर करने के लिए की गई यात्राओं से अयोध्या में भव्य राममंदिर निर्माण का संकल्प पूरा हो रहा है। जम्मू-कश्मीर के लिए की गई यात्रा का संकल्प भी पूरा हुआ और जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 का सदा के लिए समापन हुआ। अब विकसित भारत रथयात्रा नया इतिहास लिखने वाली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संकल्प यात्रा पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान दे रहे हैं तथा अपने सभी सांसदों, विधायकों व पार्टी जिलाध्यक्षों आदि सभी से यात्रा से जुड़ने की लगातार अपील कर रहे हैं। उन्हें आभास हो गया है कि यह संकल्प यात्रा आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी का सबसे महत्वपूर्ण प्रचारक बनेगी। संभवतः यात्रा की सफलता लोकसभा के टिकट की दावेदारी को भी मजबूत करे। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषणों से जातिवाद की राजनीति पर करारा प्रहार किया है और उन्होंने सबसे बड़ी जाति गरीबी बता दी। गरीबों में महिला, किसान, युवाओं और बेरोजगारों को वह प्राथमिकता दे रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री लाभार्थियों से सीधा संवाद कर रहे हैं, जिससे लाथार्थियों व सरकारी कर्मचारियों में उत्साह का संचार हो रहा है। प्रधानमंत्री सभी लोगों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की लगातार अपील कर रहे हैं। प्रधानमंत्री का कहना है कि आज इस यात्रा की कमान देशवासियों ने अपने हाथों में ले ली है। यह वर्तमान सरकार का ही प्रयास है कि जिसने गरीबों, किसानों छोटे व्यापारियों और समाज के विभिन्न वर्गों की मदद की है। स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक विकास का लाभ कुछ बड़े शहरों तक ही सीमित था किन्तु अब सरकार छोटे शहरों के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है। यह विकसित भारत यात्रा देश को विकसित बनाने का बीज संकल्प है। इस यात्रा से विकसित भारत की नींव मजबूत होने जा रही है। वर्तमान केंद्र सरकार ने अपनी कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से केवल निर्धन वर्ग के जीवनस्तर में बदलाव लाने का काम नहीं किया है अपितु उनमें भाजपा और विशेष रूप से प्रधानमंत्री मोदी के प्रति भरोसा बढ़ाने का भी काम किया है। आज यदि प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता का ग्राफ बढ़ रहा है तो उसके पीछे उनकी कल्याणकारी योजनाएं हैं। वह स्वतंत्र भारत के इतिहास में ऐसे प्रथम प्रधानमंत्री हैं जो स्वयं धरातल पर उतर कर सभी योजनाओं की सच्चाई का पता लगाकर योजनाओं को नया स्वरूप प्रदान कर उनका विस्तारीकरण भी कर रहे हैं। उदाहरण के रूप में प्रधानमंत्री जनऔषधि वितरण केंद्र योजना, अभी तक देशभर में 10 हजार औषधि वितरण केंद्र थे जिनका विस्तार अब 25 हजार तक किया जा रहा है। यह एक बहुत अच्छी योजना है और उन लोगों के लिए तो वरदान सरीखी है जिन्हें लम्बे समय या जीवनपर्यंत कोई दवा लेनी है। यात्रा के माध्यम से ही भाजपा दो करोड़ विकसित भारत ब्रांड एम्बेसडर बनाने जा रही है और उसके लिए कार्यशालाएं भी आयोजित की जा रही हैं। यह अभियान भी भाजपा को चुनाव में लाभ प्रदान करेगा। केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों में से एक बड़ी संख्या महिलाओं की है और इसका एक बड़ा कारण अनेक योजनाओं में घर की मुखिया के रूप में महिला को वरीयता दी गयी है। यही कारण है कि राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में हर चार में से तीन महिलाओं ने भाजपा को वोट दिया है और भारी मतदान भी किया है। वर्तमान सरकार में कई ऐसे कार्य हुए व निर्णय लिए गये हैं जिससे महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है। प्रधानमंत्री का कहना है कि जहाँ से लोगों की उम्मीदें समाप्त हो जाती है वहां से मोदी की गारंटी की शुरूआत हो जाती है और वे ऐसा कहते नहीं वरन करके दिखाते हैं। जब विकसित भारत संकल्प यात्रा का समापन होगा तब तक भाजपा करोड़ों लाभार्थियों तक अपनी पहुंच बना लेगी। वहीं, अयोध्या के भव्य राममंदिर का उद्घाटन भी संपन्न हो चुका होगा। इस प्रकार आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा भक्ति, अध्यात्म और विकसित भारत के संकल्प के बल एक बड़ी विजय प्राप्त करने की ओर अग्रसर होगी।

**लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

# शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी के मायने

इस वर्ष समूची दुनिया के शेयर बाजारों में तेजी देखी गयी है। वित्तीय विशेषज्ञ कह रहे हैं कि शेयर बाजारों के लिहाज से यह बहुत अच्छा साल रहा है। साल के आखिरी महीनों में अमेरिका में वॉल स्ट्रीट में बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। गंभीर आर्थिक चुनौतियों के बावजूद यूरोपीय शेयर बाजारों का प्रदर्शन भी बढ़िया रहा है। यह बड़े अचरज की बात है कि जापानी शेयर बाजार, जो कई वर्षों से अच्छा नहीं कर रहा था, में इस साल बड़ी उछाल देखी गयी। साल 1989-90 के बाद जापान का शेयर बाजार अपने उच्चतम स्तर पर है। भारतीय स्टॉक मार्केट भी ऐतिहासिक ऊंचाई पर है तथा बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसइ) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसइ) ऐतिहासिक स्तर पर हैं। शेयर बाजारों के मामले में इस साल का सबसे बड़ा अपवाद चीन रहा है। हाल के समय में दुनिया की इस दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में वृद्धि कम हुई है और उससे उबरने के प्रयास सफल नहीं हुए हैं। चीन के प्रॉपर्टी बाजार (रियल एस्टेट सेक्टर) में उतार-चढ़ाव को लेकर व्यापक रूप से अंदेशा जताया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप, हांगकांग स्टॉक मार्केट बुरी तरह प्रभावित हुआ है और उसके बाजार मूल्य में कमी आयी है। उल्लेखनीय है कि मूल्य की दृष्टि से भारतीय स्टॉक मार्केट ने हांगकांग को पीछे छोड़ दिया है। भारतीय शेयर बाजार अभी दुनिया का सातवां सबसे बड़ा स्टॉक मार्केट बन गया है। दुनियाभर के बाजारों में तेजी का संबंध निकट भविष्य को लेकर सकारात्मक अपेक्षाओं से है। अमेरिका और यूरोप समेत दुनिया के अधिकांश हिस्सों में मुद्रास्फीति में गिरावट आयी है। आम तौर पर यह माना जा रहा है कि अगले वर्ष मुद्रास्फीति में और भी कमी आयेगी। उल्लेखनीय है कि वैश्विक मुद्रास्फीति को बढ़ाने में कोरोना महामारी तथा रूस-यूक्रेन युद्ध की बड़ी भूमिका रही है। मुद्रास्फीति के नियंत्रण में आने से उम्मीद की जा रही है कि दुनियाभर के केंद्रीय बैंक या तो ब्याज दरों में कमी करेंगे या कम से कम उनमें बढ़ोतरी नहीं करेंगे। इससे यह अपेक्षा बनी है कि बाजार में पूंजी की उपलब्धता में वृद्धि होगी। यह जो अतिरिक्त पैसा आयेगा, वह विश्व के बड़े हिस्से में आर्थिक वृद्धि को भी गति देगा, क्योंकि इससे अर्थव्यवस्था और वित्तीय व्यवस्था पर दबाव में कमी आयेगी। विशेष रूप भारतीय शेयर बाजार में इस साल लगातार रिकॉर्ड बढ़त होती रही है। इस कारण एशिया-प्रशांत क्षेत्र में यह निवेशकों की पहली पसंद बन गया है। बीएसइ के सेंसेक्स और निफ्टी सूचकांक लगातार अपना रिकॉर्ड तोड़ते रहे हैं। कुल मिला कर, इस साल अब तक भारतीय स्टॉक मार्केट में 15 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। नवंबर के अंत तक नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की कुल बाजार पूंजी 3.989 ट्रिलियन डॉलर हो चुकी थी। भारतीय शेयर बाजार में इस शानदार उछाल के कुछ मुख्य कारण हैं। निकट भविष्य में आर्थिक वृद्धि से संबंधित उम्मीदें इन कारणों में एक है। वर्तमान वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में आरंभिक आकलनों में आर्थिक वृद्धि 7.6 प्रतिशत रही, जो पूर्ववर्ती अनुमानों से अधिक है। मार्च 2024 में समाप्त हो रहे चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर के 6.4 प्रतिशत के आसपास रहने की आशा है। अगर इस दर को हासिल कर लिया जाता है, तो यह छह प्रतिशत के पूर्ववर्ती अनुमान से अधिक होगा। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि को लेकर बनी मौजूदा उम्मीदें भारत के वित्तीय बाजारों को एक वांछनीय गंतव्य बना रही हैं। एचएसबीसी के पूवार्नुमानों के अनुसार, अगले वर्ष भारतीय शेयर बाजारों में कमाई में बढ़ोतरी 17.8 प्रतिशत के आसपास रहेगी। यह एशिया में सबसे अधिक दरों में एक है। बेहतर कमाई की यह संभावना बाजार में पैसा भी ला रही है। माना जा रहा है कि बैंक, स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा ऐसे कुछ क्षेत्र हैं, जो अगले साल स्टॉक मार्केट में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। हाल के समय में भारतीय शेयर बाजार में घरेलू भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। छोटे या खुदरा निवेशक बड़ी संख्या में बाजार से जुड़े हैं और यह प्रक्रिया जारी है। ऐसा देखा गया है कि जहां आम तौर पर विदेशी निवेशक बड़ी पूंजी वाले शेयरों में सक्रिय रहते हैं, वहीं स्थानीय खुदरा निवेशक माध्यम और छोटी पूंजी वाले शेयरों में अपना पैसा निवेशित कर रहे हैं। इससे हाल में इस श्रेणी में शेयरों के शानदार प्रदर्शन को कुछ हद तक समझा जा सकता है। ऐसा लगता है कि बाजार में आ रही पूंजी के मुख्य स्रोत वे घरेलू म्युचुअल फंड हैं, जिनकी नीति में छोटे और मध्यम पूंजी वाले शेयरों में निवेश का प्रावधान है। अगले साल भी इस रुझान के जारी रहने की उम्मीद स्टॉक मार्केट में उछाल का एक बड़ा स्रोत हो सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक ने कुछ समय से अपने मुख्य ब्याज दर में वृद्धि के सिलसिले को रोका हुआ है। हालांकि भारत के केंद्रीय बैंक को मुद्रास्फीति को लेकर आशंकाएं अब भी बनी हुई हैं। मुद्रास्फीति की दर अब भी निर्धारित लक्ष्य से अधिक है, क्योंकि मूल्यों पर दबाव डालने वाले कारक अब भी मौजूद हैं, लेकिन शेयर बाजार के खिलाड़ी संभवतः अगले साल ब्याज दरों में कटौती की आस लगाये हुए हैं। उनकी आशा है कि यह कटौती सौ बेसिस प्वाइंट के दायरे में हो सकती है। ब्याज दरों का स्तर कम होने से नगदी की उपलब्धता बढ़ती है और इससे स्टॉक मार्केट में पैसा लगाने के जोखिम को उत्साह भी मिलता है। विधानसभा चुनावों में भाजपा की हालिया जीत से भी इस उम्मीद को बल मिला है कि वित्तीय बाजार से संबंध में नीतिगत निरंतरता बनी रहेगी। अगले साल भी राजनीतिक स्थिरता और नीतियों में निरंतरता बरकरार रहने की आशा भी बाजार को है। फिर भी भारतीय और वैश्विक आर्थिक वृद्धि के समक्ष चुनौतियां और जोखिम बनी हुई हैं। भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक कारकों में हलचल से कीमतों में वृद्धि हो सकती है, खासकर अंतरराष्ट्रीय वस्तु बाजारों में। मसलन, यूरोपीय अर्थव्यवस्था और आर्थिक मंदी के बीच आंख-मिचौली चल रही है तथा कई अर्थशास्त्री मानते हैं कि बढ़ी हुई ब्याज दरों के कारण अगले साल भी यही स्थिति रहेगी।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**



मोदी जी और उनकी सरकार ये नहीं चाहते कि सदन चले। लोकतंत्र में सवाल करना हमारा अधिकार है। हम सवाल उठा रहे हैं कि संसद की सुरक्षा में जो चूक हुई, उस पर प्रधानमंत्री जी और गृह मंत्री जी बयान दें। सदन, इस देश की सबसे बड़ी पंचायत है। अगर आप सदन में नहीं बोलेंगे तो कहाँ बोलेंगे? प्रधानमंत्री जी और गृह मंत्री जी बाकी जगहों पर जाकर बात कर रहे हैं लेकिन वे सदन में बयान नहीं दते हैं। ऐसा करने से उन्होंने सदन का अपमान किया है।

**(कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का 'एक्स' पर पोस्ट)**



सुना है हेमंत सोरेन जी अनहोनी की आशंका से बेहद डरे, सहमे और परेशान चल रहे हैं। सरकार के पूरे स्पेशल ब्रांच और रॉची पुलिस को यह पता लगाने में लगाया गया है कि भारत सरकार से कौन लोग कब रॉची आना-जाना कर रहे हैं। खोज इस तरह हो रहा है मानो झारखंड सरकार किसी मोस्ट वांटेड को ढूंढ़ रही है। ये डर बहुत अच्छा है हेमंत जी। कानून का डर तो सबको होना ही चाहिये। काश ये डर आपको चार साल पहले हो गया होता तो न इतनी लूटपाट होती और न आपको ये दुर्दिन देखने की नौबत आती। पर क्या करियेगा? बहुत देर हो चुकी है। विधि के विधान को भला कौन टाल सकता है!

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)**

# वैश्विक लोकप्रियता के शिखर पर नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर विरोधियों द्वारा लाख आरोप-प्रत्यारोप लगाये जाते रहे हों पर इसमें दो राय नहीं कि आज लोकप्रियता में दुनिया के दिग्गज नेताओं में शीर्ष पर कोई नेता है तो वह मोदी ही हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन या रूस के पुतिन हों या अमेरिका के ही पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प, नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता के आसपास भी नहीं टिकते हैं। अमेरिका की कंसल्टेंसी फर्म मार्निंग कंसल्ट द्वारा इसी माह की शुरूआत में कराए गए सर्वे में यह साफ हो गया कि सर्वे में हिस्सा लेने वाले दुनिया के अलग-अलग देशों के 76 फीसदी लोगों की पहली पसंद नरेन्द्र मोदी हैं। लोकप्रियता में नकारने वाले भी केवल 18 फीसदी ही हैं जबकि 6 फीसदी ने अपनी कोई राय उजागर नहीं की। इससे पहले अमेरिकी थिंक टैंक प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश के 10 में से 8 व्यक्ति नरेन्द्र मोदी के प्रति सकारात्मक राय रखते हैं। यानी देश के 80 फीसदी लोग नरेन्द्र मोदी में विश्वास रखते हैं। 55 फीसदी लोगों की पहली पसंद नरेन्द मोदी है। देश की केवल 20 फीसदी आबादी नरेन्द्र मोदी को पसंद नहीं करती है। लोकप्रियता की सूची में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन 8 वें पायदान पर हैं। विश्वव्यापी लोकप्रियता अर्जित करना सामान्य बात नहीं है। हमारे देश के लिए तो यह और भी गर्व की बात हो जाती है कि हमारे नेता की लोकप्रियता दुनिया में पहले पायदान पर है। खास बात यह है कि लोकप्रियता के साथ विश्वसनीयता में भी वे सबसे आगे हैं। लोकप्रियता में अव्वल आना इस मायने में बड़ी बात है कि 76 फीसदी मामूली आंकड़ा नहीं है। यह लोकप्रियता के दूसरे पायदान पर रहे मैक्सिको के राष्ट्रपति एन्ड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर से पूरे दस प्रतिशत अधिक है। यानी नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता का आंकड़ा 76 फीसदी है तो दूसरे पायदान पर रहे मैक्सिको के राष्ट्रपति की लोकप्रियता का आंकड़ा 66 फीसदी यानी कि दस फीसदी कम है। सूची के अनुसार तीसरे पायदान पर स्विट्जरलैंड, चौथे पर ब्राजील, पांचवें पर आस्ट्रेलिया और छठे पायदान पर इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी हैं। उनकी और नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता में पूरे 35 फीसदी का अंतर है। देखा जाये तो कठोर से कठोर निर्णय भी एक झटके में लेने और भीड़ को अपने पक्ष में कर लेने की क्षमता नरेन्द्र मोदी को लोकप्रियता के शिखर पर पंहुचाती है। वैश्विक सम्मेलनों और मंचों पर ऐसा लगता है जैसे दुनिया के देशों का नेतृत्व नरेन्द्र मोदी ही कर रहे हों। भले ही इतर राय रखने वाले कुछ भी कहें पर अभी तो यही दिख रहा है और नरेन्द्र मोदी को सर्वमान्य नेता के रूप में प्रतिस्थापित करता है। इसे यों भी समझा जा सकता है कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त करने का निर्णय और इसे लेकर दुनिया के देशों की चुप्पी, कूटनीतिक कौशल व क्षमता को ही सिद्ध करता है। पाकिस्तान और चीन को अलग-थलग करना हो या फिर रूस-यूक्रेन युद्ध या इजरायल-हमास युद्ध कहीं भी नरेन्द्र मोदी की विदेश नीति को लेकर किसी तरह का विवाद नहीं हुआ। विरोधी देशों के संकट के दौरान सहायता में सबसे आगे रहना, अरब देशों को भी भारत के पक्ष में बनाये रखना, अमेरिका और रूस दोनों को ही साधे रहना, अपने आप में बड़ी बात है। कोरोना दौर में भारतीय वैक्सीन के माध्यम से दुनिया के देशों के मानव इतिहास के सबसे बड़े संकटकाल में सहभागी के रूप में आगे आना लोकप्रियता और विश्वसनीयता बनाए रखने की बड़ी सफलता है। अमेरिका में ओबामा, फिर ट्रम्प और अब जो बाइडन काल में भी समान अधिकार के साथ संबंध बनाए रखना, कम चुनौतीपूर्ण परिस्थितियां नहीं थी, लेकिन उससे भी पार पाने में कामयाबी हासिल की। पाकिस्तान को दुनिया के देशों से अलग-थलग करना तो मोदी के लिए मामूली बात सिद्ध हुई है।

# दक्षिण में मौसमी उथल-पुथल

दिसंबर तमिलनाडु के लिए उथल-पुथल का महीना है। राज्य के उत्तरी हिस्से (चेन्नई और पड़ोसी जिले) दो हफ्ते पहले तट से गुजरे मिचौंग चक्रवात से अभी उबर ही रहे थे कि दक्षिणी हिस्से (खासकर तूतुकुड़ी, तिरुनेलवेली, तेनकासी और कन्याकुमारी जिले) को अत्यधिक भारी बारिश ने अस्त-व्यस्त कर दिया। रविवार से सोमवार तड़के तक यह बारिश ऊपरी वायु परिसंचरण के चलते हुई। इस दौरान 39 जगहों पर ह्यअत्यधिक भारी बारिशह्ण (24 घंटे में 21 सेंटीमीटर से ज्यादा बारिश) दर्ज की गयी। तूतुकुड़ी के कायलपट्टिनम में 95 सेंटीमीटर की भयानक बारिश दर्ज की गयी, जबकि इसी दौरान आठ अन्य जगहों पर 50 सेंटीमीटर से ज्यादा बारिश दर्ज हुई। अभी चल रहे पूर्वोत्तर मानसून में इस पूरी मौसमी सक्रियता को बिल्कुल असामान्य माना गया। जैसा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्तालिन ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को लिखे अपने पत्र में कहा है, लगभग 40 लाख लोग ह्यबहुत बुरी तरह प्रभावितह्ण हुए हैं। तामिरपर्णी नदी में 1.5 लाख क्यूबिक फुट प्रति सेकेंड (क्यूसेक) का प्रवाह देखने को मिला, जो एक और विरल घटना है। हालांकि इंसानी नुकसान का सटीक आंकड़ा अभी तक पुख्ता नहीं हो पाया है, लेकिन यह संख्या कम रहेगी। लगभग 800 यात्रियों को तिरुचेंदूर से चेन्नई ले जा रही ट्रेन को श्रीवाइकुंतम स्टेशन पर रोका गया। आरंभिक रिपोर्टों के मुताबिक, बुनियादी ढांचे- सड़कों, रेल लाइनों, नहरों, टंकियों व बिजली के खंभों और बहुत से मकानों झ को नुकसान हुआ है। कई मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी राहत अभियानों की निगरानी कर रहे हैं, लेकिन यह काफी दिलचस्प है कि राज्यपाल आर.एन. रवि ने इन अभियानों पर चर्चा के लिए केंद्र सरकार के विभागों के प्रमुखों की बैठक आयोजित की। इस घटना ने एक बार फिर मौसम के पूवार्नुमान और तैयारी के बारे में सवाल खड़े किये हैं।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899 Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# धार्मिक, पर्यटन स्थलों तक पहुंच के लिए राजमार्ग पर 1.5 लाख करोड़ रुपए खर्च कर रहा केंद्र



**नई दिल्ली,**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने महत्वपूर्ण पर्यटक और धार्मिक स्थलों की कनेक्टिविटी में सुधार के लिए 1,49,758 करोड़ रुपये के आवंटन की घोषणा की है. इसके लिए लगभग 8,544 किलोमीटर की 321 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं शुरू की गई हैं. केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोकसभा को ये जानकारी दी. मंत्रालय मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास और रखरखाव के लिए जिम्मेदार है. नेशनल हाईवे का विकास सरकार के दृष्टिकोण के साथ पीएम गति शक्ति सिद्धांत पर नेटवर्क योजना के बाद किया जा रहा है. महत्वपूर्ण आर्थिक, पर्यटक और धार्मिक स्थलों के लिए कनेक्टीविटी में सुधार के लिए सड़क किनारे सुविधा (डब्ल्यूएसए), पर्याप्त साइनेज, सौंदर्यीकरण पर खर्च शामिल है. मंत्री ने एक लिखित उत्तर में कहा, इस तरह पर्यटन/धार्मिक स्थलों के विकास के लिए किसी डेडिकेटेड फंड की कोई जरूरत नहीं है. मंत्री द्वारा 21 राज्यों में राष्ट्रीय राजमार्गों पर किए गए आवंटन प्रस्तुत किए गए, जिनमें उत्तराखंड (13,181 करोड़ रुपए), केरल (12,427 करोड़ रुपए), तमिलनाडु (10,601 करोड़ रुपए), बिहार (10,028 करोड़ रुपए), उत्तर प्रदेश (7,721 करोड़ रुपए), राजस्थान (6,274 करोड़ रुपए), गुजरात (6,902 करोड़ रुपए) और पश्चिम बंगाल (5,361 करोड़ रुपये) शामिल हैं.

## फर्जी परीक्षण मामला: दाइहात्सू का परिवहन मंत्रालय ने किया निरीक्षण

**तोक्यो ।**

जापान के परिवहन मंत्रालय के अधिकारियों ने गुरुवार को टोयोटा की अनुषंगी कंपनी दाइहात्सू के कार्यालयों में जांच-पड़ताल की। इससे एक दिन पहले ही कंपनी के अधिकारियों ने घोषणा थी की कि वह छोटी कार इकाई के 64 मॉडल के अनुचित परीक्षण पाए जाने के बाद जापान के भीतर तथा बाहर सभी वाहनों के निर्यात को निलंबित कर रहा है। इस साल की शुरुआत में सुरक्षा परीक्षण अनियमितताओं का मामला सामने आने के बाद एक स्वतंत्र समिति ने जांच शुरू की थी। इसमें ओसाका स्थित दाइहात्सू मोटर कंपनी में व्यापक स्तर पर कई समस्याएं सामने आई थीं। परिवहन मंत्रालय के अधिकारियों ने भी गुरुवार को दाइहात्सू के कार्यालयों में जांच-पड़ताल शुरू की। मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने कहा कि यह बेहद निराशाजनक है।

इसने कार मालिकों के भरोसे को ठेस पहुंचाई और मोटर वाहन प्रमाणन प्रणाली की नींव हिला दी है। हालांकि, अभी तक इन परीक्षणों में हेराफेरी के कारण दुर्घटनाओं या मौत का कोई मामला सामने नहीं आया है। टोयोटा मोटर कॉर्प ने समिति की जांच के नतीजों का हवाला देते हुए बुधवार को कहा था कि दाइहात्सू जांच में 25 परीक्षण श्रेणियों में सुरक्षा परीक्षणों तथा अन्य प्रक्रियाओं में अनियमितताओं के 174 नए मामले सामने आए। दाइहात्सू के अध्यक्ष सोइचिरो ओकुदैरा ने कहा था कि हमें अपने ग्राहकों के विश्वास तोड़ने का खेद है। दाइहात्सु की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, समस्याएं 64 मॉडल और तीन वाहन इंजन में पाई गईं जिनमें टोयोटा द्वारा बेचे गए 22 मॉडल और एक इंजन शामिल है।

जांच में माज़्दा मोटर कॉर्प और सुबारू कॉप. के कुछ मॉडल में भी समस्याएं पाई गईं। इन्हें जापान में बेचा गया, जबकि टोयोटा तथा दाइहात्सु के मॉडल विदेशों में बेचे गए।

दाइहात्सु, टोयोटा की छोटी कार तथा ट्रक में विशेषज्ञता रखने वाली एक इकाई है जो जापान में काफी लोकप्रिय हैं।

# पटना में पेट्रोल और डीजल महंगा, नोएडा में सस्ता



**नई दिल्ली ।**

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें लगभग सपाट स्तर पर बनी हुई हैं। गुरुवार को डब्ल्यूटीआई क्रूड 0.62 डॉलर घटकर 73.60 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है। वहीं ब्रेंट क्रूड 0.47 डॉलर बढ़कर 79.70 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। भारत में हर सुबह 6 बजे ईंधन के दामों में संशोधन किया जाता है। जून 2017 से पहले कीमतों में संशोधन हर 15 दिन के बाद किया जाता था। पश्चिम बंगाल में गुरुवर को पेट्रोल 42 पैसे और डीजल 39 पैसे महंगा होकर बिक रहा है।

हिमाचल में पेट्रोल की कीमत में 28 और डीजल में 26 पैसे का उछाल है। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर, केरल, महाराष्ट्र और गोवा में भी पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़े हुए दिख रहे हैं। पंजाब में पेट्रोल 27 पैसे और डीजल 25 पैसे सस्ता हो गया है। गुजरात, कर्नाटक और तमिलनाडु में भी पेट्रोल-डीजल के दाम में हल्की गिरावट दिख रही है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 90.08 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.73 रुपये और डीजल 94.33 रुपये प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.58 रुपये और डीजल 89.75 रुपये प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.58 रुपये और डीजल 89.75 रुपये प्रति लीटर, लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपये और डीजल 89.76 रुपये प्रति लीटर, पटना में पेट्रोल 107.95 रुपये और डीजल 94.70 रुपये प्रति लीटर और पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपये और डीजल 79.74 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# बीएनसीएपी क्रैश टेस्ट से गुजरने वाली देश की पहली कार होगी टाटा हैरियर




**नई दिल्ली ।**

टाटा हैरियर बीएनसीएपी क्रैश टेस्ट से गुजरने वाली देश की पहली कार होगी। बताया जा रहा है कि टाटा हैरियर के फेसलिफ्ट मॉडल का क्रैश टेस्ट बीएनसीएपी में दिसंबर के दौरान ही किया जाएगा। गौरतलब है` कि इससे पहले हैरियर को जीएनसीएपी के क्रैश टेस्ट में 5 स्टार रेटिंग मिल चुकी है। हालों कि हैरियर के फेसलिफ्ट मॉडल को इसी साल सितंबर में इंडियन मार्केट में लॉन्च किया गया था। सवारी की सुरक्षा के लिए इसमें 7 एयरबैग (6 एयरबैग स्टैंडर्ड), हिल असिस्ट के साथ इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल, 360 डिग्री कैमरा, और टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (टीपीएमएस) जैसे फीचर खासतौर से दिए गए हैं। इसमें एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) भी दिया गया है जिसके तहत अब इसमें अडेप्टिव क्रूज कंट्रोल फीचर भी उपलब्ध है। इसके इंजन की बात करें तो हैरियर फेसलिफ्ट में 2-लीटर डीजल इंजन दिया गया है जो 170 पीएस की पावर और 350 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। इंजन के साथ इसमें 6-स्पीड मैनुअल और 6-सपीड ऑटोमेटिक गियरबॉक्स का विकल्प रखा गया है। इसके मैनुअल वेरिएंट में 16.80 किलोमीटर प्रति लीटर और ऑटोमेटिक में 14.60 किलोमीटर प्रति लीटर का माइलेज मिलता है। अपनी खुद की कार क्रैश टेस्टिंग एजेंसी रखने वाला भारत अब दुनिया का पांचवा देश हो गया है। इससे पहले अमेरिका, दक्षिण कोरिया, चीन और जापान में क्रैश टेस्ट किए जाते थे। वहीं भारत की गाड़ियों को जीएनसीएपी की ओर से ही टेस्ट किया जाता था। बीएनसीएपी क्रैश टेस्ट के दौरान कार का क्रैश टेस्ट किया जाएगा। इस दौरान इसमें फ्रंट इम्पैक्ट, साइड पोल इम्पैक्ट, साइड बैरियर इम्पैक्ट और इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल को जांचा-परखा जाएगा।

# बाजार में आ रही है सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक एसयूवी, नेक्जॉन ईवी को देगी टक्कर

**नई दिल्ली ।** कुछ समय बाद बाजार में एक ऐसी इलेक्ट्रिक एसयूवी लांच होने जा रही है जो सबसे सस्ती तो होगी ही, साथ ही नेक्जॉन ईवी को भी टक्कर देगी। यह खबर उन लोगों के लिए महत्वपूर्ण हो जो एक बेहतरीन एसयूवी खरीदने की प्लानिंग कर रहे हैं और चाहते हैं कि उसकी रनिंग कॉस्ट कम आए। यह कार जल्द ही इंडियन मार्केट में दस्तक देगी जो एक इलेक्ट्रिक एसयूवी होगी। इस कार को कोरियन कंपनी किआ लॉन्च करने जा रही है। बताया जा रहा है कि इस कार को कंपनी 2025 में भारतीय बाजार में उतार देगी। गौरतलब है कि इससे पहले मारुति ने भी 2025 में इलेक्ट्रिक कारों के बाजार में उतरने की घोषणा कर दी है। इस मामले में किया इंडिया के वरिष्ठ अधिकारी मायुंग कि सोन ने कहा कि हम एक बजट इलेक्ट्रिक एसयूवी बाजार में लॉन्च करने की योजना बना रहे हैं। ये कार किफायती रेट में उतारी जाएगी जिससे बड़ी संख्या में ये लोगों तक अपनी पहुंच बना सके। लेकिन कम कीमत का मतलब इसकी सुरक्षा, डिजाइन या फीचर्स से खिलवाड़ किसी भी तौर पर नहीं होगा और ये किसी प्रीमियम कार से कम नहीं होगी। उन्होंने कहा कि हम इस कार की हर साल करीब 10 हजार यूनिट्स सेल करने की उम्मीद लगा रहे हैं। किआ की इलेक्ट्रिक एसयूवी की सीधी टक्कर नेक्सॉन ईवी से होगी। हालांकि कंपनी की ओर से अभी तक कार की रेंज का खुलासा नहीं किया गया है लेकिन माना जा रहा है कि इसका लॉन्ग रेंज मॉडल करीब 475 किलोमीटर तक की रेंज देगा। वहीं इसकी कीमत को काफी कॉम्पीटीटिव रखा जाएगा। जिसके चलते ये बाजार में नेक्सॉन ईवी से कम कीमत पर भी उपलब्ध हो सकती है। हालों कि इससे पहले किआ ईवी 6 प्रीमियम प्राइस कैटेगरी की कारों में टॉप सेलिंग कार रही थी। 2022 में कंपनी ने प्रीमियम इलेक्ट्रिक कार की कैटेगरी में 37 फीसदी हिस्सेदारी पर कब्जा जमाया था।

## रुपया चार पैसे गिरकर 83.22 डॉलर



**मुंबई ।** घरेलू शेयर बाजारों के नकारात्मक रुख और विदेशी कोषों की निरंतर निकासी के बीच गुरुवार को रुपया शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले चार पैसे की गिरावट के साथ 83.22 पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि लाल सागर मार्ग के जरिए वैश्विक व्यापार में व्यवधान पर बढ़ती चिंताओं के बीच अमेरिकी डॉलर के कमजोर रुख से स्थानीय मुद्रा को थोड़ा समर्थन मिला और उसकी गिरावट सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.19 प्रति डॉलर पर खुला और बाद में गिरकर 83.24 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। हालांकि थोड़ी देर में 83.22 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से चार पैसे की गिरावट है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.18 पर बंद हुआ था। इस बीच दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 101.98 पर रहा।




## आरबीआई ने कार्ड टोकनीकरण की सुविधा शुरू की

**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों और अन्य संस्थानों के स्तर पर कार्ड-ऑन-फाइल (सीओएफ) टोकन सुविधा शुरू की। इसकी सहायता से ग्राहक अपने डेबिट या क्रेडिट कार्ड का टोकन बनाकर उसे विभिन्न ई-कॉमर्स ऐप के अपने खातों से जोड़ सकेंगे। इससे पहले सीओएफ टोकन केवल विक्रेता के ऐप या वेबपेज के जरिये ही बनाया जा सकता था। सीओएफ टोकन की मदद से ऑनलाइन भुगतान करते समय कार्ड का वास्तविक विवरण दिए बिना भुगतान किया जा सकता है। कार्ड टोकनीकरण की व्यवस्था लागू होने से डेटा चोरी और वित्तीय धोखाधड़ी से ग्राहकों का बचाव हो सकेगा। आरबीआई ने एक परिपत्र में कहा` कि सीओएफ टोकन सीधे कार्ड जारी करने वाले बैंकों या संस्थानों के जरिये बनाया जा सकता है। इससे कार्डधारकों को एक बार में ही कई विक्रेताओं के लिए अपने कार्ड को टोकन करने का अतिरिक्त विकल्प मिलेगा। सीओएफ टोकन में कार्ड के वास्तविक विवरणों, मसलन 16 अंकों की संख्या, क्रेडिट या डेबिट कार्ड की वैधता तिथि और सीवीवी नंबर की जगह एक वर्चुअल कोड लेगा। कार्डधारकों के लिए कार्ड का टोकनीकरण करवाना अनिवार्य नहीं है, लेकिन यह ऑनलाइन लेनदेन का एक सुरक्षित तरीका है, क्योंकि इसमें कार्ड का वास्तविक विवरण साझा करने की जरूरत नहीं पड़ती है।

## डीएलएफ ने गुरुग्राम, पंचकूला में बेचीं 1,400 करोड़ की संपत्तियां

**नई दिल्ली ।** रियल एस्टेट फर्म डीएलएफ लिमिटेड ने संपत्ति की मजबूत मांग के बीच हरियाणा के गुरुग्राम और पंचकुला में लगभग 1,400 करोड़ रुपये में आवासीय इकाई और वाणिज्यिक भूखंड बेचे हैं। बाजार मूल्यांकन के हिसाब से देश की सबसे बड़ी रियल एस्टेट डेवलपर डीएलएफ ने गुरुग्राम के सेक्टर 67 और पंचकूला में दो परियोजनाएं शुरू की हैं। डीएलएफ होम डेवलपर्स के एक व रिष्ठ अ धिकारी ने यहां संवाददाताओं को बताया कि हमने गुरुग्राम की अपनी नई परियोजना सेंट्रल 67 में 75 दुकान-सह-कार्यालय (एससीओ) भूखंड बेचे हैं। उन्होंने कहा कि ये 75 इकाइयां 700 करोड़ रुपये में बिकी हैं। इस परियोजना में कुल भूखंड नौ एकड़ का है। उन्होंने कहा कि डीएलएफ ने एक अन्य परियोजना वैली ऑर्चर्ड पंचकूला में शुरू की है जहां वह 470 स्वतंत्र फ्लोर विकसित कर रही है। उन्होंने कहा कि इनमें से हमने 400 इकाइयां पेश कर दी हैं। ये सभी 700 करोड़ रुपये में बेचे गए हैं। कंपनी ने ये फ्लोर 9,000 रुपये प्रति वर्गफुट की दर से बेचा है।




# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

### सेंसेक्स 359 , निफ्टी 108 अंक ऊपर आया

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। इस प्रकार बाजार गत दिवस हुई गिरावट से उबरता दिख रहा है। बाजार में ये उछाल दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में खरीददारी हावी रहने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 358.79 अंक करीब 0.51 फीसदी ऊपर आकर 70,865.1 0 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 108.25 अंक तकरीबन 0.51 फीसदी ऊपर आकर 21,258.4 पर बंद हुआ। निफ्टी की 38 कंपनियों के शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये जबकि 12 शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये हैं। आज के कारोबार के दौरान पावर ग्रिड के शेयरों में सबसे ज्यादा बढ़त रही। इसके अलावा आरआईएल और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी बढ़े हैं। सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड के शेयर में सबसे ज्यादा 2.27 फीसदी की तेजी रही। इसके अलावा एचडीएफ़सी बैंक, कोटक बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, आईटीसी, विप्रो, टीसीएस के शेयरों में भी तेजी रही। वहीं विदेशी संस्थागत निवेशकों ने गत दिवस 1,322.08 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची। वहीं गत दिवस बाजार में भारी गिरावट रही थी। दूसरी ओर दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो यूरोपीय बाजार गिरावट में कारोबार कर रहे थे और अमेरिकी शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। इसके अलावा एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की नीचे आया जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग ऊपर आया है। बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकर 350.2 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर लगभग 354.1 लाख करोड़ रुपये हो गया, जिससे निवेशकों में एक ही कारोबारी सत्र में 3.9 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का लाभ हुआ। इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजार से मिले कमजोर संकेतों के चलते सेंसेक्स 300 अंकों की गिरावट के साथ 70,200 के लेवल पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी भी 100 अंक फिसलकर 21000 के स्तर पर आ गया है। शुरुआत में सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 24 शेयर गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। एक्सिस बैंक, सन फार्मा और जेएसडब्ल्यू स्टील शीर्ष घाटे में रहे, जबकि रिलायंस ने तेजी से वापसी की और बेंचमार्क सूचकांकों में नुकसान को कम करने में मदद की। घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को भारी उतार-चढ़ाव रहा।




## सोना फिर चमका, चांदी की कीमत भी बढ़ी



**नई दिल्ली ।** क्रिसमस के त्योहार से पहले एक बार फिर से सोने और चांदी की कीमतों में जोरदार तेजी देखी जा रही है। एक वेबसाइट के अनुसार गुरुवार को शुरुआती कारोबार के दौरान 24 कैरेट सोने की कीमत 380 रुपये बढ़ गई। इसके बाद दस ग्राम सोने की कीमत 63,000 रुपये हो गई। साथ ही, 22 कैरेट सोने की कीमत भी 350 रुपये बढ़ी है। इसके बाद दस ग्राम सोने की कीमत 57,750 रुपये हो गई है। मुंबई में दस ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत कोलकाता और हैदराबाद की कीमतों के बराबर 63,000 रुपये है. जबकि, दिल्ली में दस ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 63,150 रुपये, बेंगलुरु में 63,000 रुपये और चेन्नई में 63,650 रुपये हो गई है। मुंबई में दस ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत कोलकाता और हैदराबाद के बराबर 57,750 रुपये है। दिल्ली में दस ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 57,900 रुपये, बेंगलुरु में 57,750 रुपये और चेन्नई में 58,350 रुपये पर बिक रहा है। चांदी की कीमत भी प्रति किलो एक हजार रुपये बढ़कर बढ़ गई है। दिल्ली और मुंबई में एक किलोग्राम चांदी फिलहाल 78.500 रुपये और चेन्नई में एक किलोग्राम चांदी 80,200 रुपये पर है। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि घरेलू बाजार में मजबूती के रुख के कारण कारोबारियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली करने से चांदी वायदा कीमतों में तेजी आई है।

## पहली छमाही में सीपीएसई का कैपिटल एक्सपेंडीचर 3.79 लाख करोड़ रहा

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (सीपीएसई) का पूंजीगत व्यय चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 3.79 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। यह बजट लक्ष्य का 52 प्रतिशत है। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही अप्रैल-सितंबर में सीपीएसई का पूंजीगत व्यय बजट लक्ष्य का 43 प्रतिशत यानी 2.85 लाख करोड़ रुपये रहा था। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट में कहा` कि सितंबर, 2023 तक सीपीएसई का पूंजीगत व्यय बजट लक्ष्य का 51.71 प्रतिशत रहा है। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सीपीएसई का पूंजीगत व्यय का लक्ष्य 7.33 लाख करोड़ रुपये है। वित्त वर्ष 2022-23 में पूरे साल के लिए सीपीएसई का पूंजीगत व्यय अनुमानतः 6.62 लाख करोड़ रुपये रहा है। यह पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-सितंबर अवधि में सीपीएसई द्वारा किए गए पूंजीगत व्यय से अधिक है। पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही में यह आंकड़ा 2.85 लाख करोड़ रुपये या 2022-23 वित्त वर्ष के बजट अनुमान का 43 प्रतिशत था।

# तकनीकी उत्पाद पर शुल्क मामले में भारत के साथ विवाद में नरम पड़ा ईयू



**नई दिल्ली ।**

तकनीकी उत्पादों पर शुल्क के मसले पर भारत के साथ विवाद में यूरोपीय संघ (ईयू) का रुख नरम पड़ा है। ईयू ने कहा कि वह तकनीकी उत्पादों पर भारत के साथ जारी विवादों का संतोषजनक समाधान पसंद करेगा मगर उसके पास इन उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाने का भी अधिकार है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने इस मामले में ईयू के पक्ष में आदेश दिया है, जिसके खिलाफ भारत ने अपील की है। यूरोपीय संघ का नियम है कि डब्ल्यूटीओ में अपील इकाई नहीं होने पर भी कोई देश अपील करता है तो संघ उसके खिलाफ सीमा शुल्क या अन्य शुल्कलगा सकता है। संघ के एक अधिकारी ने बताया कि इस समय डब्ल्यूटीओ में अपील सुनने वाली कोई संस्था नहीं है, इसलिए भारत की अपील का कोई मतलब ही नहीं है और मामला लटक गया है। ऐसे में ईयू अपने अधिकारों की रक्षा के नियम का इस्तेमाल कर जवाबी शुल्क लगा सकता है। मगर हम भारत के साथ विवाद का संतोषजनक समाधान करना चाहते हैं। यूरोपीय संघ की प्रतिक्रिया ऐसे समय में आई है जब डब्ल्यूटीओ के दूसरे सबसे बड़े विवाद निपटान पंचाट ने 17 अप्रैल को आदेश दिया था कि भारत ने सूचना प्रौद्योगिकी और मोबाइल सहित दूरसंचार उपकरणों पर शुल्क लगाकर वैश्विक समझौते का उल्लंघन किया है। भारत ने आदेश के खिलाफ अपील कर दी। यूरोपीय संघ के अधिकारियों ने कहा कि डब्ल्यूटीओ की विवाद निपटान इकाई की बैठक 18 दिसंबर को बैठक होनी थी, जिसमें इस मामले पर समिति की रिपोर्ट स्वीकार की जा सकती थी। रिपोर्ट स्वीकार कर ली जाती तो भारत को इसकी सिफारिश माननी पड़ती यानी सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी से जुड़े सभी उत्पादों से शुल्क हटाना पड़ता। मगर भारत ने इस बैठक से पहले ही अपील दायर कर दी। वाणिज्य विभाग के अधिकारियों ने कहा कि डब्ल्यूटीओ द्वारा तय समय के भीतर ऐसा समाधान नहीं हो पाया, जो दोनों पक्षों को मंजूर होता।

## देश का कोयला उत्पादन एक अरब टन पार होने की उम्मीद: मंत्री जोशी



**नई दिल्ली।** कोयला एवं खान मंत्री प्रल्हाद जोशी ने का कहना है कि चालू वित्त वर्ष में देश का कोयला उत्पादन एक अरब टन के आंकड़े से अ धिक हो जाएगा। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए देश का जीवाश्म ईंधन का उत्पादन लक्ष्य 101.21 करोड़ टन है। वाणिज्यिक कोयला खदान की नीलामी के नौवें दौर के शुभारंभ के दौरान मंत्री ने कहा कि इस साल हम एक अरब टन उत्पादन स्तर को पार करने जा रहे हैं। चालू वित्त वर्ष में कोयले की अनुमानित मांग 119.66 करोड़ टन है। मंत्री ने कहा कि वर्ष 2030 तक बिजली की मांग दोगुनी होने वाली है और इस जरूरत को पूरा करने के लिए देश को कोयले की जरूरत है। नौवें दौर की नीलामी पूरी होने के साथ ही 100 कोयला ब्लॉकों की बिक्री पूरी हो जायेगी। वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी के नौवें दौर में कुल 31 कोयला खदानों की पेशकश की जा रही है। ये खदानें कोयला, लिग्नाइट वाले राज्यों झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में हैं।

# शरबती आंखों की कैसे करें सुरक्षा



**आधुनिकता के बढ़ते दौर के कारण आज रोज-मर्रा की जिंदगी में कई मशीनों ने जगह बना ली है और इन सबमें सबसे आम है कम्प्यूटर। आज अधिकांश लोग दिन के 24 घंटों में से 10-12 घंटे कम्प्यूटर के सामने ही बिता रहे हैं।**



**दिनभर** ऑफिस में काम करते हुए तो कम्प्यूटर स्क्रीन आंखों के सामने रहती ही है और घर में इसका स्थान टीवी ले लेती है। ऑफिस जाने वाले लोगों की तो मजबूरी है कि उन्हें इतने समय कम्प्यूटर पर काम करना पड़ता है क्योंकि आज अधिकांश कार्यालयों में बिना कम्प्यूटर के काम ही नहीं होता, लेकिन स्कूल, कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों के लिए तो यह इतना अहम हो गया है कि इसके बिना वे अपने आप को असहाय महसूस करने लगते हैं। अगर वे कम्प्यूटर से हटते तो मोबाइल में लग जाते।

स्वभाविक सी बात है कि इतना समय कम्प्यूटर, टीवी, मोबाइल के सामने बिताना आपकी आंखों के लिए अच्छा नहीं है। आपकी आंखों पर इसका बुरा असर पड़ना लाजमी है। लेकिन अपनी आदतों में सुधार कर आप आंखों को इसके प्रभावों से बचा सकते हैं। नीचे दिए कुछ उपयोगी टिप्स अपनाएं और आंखों को स्वस्थ रखें।

▸ आपकी आंखों की सेहत के लिए जरूरी है कि आपके कम्प्यूटर की जमावट सही हो। मॉनीटर, कीबोर्ड का सही जगह होना बेहद जरूरी है। ध्यान रहे मॉनीटर की आपकी आंखों से दूरी एक हाथ बराबर हो और वह आंखों के लेवल से 20 डिग्री नीचे हो। कीबोर्ड भी ऐसी जगह होना जाहिए जहां आपको टाइप करने में कोई भी दुविधा न हो।

▸ आप जहां बैठे हैं उस कमरे का प्रकाश फैला हुआ होना चाहिए। आपके सिस्टम पर प्रकाश सीधे नहीं पड़ना चाहिए। अपने सिस्टम के कलर, कंट्रास और ब्राइटनेस को अपने अनुसार सेट करें जो आपकी आंखों के लिए सहज हो।

▸ आप अपने चश्मे के लेंस पर एंटी-रिफ्लेक्टिव पर्त लगवा सकते हैं जो आपकी आंखों को कम्प्यूटर से निकलने वाली हानिकारक किरणों से बचाएगा। इसके अलावा आप आंखों के डॉक्टर से कन्सल्ट कर एक खास चश्मा बनवा सकते हैं जो विशेषकर उन लोगों के लिए बनाया जाता है जो कम्प्यूटर का अधिक इस्तेमाल करते हैं।

▸ हमेशा 20-20-20 नियम याद रखें। इन तीन स्टेप्स को अपनाकर आप आंखों की हिफाजत बखूबी कर सकते हैं।

● कम्प्यूटर पर काम करते हुए हर 20 मिनिट बाद अपने सिर को घुमाएं और ऐसी किसी वस्तु पर नजर डालें जो कम से कम आप से 20 फीट दूर हो। ऐसा करने से आपकी आंखों की फोकस दूरी बदलेगी जो आंखों को स्वस्थ रखने में मदद करेगी।

● छोटा-सा ब्रेक लें और उसमें अपनी पलकों को लगातार 20 बार झपकाए। ऐसा करने से आंखों की नमी बरकरार रहेगी।

● एक ही पोजीशन में बैठे रहने से अच्छा है कि आप हर 20 मिनिट में उठकर 20 कदम चलें। ऐसा करना आपकी आंखों के साथ-साथ पूरे शरीर के लिए लाभप्रद है। इससे आपके पूरे शरीर में रक्त का प्रवाह आसानी से होगा। अन्यथा एक ही जगह बैठे रहने से रक्त प्रवाह में रुकावट आ जाती है।

▸ हम औसतन एक मिनिट में 12 बार पलक झपकाते हैं, लेकिन क्या आपको पता है जब हम कम्प्यूटर पर काम करते हैं तो एक मिनिट में सिर्फ 5 बार ही पलकें झपकती हैं। जिस कारण हमारी आंखों की नमी कम हो जाती है। और यही कमी हमारी असहजता का कारण बन जाती है। इससे बचने के लिए जरूरी है कि आप पलक झपकाना न भूलें और आंखों को नम बनाए रखने के लिए जेल या कृत्रिम आंसुओं का उपयोग करें।

▸ काम करते समय हमेशा तनकर बैठे ताकि आपका मेरूदंड सीधा रहे। अपनी हथेलियां आपस में तब तक रगड़ें जब तक कि वे थोड़ी गर्म न हो जाएं। हथेलियों की यह गर्माहट आपक?ी थकी हुई आंखों को आराम पहुंचाएगी। अपनी इन गर्म हथेलियों को हल्के से आंखों पर रखें और 60 सेकेण्ड तक आराम करें। अपने मन में ये 60 सेकेण्ड गिनें और जब भी आपकी आंखे थक जाएं तब कम से कम दो से तीन बार इस एक्सरसाइज को करें।

▸

ब्रेक के दौरान अपने चेहरे और आंखों को सादे पानी से धोएं। ऐसा करने से आप फ्रेश फील करेंगे।

▸ सुबह ऑफिस आने से पहले उपयोग किए गए दो टी-बैग्स फ्रिज में रखना न भूलें और जब आप घर जाएं तो इन टी-बैग्स को आंखों पर कुछ मिनिटों के लिए रखें। यह आपकी थकी हुई आंखों को आराम देने के साथ-साथ उनकी सूजन भी कम करेगा।

▸ आंखों को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है उचित खान-पान। अपने रोजाना के खाने में विटामिन ए, सी और ई से भरपूर खाद्य पदार्थों को शामिल करें। हरी पत्तेदार सब्जियां, टमाटर, चिकन और दुग्ध उत्पादों को भी अपने आहार में शामिल करें। अगर आप अपनी आंखों को स्वस्थ रखना चाहते हैं तो इन टिप्स को अपनाने के साथ समय-समय पर आंखों की जांच कराना न भूलें।

# सर्द मौसम में महिलाएं रखें सावधानी

**बदलते** मौसम का अर्थ ढेरों बीमारियों को बुलावा। ऐसे में महिलाओं को अपना विशेष ध्यान रखना होता है। महिलाओं को कई प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बीमारी उन्हें जब तक पूरी तरह से न पकड़ ले, वे चिकित्सक के पास जाना पसंद नहीं करती हैं। लापरवाही के कारण कभी-कभी बीमारियां इतनी गंभीर हो जाती हैं कि इलाज असंभव हो जाता है। पहले महिलाएं अज्ञानता के चलते ऐसा करती थीं। आज महिलाएं शिक्षित और समझदार हैं लेकिन आज भी सिर्फ ध्यान न देने की वजह से बीमारियां ने गंभीर रूप ले लेती हैं। महिलाओं को चाहिए कि अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखें और समय-समय पर डॉक्टरी परामर्श लेते रहें। * व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लें। व्यायाम ज्यादा पकाऊ न हो, इसके लिए रोज कुछ नया करने का प्रयास करें। जैसे सोमवार को सैर, मंगलवार को योग, बुधवार को एक्सरसाइज आदि। *व्यायाम करते समय अपनी पसंद का म्यूजिक सुनना बहुत जरूरी होता है। इससे मन प्रसन्न होता है, और शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। * खाने में हरी सब्जी, फल, सलाद और जूस का नियमित सेवन करें। तेल-घी का ज्यादा उपयोग न करें। महिलाएं एक गिलास दूध प्रतिदिन पिएं। कैल्शियम और सोयायुक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें। * बदलते मौसम में मॉइश्चराइजर का उपयोग करें। त्वचा को स्वस्थ रखने के लिए एलोवेरा का उपयोग भी कर सकते हैं। दिनभर में लगभग 18 से 20 गिलास पानी पीने से आधी से ज्यादा बीमारियां दूर रहती हैं। * विटामिन, एंटीऑक्सीडेंट दवाइयों का सेवन करें। महिलाएं ब्रेस्ट कैंसर और बच्चादानी के कैंसर की समय-समय पर जांच कराती रहें। साथ ही अन्य चेकअप भी कराती रहें। * जो भी खाएं और पकाएं, हमेशा धोकर खाएं। कफ कोल्ड वाले इंसानों से दूर रहें। जितना हो सके बीमारियों से बचकर रहें।



# ठंड से बचाएं अपने नन्हे से दिल को

**जाड़े** की दस्तक के साथ ही मौज-मस्ती का सिलसिला शुरू हो रहा है। क्रिसमस से लेकर पूरे जनवरी महीने तक बेफिक्री का आलम रहेगा। रंग में भंग डालने की मेरी कोई मंशा नहीं है लेकिन मौज-मस्ती के अपने धांसू आइडिया के साथ अपने दिल की खैरियत के खयाल की गठरी भी बांध लें तो बेहतर होगा। इस दौरान दिल की तरफ से बेतकल्लुफ हो जाना खतरे से खाली नहीं है। ब्रिटेन के चर्चित कवि टीएस इलियट की तर्ज पर कहें तो दिल की परवाह नहीं की तो ये महीने सबसे निर्दयी साबित हो सकते हैं। खाने-पीने का दौर ही नहीं, जाड़े की ठिठुरन भी घातक साबित होती है। सीधे कहें तो इन महीनों में दिल के दौरे का खतरा बहुत बढ़ जाता है। उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोग तो खास खयाल रखें। हृदय रोगों के लिए ये महीने सबसे घातक होते हैं। ठंडे मौसम का हृदय रोगों से गहरा संबंध होता है। हृदय एवं रक्त संचार कई तरह से प्रभावित होते हैं। गाढ़ा हो जाने से रक्त का लसलसापन बढ़ जाता है। पतली रक्त नलिकाएं और संकरी हो जाती हैं। इससे रक्त का दबाव बढ़ जाता है, दिल की धड़कन बढ़ जाती है। यह स्थिति दिल के मरीजों के लिए तो ठीक नहीं ही है, उनके दिलों के लिए भी घातक हैं जो मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा एवं कोलेस्ट्रॉल जैसे जोखिम कारकों से लैस हैं। इस मौसम में श्वसन से संबंधित बीमारियां होती हैं जो दिल पर बुरा असर डालती हैं। जाड़े में लोग शराब का अधिक सेवन करते हैं। उच्च रक्तचाप एवं खून को पतला करने सहित अन्य जरूरी दवाइयों से बचते हैं। मस्ती के दौरान उन लक्षणों को गंभीरता से नहीं लेते जो दिल के दौरे की तरफ इंगित करते हैं। छाती के दर्द तक को गैस या अपच के कारण हुआ समझने की भूल करते हैं। जाड़े में अधिक समय तक ठंड में रहने और खुली जगह में शारीरिक मेहनत करने से बचें तभी आपके दिल की गर्मजोशी बरकार रहेगी।

# आहार जो दे आपको सर्दियों में गर्मी

**सर्दी को** हमारे यहां सेहत बनाने का मौसम माना जाता है। खूब सारे फल आते हैं, पाचन-शक्ति अच्छी होती है और खूब भूख भी लगती है। कहा जाता है कि इस मौसम में पत्थर भी पचाए जा सकते हैं। ऐसे में जो लोग जिम जाकर बॉडी बनाना चाहते हैं, उनके लिए भी यह मौसम बड़े काम का है।



इस मौसम में स्वस्थ रहने और सर्दी से बचने के लिए बाहरी उपायों के अतिरिक्त हमारे यहां खान-पान पर भी जोर दिया जाता है। इस मौसम में सर्दी-जुकाम होने की आशंका ज्यादा रहती है, ऐसे में अपने शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए एक्सपर्ट अपने खाने में नेचुरल एंटीऑक्सीडेंट्स को शामिल करने का सुझाव देते हैं। ठंड के मौसम में अपने खाने में आंवले को शामिल करें। सीधे नहीं खा सकते हैं तो या तो मुरब्बे के तौर पर या फिर किसी और तरह से हर दिन के खान-पान में इस्तेमाल करें। यदि आप डाइट चार्ट का पालन कर रहे हैं तो फिर आंवला मुरब्बा लेने की बजाय किसी और रूप में लें। इसके साथ ही अजवाइन भी शरीर को गर्मी देने का अच्छा स्त्रोत है। इससे भी आप कोल्ड एंड फ्लू से बचाव कर सकते हैं। गुड़ और शहद भी सर्दियों के दिनों में अच्छा माना जाता है। तिल्ली और गुड़ के लड्डू सर्दी से बचाव के लिए बेहतरीन उपाय माना जाता है। ठंड के मौसम में सूखे मेवे, बादाम आदि का सेवन भी लाभदायक होता है। या तो इन्हें भिगोकर खाएं या दूध में मिलाकर या फिर सूखे मेवों का दरदरा पावडर-सा बना लें और इसे दूध में मिलाकर प्रोटीन शेक-सा बना लें। पारंपरिक तौर पर सर्दियों के लिए मेवे के लड्डू बनाए जाते हैं। आटे, बेसन या फिर उड़द या मूंग की दाल के आटे से लड्डू बनाए जाते हैं। गुजरात में उड़द की दाल के आटे से बने लड्डुओं को अड़दिया कहा जाता है, जबकि पंजाब में इन्हें दाल की पिन्नियों के नाम से जाना जाता है। डाइट एक्सपर्ट यह मानते हैं कि सर्दियों में देशी घी का उपयोग किया जाना चाहिए। यदि आप किसी डाइट चार्ट को फालो नहीं कर रहे हैं तो घी इस मौसम में अच्छा रोग प्रतिरोधक माना जाता है। यदि आप शक्कर और घी से परहेज करते हैं तो मौसमी फलों का सेवन करें। ताजी सब्जियों और मौसम के फलों के साथ गर्म दूध भी सर्दियों के लिए अच्छा माना जाता है।

# सूर्य-किरण थेरेपी क्या है?



**वैज्ञानिकों** की मान्यता है कि विविध रंगों का मानव के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर बड़ा प्रभाव पड़ता है और प्रत्येक रंग के अपने विशेष आरोग्यकारक गुण होते है। रंग असंतुलन अर्थात रंगों की कमी या अधिकता के कारण मनुष्य के शरीर में कई प्रकार के रोग उत्पन्न हो जाते हैं। सामान्य रूप से देखने पर सूर्य का प्रकाश सफेद ही दिखाई देता है पर वास्तव में वह सात रंगों का मिश्रण होता है। कांच के त्रिपार्श्व से सूर्य की किरणों को गुजारने पर दूसरी ओर इन सात रंगों को स्पष्ट देखा जा सकता है। किसी विशेष रंग की कांच की बोतल में साधारण पानी, चीनी, मिश्री, घी, ग्लिसरीन आदि तीन-चौथाई भरकर सूर्य की किरणें दिखाने से या धूप में रखने से उस कांच द्वारा सूर्य के प्रकाश से उसी रंग की किरणों को ग्रहण किया जाता है और उसी रंग का तत्व और गुण पानी आदि वस्तु में उत्पन्न हो जाता है और वह सूर्यतप्त (सूर्य किरणों द्वारा चार्ज की गई वस्तु रोग-निवारण गुणों और स्वास्थ्यवर्धक तत्वों से युक्त हो जाती है। इन सूर्यतापित वस्तुओं के उचित भीतरी और बाहरी प्रयोग से मनुष्य के शरीर में रंगों का संतुलन कायम रखा जा सकता है और अनेक प्रकार के रोगों को सहज ही दूर किया जा सकता है। यही सूर्य किरण चिकित्सा है। सूर्य की किरणों में सर्वरोगनाशक अद्भुत शक्ति है, यह बात हमारे ॠषि-मनीषी हजारों साल पहले अच्छी तरह जानते थे, परन्तु आधुनिक युग में सूर्य किरण चिकित्सा और रंग-चिकित्सा का अनुसंधान और विकास कार्य विदेशों में हुआ। अब सूर्य-किरण-चिकित्सा भारत में भी निरंतर लोकप्रिय होती जा रही है।



## पुंछ जिले में आर्मी के वाहन पर आतंकी हमला, घात लगाकर बनाया निशाना

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के पुंछ के सुरनकोट के तनावपूर्ण क्षेत्र में एक परेशान करने वाली घटना सामने आई जब आतंकवादियों ने डीकेजी के पास सेना के एक वाहन पर घात लगाकर हमला किया। स्थानीय लोगों के अनुसार, स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। अधिकारी विस्तृत जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, बल मौके पर पहुंच गए हैं। इससे पहले 20 अप्रैल को हुई एक घटना में विनाशकारी क्षति हुई थी जिसमें कम से कम 5 भारतीय सैनिकों की जान चली गई थी। इस दुखद क्षति के साथ-साथ, कई अन्य लोग घायल हो गए, क्योंकि हमले में जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले के भीतर भिम्बर गली से संगियोट की ओर जा रहे सेना के वाहन को निशाना बनाया गया। जिस इलाके में ऑपरेशन चल रहा है, वह वही इलाका है जहां अक्टूबर 2021 में पुंछ के सुरनकोट के दारा की गली (डीकेजी) इलाके में एक घातक हमले में भारतीय सेना के पांच जवान शहीद हो गए थे। ऑपरेशन एक महीने से अधिक समय तक चला, जिसमें नौ कार्रवाई में सेना के अधिकारी मारे गए जबकि महीनों के हमले के बाद एक आतंकवादी मारा गया। इससे पहले, क्षेत्र में आतंकवादियों के संदिग्ध समूह की आवाजाही के बाद संयुक्त सुरक्षा बलों ने पुंछ जिले के ऊपरी इलाकों में बड़े पैमाने पर आतंकवाद विरोधी अभियान चलाया। एसएसपी पुंछ विनय शर्मा सहित जम्मू कश्मीर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और सेना के अधिकारी मौके पर पहुंच रहे हैं।

## भारत में 4 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए उपयोगी कफ सिरप पर रोक

नई दिल्ली। भारत के दवा नियामक ने चार साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सर्दी-रोधी दवा संयोजन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाकर कहा है कि दवाओं को तदनुसार लेबल किया जाना चाहिए। यह कदम कफ सिरप से विश्व स्तर पर करीब 141 बच्चों की मौत के मद्देनजर उठाया गया है। नियामक निकाय ने शिशुओं के लिए एक अस्वीकृत सर्दी-रोधी दवा फॉर्मूलेशन के प्रचार के संबंध में चिंताओं को संबोधित किया, जिससे उस आयु वर्ग के लिए संयोजन का उपयोग करने के खिलाफ चर्चा हुई और बाद में सिफारिश की गई। यह निर्देश 2019 के बाद से भारत में घरेलू स्तर पर उत्पादित विषाक्त कफ सिरप से जुड़ी बच्चों की मौतों की एक श्रृंखला के बाद आया है। इन घटनाओं, जिसमें पिछले साल के मध्य से गाम्बिया, उज्बेकिस्तान और कैमरून में कम से कम 141 मौतें शामिल हैं। नियामक ने आदेश जारी किया, जिसका सार्वजनिक रूप से खुलासा किया गया, जिसमें दवा निर्माताओं को अपने उत्पादों पर चेतावनी के साथ लेबल लगाना अनिवार्य है, कि फिक्स्ड-ड्रग कॉम्बिनेशन (एफडीसी) का उपयोग 4 साल से कम उम्र के बच्चों में नहीं होना चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन पांच साल से कम उम्र के बच्चों में खांसी और सर्दी के लक्षणों के इलाज के लिए ओवर-द-काउंटर खांसी सिरप या दवाओं के उपयोग की अनुशंसा नहीं करता है।

## कर्नाटक में लगातार बढ़ रहे कोरोना के मामले, सिद्धारमैया सरकार सतर्क

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया राज्य में कोरोना मामलों में कथित वृद्धि को लेकर उच्च स्तरीय बैठक बुलाएंगे। उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार, स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव और वरिष्ठ अधिकारी भी उभरती स्थिति पर चर्चा के लिए बैठक में शामिल होने वाले हैं। सूत्रों ने बताया है कि राज्य में मामलों की संख्या जल्द ही 100 का आंकड़ा पार करने की आशंका है, राजधानी बेंगलुरु में स्थिति तेजी से चिंताजनक हो रही है, क्योंकि मामले तेजी से फैल रहे हैं। अधिकारियों ने जीनोम अनुक्रमण के लिए और राज्य में जेएन.1 वैरिएंट की उपस्थिति की जांच के लिए बेंगलुरु से 17 नमूने भेज दिए हैं। जीनोम अनुक्रमण की प्रक्रिया में 10 से 15 दिन लगने का अनुमान है, और परिणाम पांच दिनों में आने की उम्मीद है। 20 दिनों में, बेंगलुरु में 42 सकारात्मक कोविड मामले सामने आए हैं। इसमें एक सप्ताह के भीतर तीन मौतें दर्ज की गई हैं। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि सभी को अन्य गंभीर बीमारियां भी थीं। उभरती स्थिति के कारण अधिकारियों के बीच चिंताएं बढ़ रही हैं, खासकर आगामी नए साल और क्रिसमस समारोहों के साथ। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि कुल सक्रिय रोगियों की संख्या 92 है। इसमें से 72 लोग घर पर आइसोलेशन में हैं, जबकि 20 लोगों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। सात का इलाज आईसीयू में चल रहा है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा, रिपोर्ट की गई सकारात्मकता दर 2.47 प्रतिशत है और मामले की मृत्यु दर 10 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि पिछले 24 घंटों में लिए 808 कोविड परीक्षण किए गए, जिसमें से 407 आरटीपीसीआर और 401 आरएटी परीक्षण थे।

## संसद सुरक्षा चूक मामले में चारों आरोपियों को 5 जनवरी तक रिमांड पर भेजा

नई दिल्ली। संसद सुरक्षा चूक मामले में दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने आरोपियों की पुलिस रिमांड बढ़ा दी है। पटियाला हाउस कोर्ट ने संसद में सेंधमारी करने के चार आरोपियों की 15 दिनों की रिमांड बढ़कर 5 जनवरी तक रिमांड पर भेज दिया। बता दें कि चार आरोपियों में सागर शर्मा, मनोरंजन डी, नीलम और अमोल शिंदे की सात दिनों की पुलिस हिरासत की अवधि गुरुवार को समाप्त हो रही थी। दरअसल, दिल्ली पुलिस ने चारों आरोपियों की 15 दिन की रिमांड की मांग कर कहा था कि हमें कुछ अहम सबूत मिले हैं। पुलिस ने कहा कि 7 दिनों में हमें कुछ अहम सबूत मिले हैं और जांच से जुड़ी कुछ अहम बातें ओपन कोर्ट में नहीं बता सकते हैं। यह मामला बहुत संवेदनशील है। इसके बाद कोर्ट ने मामले में अरेस्ट सभी आरोपियों से बातचीत की। दिल्ली पुलिस ने कहा कि 7 दिन की रिमांड के दौरान हम आरोपियों को कई जगह ले जा चुके हैं। दिल्ली पुलिस ने कहा कि जो सबूत मिले हैं, उनका आरोपियों के साथ मिलान करना है। सोशल मीडिया की जांच करनी है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि यह इतना आसान केस नहीं है और इसमें कई आधार एक-दूसरे से जुड़े हैं। इस मामले से जुड़े डीप रूट का पता लगाना है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि कौन जुड़ा है, कहां से मदद मिली है, यह सब पता लगाना है। इसके बाद पटियाला हाउस कोर्ट ने चारो आरोपियों को 5 जनवरी तक दिल्ली पुलिस के रिमांड पर भेज दिया। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने चारों आरोपियों के नया सिम कार्ड जारी करवाने की इजाजत मांगी है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि आरोपियों ने घटना के बाद अपना सिम कार्ड नष्ट कर दिया है। हमें जानकारी के लिए नया सिम कार्ड, क्लोन के रूप में जारी करवाना चाहते हैं, जिससें हमें मोटिव पता चल सके। दिल्ली पुलिस ने चारों आरोपियों की साइको एनालिसिस करवाने की मांग की है।

## अयोध्या में बनेगी देश की सबसे बड़ी मस्जिद, ताज महल से भी होगी ज्यादा खूबसूरत

अयोध्या। भाजपा नेता और मस्जिद मुहम्मद बिन अब्दुल्ला विकास समिति के अध्यक्ष ने गुरुवार को कहा कि अयोध्या के धन्नीपुर गांव में पांच एकड़ जमीन पर बनने वाली मस्जिद ताज महल से भी बेहतर होगी। हाजी अरफात शेख ने आगामी मस्जिद की प्रमुख विशेषताओं और विशेषताओं पर प्रकाश डाला, जो राम मंदिर



से केवल 25 किमी दूर बनाई जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल 9 नवंबर को अयोध्या में विवादित राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद स्थल पर राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया था। केंद्र को सुन्नी वक्फ बोर्ड को वैकल्पिक पांच एकड़ जमीन आवंटित करने का निर्देश दिया था। इसके बाद राज्य सरकार ने अयोध्या के धन्नीपुर गांव में पांच एकड़ जमीन आवंटित की। हाजी अरफात शेख ने कहा कि नई मस्जिद, जो भारत में सबसे बड़ी होगी, में केसर रंग में दुनिया की सबसे बड़ी कुरान होगी, जिसकी ऊंचाई 21 फीट और चौड़ाई 36 फीट होगी। मस्जिद में पहली नमाज मक्का के इमाम इमाम-ए-हरम अब्दुल रहमान ऐ-सुदैस अदा करेंगे। हाजी अरफात शेख ने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि यह मस्जिद ताज महल से भी ज्यादा खूबसूरत होगी। यह 'दावा और दुआ' का केंद्र होगी क्योंकि इसमें न केवल लोगों को नमाज पढ़ने की इजाजत होगी बल्कि 500 बिस्तरों वाला कैंसर अस्पताल भी होगा जिससे लोगों को फायदा होगा। यूपी से कोई भी कैंसर के इलाज के लिए मुंबई नहीं जाएगा। इसमें डेंटल, मेडिकल और इंजीनियरिंग के विभिन्न कॉलेज भी होंगे।

# आतंकवाद के लिए हो रहा पैसों का इस्तेमाल...

## यूपी के बाद महाराष्ट्र में हलाल प्रोडक्ट्स पर बैन की मांग

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक नितेश राणे ने गुरुवार को कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में 'हलाल-प्रमाणित' उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध की तरह, महाराष्ट्र में भी हलाल-प्रमाणित भोजन पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। बीजेपी नेता ने कहा कि हलाल सर्टिफिकेट के लिए इकट्ठा किया गया पैसा आतंकवाद के लिए इस्तेमाल किया गया। हलाल, जिहाद, लव जिहाद बड़ी चिंताएं हैं। भाजपा नेता नितेश राणे ने कहा कि हलाल सर्टिफिकेट के नाम पर जुटाए गए पैसों का इस्तेमाल आतंकवाद में किया जाता है। इसका इस्तेमाल हिंदू धर्म के खिलाफ किया जाता है। हमारे पास इससे जुड़े सारे सबूत हैं। जिस तरह उत्तर प्रदेश सरकार ने हलाल सर्टिफिकेट पर रोक लगाई है, उसी तरह महाराष्ट्र में भी इस पर






रोक लगनी चाहिए। मैं इसके बारे में बात करूंगा।

उन्होंने कहा कि दो कंपनियां हैं जो हलाल सर्टिफिकेट देती हैं और वे भी महाराष्ट्र से हैं। दोनों कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। मैं इस संबंध में मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को पत्र लिखने जा रहा हूं। उत्तर प्रदेश सरकार ने 18 नवंबर को राज्य में हलाल प्रमाणीकरण वाले भोजन, दवाओं और कॉस्मेटिक वस्तुओं के उत्पादन, भंडारण, वितरण और बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया। अधिकारियों ने कहा कि प्रतिबंध सार्वजनिक स्वास्थ्य के हित में और भ्रम को रोकने के लिए लगाया गया है। उत्तर प्रदेश खाद्य आयुक्त के आदेश में कहा गया है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य के हित में, उत्तर प्रदेश में हलाल-प्रमाणित खाद्य पदार्थों के उत्पादन, भंडारण, वितरण और बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जाता है। हलाल प्रमाणीकरण यह सुनिश्चित करता है कि उत्पाद और सेवाएँ इस्लामी कानून का अनुपालन करें। आयुक्त के आदेश में कहा गया है कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता तय करने का अधिकार केवल खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत उल्लिखित अधिकारियों के पास है।

## ईडी के नोटिस पर केजरीवाल ने कहा मेरे पास छिपाने के लिए कुछ नहीं

नई दिल्ली। दिल्ली के सीएम आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के नोटिस को गैर कानूनी और राजनीति से प्रेरित बताते हुए कहा है कि मेरे पास छिपाने लिए कुछ नहीं है। आप सूत्रों के हवाले से मीडिया में आ रहीं खबरों के मुताबिक केजरीवाल को ईडी ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन वह बुधवार को 10 दिवसीय विपश्यना ध्यान सत्र के लिए चले गए। सूत्रों ने मुख्यमंत्री के जवाब का हवाला देते हुए कहा, ''केजरीवाल ने ताजा समन को राजनीति से प्रेरित और गैर कानूनी बताया है। अपने जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपना जीवन पारदर्शिता और ईमानदारी से गुजारा है और उनके पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि वह किसी भी कानूनी समन को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। केजरीवाल को मंगलवार को विपश्यना सत्र के लिए रवाना होना था, लेकिन विपक्षी गुट 'इंडिया की बैठक में व्यस्त होने के कारण वह ऐसा नहीं कर सके। आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा था, ''हर कोई जानता है कि मुख्यमंत्री 19 दिसंबर को विपश्यना के लिए जा रहे हैं। वह नियमित रूप से इस ध्यान सत्र के लिए जाते हैं। यह एक पूर्व निर्धारित और पूर्व घोषित कार्यक्रम है। ईडी ने इससे पहले केजरीवाल को दो नवंबर को समन भेजा था, लेकिन नोटिस को गैर कानूनी और राजनीति से प्रेरित बताते हुए वह पूछताछ में शामिल नहीं हुए थे।

# इंडिया की बैठक में खरगे के नाम पर चर्चा पर भड़की जेडीयू, बुलाई आपात बैठक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हाल में इंडिया गठबंधन की बैठक हुई। जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर उछला। इसके बाद सियासी गलियारों में इस बात की चर्चा शुरु हो गई कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नाराज हो गए हैं। उन्होंने दिल्ली में अपनी पार्टी के सभी सांसदों से मुलाकात की। साथ ही 29 दिसंबर को दिल्ली में ही पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक बुलाने का फैसला किया। हालांकि जेडीयू के लिए यह तारीख पहले से ही तय था। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होने वाली है। हालांकि, इंडिया की बैठक के बाद जेडीयू ने राष्ट्रीय परिषद की बैठक बुलाने का फैसला किया, जिसमें पार्टी के सभी बड़े नेता मौजूद रहेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अफाक अहमद ने इसकी पुष्टि की है कि दोनों बैठकें एक ही दिन होंगी। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि अल्प सूचना पर परिषद की बैठक बुलाने का क्या कारण है।



जेडीयू के वरिष्ठ नेता ने यह स्वीकार किया है कि मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम पर पार्टी के भीतर बेचैनी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी के साथ ही उसी दिन राष्ट्रीय परिषद बुलाने का निर्णय असामान्य है। अक्सर प्रमुख राजनीतिक निर्णय लेने के लिए यह बैठक बुलाई जाती है। जेडीयू के एक वरिष्ठ नेता ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा, यह निश्चित रूप से भविष्य में कुछ महत्वपूर्ण निर्णयों का संकेत है। राष्ट्रीय परिषद की बैठक बुलाने के फैसले ने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया है। बता दें कि इंडिया गठबंधन की मंगलवार की बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गठबंधन की तरफ से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में खड़गे के नाम की वकालत की। इस सुझाव का दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने भी समर्थन किया। जेडीयू के वरिष्ठ नेता और सामाजिक कल्याण मंत्री मदन साहनी ने भी गठबंधन में नीतीश कुमार की भूमिका के बारे में बात की है। उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन में किसी को भी नीतीश कुमार को हल्के में नहीं लेना चाहिए या उन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। जदयू इसे स्वीकार नहीं करेगा। अगर इंडिया गछबंधन में कोई यह सोचता है कि नीतीश कुमार की भूमिका सिर्फ गठबंधन में रहना है तो यह लंबे समय तक नहीं चलेगा। उनकी भूमिका पहले भी महत्वपूर्ण थी, आज भी महत्वपूर्ण है और भविष्य में भी महत्वपूर्ण रहेगी। नीतीश कुमार ने हालांकि अभी तक बैठक पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन वह मंगलवार को जल्दी ही बैठक छोड़कर चले गए। बाद में जेडीयू अध्यक्ष ने कहा कि नीतीश कुमार कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे और वरिष्ठ नेताओं सोनिया और राहुल गांधी से इजाजत लेकर बैठक से निकले थे।

### जेडीयू के लिए नीतीश उम्मीदवार

खड़गे भले ही यह कह रहे हों कि पीएम के नाम का फैसला चुनाव के बाद किया जाएगा, लेकिन ममता बनर्जी द्वारा उनके नाम का प्रस्ताव आगे बढ़ाने से इंडिया गठबंधन में घमासान मच गया है। जेडीयू के नेता लंबे समय से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को संभावित पीएम उम्मीदवार के रूप में पेश करते रहे हैं। उनका तर्क है कि उनके पास विपक्षी गुट का नेतृत्व करने की योग्यता है।

## रोड एक्सीडेंट करके भागने वालों को अब होगी 10 साल की जेल

**-केन्द्र की मोदी सरकार ने नए कानून के तहत किया सजा का प्रावधान**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केन्द्र की मोदी सरकार ने रोड पर एक्सीडेंट करके भाग जाने वालों को लंबी सजा का प्रावधान किया है। वहीं यदि घायल को अस्पताल पहुंचा दिया तो कुछ राहत भी मिल सकती है। दरअसल मोदी सरकार ने रोड एक्सीडेंट करके भाग जाने वाले लोगों के लिए एक सख्त कानून बनाया है, जो जल्द ही लागू होने वाला है। अब रोड एक्सीडेंट करके भाग नहीं सकते हैं, ऐसा करने पर आपको सख्त सजा हो सकती है, क्योंकि इससे जुड़ा कानून लोकसभा से पास हो गया है। दरअसल, नए कानून के मुताबिक रोड पर एक्सीडेंट करके भागने पर 10 साल की सजा होगी। हालांकि नए कानून में कुछ राहत के भी प्रावधान हैं। दरअसल, रोड एक्सीडेंट जैसे गंभीर मुद्दे को लेकर सरकार ने बड़ा कदम उठाया है और नए कानून के तहत अगर कोई शख्स रोड पर एक्सीडेंट करके भाग जाता है और घायल को सड़क पर ही छोड़ देता है तो उसे 10 साल की सजा होगी। वहीं, अगर एक्सीडेंट करने वाला शख्स, घायल व्यक्ति को हॉस्पिटल पहुंचाता है तो उसकी सजा कम कर दी जाएगी। गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को इस नए कानून की जानकारी लोकसभा में दी है।

गौरतलब है कि पहले आईपीसी की धारा 104 के तहत सड़क दुर्घटना के दौरान लापरवाही से मौत या फिर जल्दबाजी या लापरवाही से हुई मौत के अपराध में पहले 2 साल की कैद या जुर्माना या फिर दोनों का प्रावधान था। अब नए कानून को लोकसभा से मंजूरी मिल गई है और अब इसे राज्यसभा में पेश किया जाएगा, जिसके बाद राष्ट्रपति की मंजूरी से यह कानून बन जाएगा। लोकसभा ने औपनिवेशिक काल से चले आ रहे तीन आपराधिक कानूनों के स्थान पर सरकार द्वारा लाए गए विधेयकों को बुधवार को मंजूरी दे दी। सदन ने लंबी चर्चा और गृहमंत्री अमित शाह के विस्तृत जवाब के बाद भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) विधेयक, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) विधेयक, 2023 और भारतीय साक्ष्य (बीएस) विधेयक, 2023 को ध्वनिमत से अपनी स्वीकृति दी। ये तीनों विधेयक भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), 1860, दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी), 1898 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के स्थान की जगह पर लाये गए हैं।

## पंजाब में कांग्रेस नेताओं के निशाने पर आ गए नवजोत सिद्धू

**-नवजोत सिद्धू को बाहर करो; पंजाब कांग्रेस में मची कलह, अलग रैली और नेताओं पर तंज से बवाल**

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब के पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू इन दिनों कांग्रेस के दिग्गजों के निशाने पर हैं। कई नेताओं ने एकजुट होकर उन्हे हटानके की मांग की और कहा कि सिद्धू के बयानों से कांग्रेस को नुकसान ही हुआ है। ये नाराजगी बढ़ने के पीछे भटिंडा में आयोजित एक रैली भी है। जहां सिद्धू की बयानबाजी नेताओं को रास नहीं आई। नवजोत सिंह सिद्धू ने पिछले दिनों जीतेगा पंजाब रैली का आयोजन किया था, जिसे लेकर अब रार शुरू हो गई है। प्रताप सिंह बाजवा ने सिद्धू से अपील की है कि वे पार्टी के आधिकारिक कार्यक्रम करें। उससे अलग हटकर अपना ही मंच न सजाएं। वहीं कई अन्य नेता तो ऐसे भी हैं, जिन्होंने सिद्धू के रैली करने को अनुशासनहीनता बताया है और पार्टी से अपील की है कि उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जाए। यह संघर्ष इसलिए भी बढ़ा है क्योंकि रैली में सिद्धू ने पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी समेत पार्टी के ही कई नेताओं पर तंज कसा था।

संयुक्त बयान जारी कर कांग्रेस नेताओं ने पार्टी नेतृत्व से अपील की है कि सिद्धू के बयानों ने विधानसभा चुनाव में भी नुकसान पहुंचाया था। जीरा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह जीरा ने कहा कि पार्टी के सामूहिक प्रयासों को नवजोत सिंह सिद्धू की हरकतें नुकसान पहुंचाती हैं। इसका यह प्रमाण है कि 2017 में 78 सीटें हासिल करने वाली कांग्रेस 2022 में महज 18 सीटों पर ही ठहर गई। पार्टी के ही एक नेता नवजोत सिंह दहिया ने कहा कि नवजोत सिंह सिद्धू कभी भी टीम प्लेयर नहीं रहे हैं। उन्होंने हमेशा अपनी हरकतों से पार्टी में लोगों का मनोबल गिराया है। इससे पहले प्रताप सिंह बाजवा ने मीडिया से बात करते हुए कहा था, मैं उनसे इतनी ही अपील करूंगा कि कुछ परिपक्वता दिखाएं। कांग्रेस ने यदि आपको इज्जत दी है तो उसे हजम करना भी सीखो। इस तरह के काम मत करिए। आप प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष थे और आपके दौर में पार्टी 78 से 18 पर आ गई। बाजवा ने कहा कि हम तो सिद्धू को न्योता देते हैं कि वे पार्टी की ओर से आयोजित धरना-प्रदर्शन और कार्यक्रम में आएं।

# इंडिया पर बहनजी का शायराना अंदाज... कब किसे कहा किसी जरुरत पड़ जाए

**-अखिलेश के रुख पर दी सख्त चेतावनी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख और यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने इंडिया गठबंधन में सपा प्रमुख और पूर्व सीएम अखिलेश के रुख पर पलटवार किया है। मायावती ने विपक्षी दलों के गठबंधन को चेताकर कई बार ये ठीक नहीं है या ये उचित नहीं है कहकर निशाना साधा। इंडिया मीटिंग पर मायावती ने कहा, इस गठबंधन में बीएसपी सहित अन्य जो पार्टियां शामिल नहीं हैं, उनके बारे में किसी को भी बेकार की बात या कोई भी टीका टिप्पणी करना उचित नहीं है। इन बातों से गठबंधन के नेताओं को बचना चाहिए। यही मेरी उन्हें सलाह भी है।

मायावती ने कहा, भविष्य में देश हित में कब-किसको, किसकी जरूरत पड़ जाए, ये कुछ कहा नहीं जा सकता है। फिर इन लोगों और पार्टियों को शर्मिंदगी उठानी पड़ जाए, ये ठीक नहीं है। इस मामले में खासतौर पर समाजवादी पार्टी इसका जीता-जागता उदाहरण भी है। इसके अलावा, यहां मैं कहना चाहूंगी कि हमारी पार्टी पूर्ण रूप से धर्मनिरपेक्ष है। हमारे देश में विभिन्न धर्मों को मानने वाले लोग रहते हैं। उनके अपने अलग-अलग आस्था स्थल बने हैं, इन सभी स्थलों का हमारी पार्टी बीएसपी ने हमेशा सम्मान किया है। यूपी के अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर का जो अगले महीने उद्घाटन होने वाला है, उससे हमारी पार्टी



को कोई ऐतराज नहीं है।

दरअसल, मायावती ने सपा का उदाहरण के तौर पर जिक्र इसकारण किया है, क्योंकि यूपी की राजनीति में सपा और बसपा में बड़ा प्रतिद्वंदी माना जाता रहा है। लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले दोनों दलों ने हाथ मिलाकर गठबंधन में चुनाव लड़ा था। हालांकि, आम चुनाव बाद ही दोनों दल एक बार फिर दूर होकर गठबंधन तोड़ दिया था। 25 साल पहले 1993 में सपा और बसपा के बीच गठबंधन हुआ था। तब सपा की कमान दिवंगत मुलायम सिंह और बसपा की कमान दिवंगत कांशीराम के हाथों में थी।

बसपा प्रमुख ने संसद सुरक्षा में चूक और उपराष्ट्रपति की मिमिक्री करने पर आपत्ति जाहिर की है। उन्होंने कहा, हाल ही में संसद की सुरक्षा में जो सेंध लगाई गई है, ये ठीक नहीं है। एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने से काम नहीं चलेगा। आरोपियों और साजिशकर्ताओं के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई होना भी बेहद जरूरी है। बहनजी ने कहा, हमारी पार्टी का मानना है कि मौजूदा संसद सत्र में करीब 150 सांसदों का निलंबन विपक्ष या मोदी सरकार के लिए कोई गुड वर्क या अच्छा कीर्तिमान नहीं है। इसके लिए कसूरवार कोई भी हो, लेकिन संसदीय इतिहास के लिए यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और जनता के विश्वास पर आघात पहुंचाने वाली है। संसद परिसर में निलंबित सांसदों द्वारा उपराष्ट्रपति का मजाक उड़ाने का वीडियो भी अनुचित और अशोभनीय है। विपक्ष-विहीन संसद में जरूरी विधेयकों का पारित होना भी एक अच्छी परंपरा नहीं है। यहां संसदीय परंपराओं को बचाने की जिम्मेदारी किसी एक की नहीं है, बल्कि सभी की है।

सूत्रों ने बताया कि इंडिया अलायंस की बैठक में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने यूपी में बसपा को लेकर अपना रुख साफ किया है। उन्होंने कांग्रेस से दो टूक सवाल कर यूपी को लेकर दो शर्तें भी रख दी हैं। अखिलेश ने पूछा, क्या इस गठबंधन के इतर कांग्रेस पार्टी बसपा के साथ बातचीत कर रही है? क्या कांग्रेस बसपा को इस गठबंधन में लाना चाहती है? कांग्रेस सबसे पहले इसपर अपना रुख स्पष्ट करे। उन्होंने पूछ लिया कि अगर कांग्रेस ऐसा चाहती है, तब वह साफ कर दे क्योंकि तब समाजवादी पार्टी को भी अपना स्टैंड इस गठबंधन को लेकर साफ करना पड़ेगा। इस पर कांग्रेस ने साफ कर कहा, यूपी में कांग्रेस, सपा के साथ अपना गठबंधन धर्म निभाएगी।

# दुल्हन की तरह सज रही अयोध्या, अलग-अलग भाषाओं में निर्देश पट्टिका लगेगी

**-तमिल, तेलुगू जैसी भाषाओं की पटिटका लगेगी**

**अयोध्या (एजेंसी)।** प्रभु राम की नगरी अयोध्या अपने आराध्य के स्वागत दुल्हन की तरह तैयार है। चारों ओर अयोध्या में त्रेता युग जैसा नजारा दिख रहा है। राम मंदिर तक जाने के लिए तीन कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है और तीनों कॉरिडोर पर रामायण कालीन चित्रों को उकेरा जा रहा है। 22 जनवरी को प्रभु राम अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने वाले हैं। प्रभु राम के विराजमान होने से पहले पूरी नगरी को सजा दिया जाएगा।

अयोध्या के मठ-मंदिरों में दर्शन पूजन करने के लिए अब राम भक्तों को किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं हो। इसके लिए प्रदेश की योगी सरकार राम नगरी के मठ मंदिरों तक जाने वाले मार्ग पर निर्देश पट्टिका लगाई जाएगी। देश के विभिन्न भागों से अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए यहां अलग-अलग भाषाओं में पट्टिका लगाई जाएगी। इसमें दक्षिण की तमिल, तेलुगू जैसी बड़े पैमाने पर बोली जाने वाली भाषाओं में भी पट्टिकाएं होंगी।

बात दें कि अयोध्या में तीन कॉरिडोर बनाए जा रहे हैं। जिसमें सबसे लंबे कॉरिडोर का नाम राम पथ है, जो लगभग 13 किलोमीटर लंबा है। लता मंगेशकर चौक से लेकर सहादतगंज बायपास तक रामपथ का निर्माण चल रहा है, वहीं हनुमानगढ़ी श्रृंगार बैरियर से लेकर राम जन्मभूमि तक जाने के लिए भक्ति पथ बनाया जा रहा है। इसके साथ ही बिरला धर्मशाला के सामने से राम जन्मभूमि परिसर तक जाने के लिए जन्म भूमि पथ का निर्माण हो रहा है और इन तीनों कॉरिडोर से होकर अयोध्या के पौराणिक और मठ मंदिरों के दर्शन श्रद्धालु कर सकते हैं। श्रद्धालुओं के सुविधा अब प्रवेश द्वारों पर निर्देश पट्टिका लगाई जाएगी जो विभिन्न भाषा में अंकित होगी। अयोध्या पहुंचे एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया ने बताया कि अयोध्या के मंदिरों की तरफ जाने वाले मार्गों को चिन्हित कर उन मार्गों पर यथासंभव श्रद्धालुओं के चलने के लिए योजना बनाई गई है। जिस मार्ग से पैदल यात्री जा सके, उन मार्गों पर वाहनों को जाने से रोका जाएगा. यह भी निर्धारित किया जा रहा है की जहां पर वाहनों के आने की आवश्यकता है वे उस प्रकार से आए की अन्य लोगों का आना-जाना बाधित न हो, जिन मार्गों पर जिस प्रकार की आवश्यकता है।



## ट्रंप से जुड़ी फर्जी मतदाता संबंधी शिकायत दूसरी बार खारिज

मैडिसन। विस्कॉन्सिन के द्विदलीय निर्वाचन आयोग ने ट्रंप से जुड़ी फर्जी मतदाता संबंधी शिकायत को दूसरी बार भी खारिज कर दिया है। बता दें कि शिकायत में कहा गया था कि 2020 में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में राज्य के फर्जी मतदाताओं ने डोनाल्ड ट्रंप के पक्ष में मतदान करने का प्रयास किया था। हालां?कि विस्कॉन्सिन निर्वाचन आयोग ने इससे पहले मार्च 2022 में शिकायत को खारिज किया था लेकिन एक न्यायाधीश ने मई के अपने आदेश में आयोग को शिकायत पर दोबारा सुनवाई करने का आदेश दिया था।



नयी सुनवाई में आयोग का एक सदस्य शामिल नहीं हुआ जिस पर पूर्व राष्ट्रपति के लिए फर्जी मतदाता बनने का आरोप है। आयोग ने शिकायत को खारिज करने का 5-0 की सर्वसम्मति वाला निर्णय बुधवार को जारी किया हालांकि उसने यह नहीं बताया कि शिकायत किस आधार पर खारिज की गई। चुनाव आयोग ने मंगलवार को शिकायत पर चर्चा की थी, साथ ही इस पर मतदान किया गया था। इस शिकायत में निर्वाचन आयोग से अनुरोध किया गया था कि वह फर्जी मतदादाताओं की गतिविधि की जांच करे और इस बात की घोषणा करे कि उन्होंने कानून तोड़ा है। हालां?कि पिछले वर्ष आयोग ने शिकायत को खारिज करते हुए विस्कॉन्सिन न्याय मंत्रालय का एक पत्र संलग्न किया था जिसमें कहा गया था कि जिन रिपब्लिकन सदस्यों ने ट्रंप के लिए राज्य के 10 'इलेक्टोरल कॉलेज' वोट डालने का प्रयास किया इस?लिए उन्होंने चुनाव से जुड़ा कोई भी कानून नहीं तोड़ा है।

## हिजबुल्ला के ऑपरेशनल कमांड सेंटर पर आईडीएफ ने किया हमला

यरूशलम। लेबनान में हिजबुल्ला के ऑपरेशनल कमांड सेंटर पर आईडीएफ के हमले की खबर आ रही है। जानकारी के अनुसार इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा कि उसने लेबनान में हिजबुल्लाह आंदोलन के एक ऑपरेशनल कमांड सेंटर पर हमला किया है। बता दें कि आईडीएफ ने बुधवार को टेलीग्राम पर एक बयान में कहा कि आईडीएफ लड़ाकू विमानों ने लेबनान में हिजबुल्ला के ऑपरेशनल कमांड सेंटर पर हमला किया। इस दौरान आईडीएफ ने कहा कि उसके सैनिकों ने मेतुला क्षेत्र में सीमा के पास लेबनान से सुरक्षा बाड़ के पास आने वाले कई आतंकवादियों की पहचान की। आईडीएफ सैनिकों ने उन पर गोलियां भी चलाईं। गौरतलब है कि 07 अक्टूबर को हमास ने सीमा पार गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया, जिसमें 1,200 से ज्यादा लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य को बंधक बना लिया। इजरायल ने जवाबी हमले शुरू किया, गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया और हमास के लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ फिलिस्तीनी एन्क्लेव में जमीनी घुसपैठ शुरू की। इस संघर्ष में अबतक गाजा में 20,000 से ज्यादा लोग मारे गए हैं।

## नवाज शरीफ मनसेहरा सीट से चुनाव लड़ेंगे

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ खैबर-पख्तूनख्वा के मनसेहरा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। यह जानकारी उनके दामाद कैप्टन (सेवानिवृत्त) मुहम्मद सफदर ने बुधवार को दी। मनसेहरा के रहने वाले और शरीफ की बेटी मरियम नवाज के पति सफदर ने मीडिया को बताया कि 73 वर्षीय नवाज शरीफ नेशनल असेंबली के एनए 15 मनसेहरा-तोरघर निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन पत्र जमा कर रहे हैं। बता दें कि पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव के लिए मतदान होगा।यहां गौरतलब है कि मनसेहरा हजारा संभाग का हिस्सा है जिसे पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) का गढ़ माना जाता है। कहा तो यह भी जा रहा है कि शरीफ मनसेहरा के अलावा लाहौर से भी चुनाव लड़ेंगे।



## बैन आतंकवादी संगठन के नेता ने 70 समर्थकों के साथ किया सरेंडर

क्वेटा। दक्षिण-पश्चिमी पाकिस्तान में मुख्य उग्रवादी समूह के एक नेता ने सरेंडर कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार उसने कैमरे के सामने आकर कहा कि वह अपने करीब 70 समर्थकों के साथ अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर रहा है। उसने यह भी कहा कि वह आजादी के लिए अपनी वर्षों की लड़ाई छोड़ रहा है। सरेंडर करने वाला विद्रोही समूह का नेता सरफराज बुंगुलजई है, जिसको पहले उसके उपनाम मुरीद बलूच से जाना जाता था। उसने बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा में पत्रकारों से कहा कि उसे और उसकी बलूच नेशनल आर्मी (बीएनए) को पाकिस्तानी सुरक्षा बलों पर किए गए घातक हमलों के लिए पश्चाताप महसूस होता है। बता दें कि सरकार ने बीएनए पर प्रतिबंध लगा रखा है। अब इस घटनाक्रम को पाकिस्तान सरकार के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वह भी विभिन्न समूहों के आतंकवादियों और विद्रोहियों से निपटने का प्रयास कर रही है। इस पर बलूचिस्तान के कार्यवाहक सूचनामंत्री जान अचईजई के साथ सरफराज बुंगुलजई ने भारत पर प्रांत में हिंसा को वित्त पोषित करने और युवाओं को आंदोलन में शामिल होने के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। इसके लिए महिलाओं का शोषण करने का भी आरोप लगाया। उसने कहा कि पिछले 20 वर्षों के दौरान हजारों बलूच युवाओं की हत्या कर दी गई, केवल 2014 में 155 निर्दोष बलूच लोगों की हत्या कर दी गई क्योंकि उन्होंने रंगदारी देने से इनकार कर दिया था। बुंगुलजई ने जोर देकर कहा कि भारत बलूचिस्तान में आतंकवाद और अशांति को वित्त पोषित करता है, क्योंकि वह अफगानिस्तान में अपने समय के दौरान स्थिति को देख चुका है।

## तूफान ओटिस से अबतक मरने वालों की संख्या 52 हुई

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको में करीब दो महीने पहले आए तूफान ओटिस से मरने वालों की संख्या में इजाफा हो रहा है। जानकारी के अनुसार अबतक मरने वालों की संख्या बढ़कर 52 हो गई है, जबकि 32 लोग अभी भी लापता बताए गए हैं। ग्युरेरो राज्य के गवर्नर एवलिन सालगाडो ने कहा कि जमीन और समुद्र पर तलाशी जारी है। सालगाडो ने कहा कि कुल 31 लोग समुद्र में और एक व्यक्ति जमीन पर लापता है। हालांकि यह आधिकारिक अपडेट एक महीने बाद आया है जब लापता नाविकों के परिवारों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया था कि अधिकारियों ने उनके प्रियजनों की तलाश बंद कर दी है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार तूफान 25 अक्टूबर को मेक्सिको के दक्षिणी प्रशांत तट पर आया था, जिससे अकापुल्को और कोयुका डी बेनिटेज़ के होटलों और आवास बुनियादी ढांचे को गंभीर नुकसान हुआ है। इधर राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर ने कहा कि उन्हें अकापुल्को के पुनर्जन्म और पड़ोसी कोयुका डे बेनिटेज की आबादी के पूरी तरह से ठीक होने की उम्मीद बनी हुई है। वह इस शहर को अब ?फिर से आबाद होते देखना चाहते हैं।

## पूर्वी लंदन में झील के पास मिला लापता भारतीय छात्र का शव

लंदन। ब्रिटेन से पिछले हफ्ते लापता हुए 23 वर्षीय भारतीय छात्र का शव पूर्वी लंदन में झील के पास से मिला हैं। लॉफबोरो विश्वविद्यालय के छात्र गुरशमन सिंह भाटिया के 14 दिसंबर को दोस्तों के साथ रात बिताने के बाद कैनरी वार्फ से लापता होने की सूचना मिली थी। पुलिस के मुताबिक, छात्र को आखिरी बार 15 दिसंबर को सुबह करीब 04:20 बजे साउथ क्वे इलाके में सीसीटीवी में देखा गया। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के अधिकारियों ने सीसीटीवी देखने, गवाहों से बात करने और फोन और वित्तीय डेटा का विश्लेषण करने सहित व्यापक पूछताछ की। पानी में तलाशी भी ली गई। बुधवार दोपहर को पुलिस गोताखोरों को साउथ क्वे में पानी में उसका शव मिला, और अधिकारी अब जांच में मदद के लिए लोगों से सहायता की अपील कर रहे हैं। हालांकि अभी तक औपचारिक पहचान नहीं हुई है, लेकिन जालंधर में गुरशमन के परिवार को सूचित कर दिया गया है। पुलिस ने कहा, गुरशमन की मौत अप्रत्याशित है। हालांकि ऐसा कुछ भी नहीं है जिससे यह पता चले कि यह संदिग्ध है। उन्होंने कहा, इस वजह से हम गुरशमन की एक सीसीटीवी छवि जारी कर रहे हैं जो उसके लापता होने से पहले ली गई थी और हम चाहते हैं कि जिस किसी ने छात्र मार्श वॉल क्षेत्र में देखा, वो हमसे संपर्क करें।



इंडोनेशिया के माउंट मेरेपी ज्वालामुखी से उठता हुआ लावा और धूआं।

## किम जोंग उन ने फिर दी परमाणु हथियारों से हमले की धमकी



प्योंगयांग। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने एक बार फिर परमाणु हथियारों से हमला करने की धमकी दी है। किम ने अंतरमहाद्वीपीय बैलेस्टिक मिसाइल परीक्षण में शामिल सैनिकों की प्रशंसा की और कहा कि देश की यह नीति है कि दुश्मन देशों द्वारा उकसाए जाने पर परमाणु हमला करने में हिचकिचाया नहीं जाएगा। उत्तर कोरिया में पिछले वर्ष से परमाणु हथियारों के परीक्षण में तेजी आई है और देश के नेता किम जोंग उन कई बार परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की धमकी दे चुके हैं। हालांकि, कई विदेशी विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया को अभी तक सक्षम परमाणु मिसाइलें हासिल नहीं हुई हैं। जानकारी के अनुसार उत्तर कोरिया ने सोमवार को पांच महीनों में अपना पहला अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण पूरा किया है। उत्तर कोरिया ने अपने परमाणु कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए हाल ही में अमेरिका-दक्षिण कोरियाई बैठक का भी हवाला दिया है। एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि किम ने बुधवार को 'जनरल मिसाइल ब्यूरो में सैनिकों से मुलाकात की और उन्हें ठोस ईंधन वाली 'ह्वासोंग-18' मिसाइल के प्रक्षेपण पर बधाई दी। बैठक के दौरान किम ने कहा कि अगर दुश्मन परमाणु हथियारों से उसे उकसाता है तो वह परमाणु हमले से नहीं हिचकिचाएगा।

# गाजा को मौत के मुंह में धकेल मौज काट रहे हमास नेता के सूटकेस में मिले करोड़ो डॉलर

**गाजा (एजेंसी)।** गाजा के लोगों को मौत के मुंह में धकेलकर हमास के नेता मौज काट रहे हैं। कोई विदेश में घूम रहा है तो कोई सुरक्षित स्थान पर बैठकर काजू बादाम खा रहा है। जबकि गाजा में रहने वाले लोगों के सामने खाने-पीने, रहने के अलावा युद्ध में घायल हुए मरीजों के इलाज के लिए दवा भी नहीं है, लेकिन हमास के नेता अभी भी आलीशान जिंदगी जी रहे हैं। हमास के आतंकियों और उनके आकाओं के सफाए में लगी आईडीएफ की टीम अब जमीनी स्तर पर उतरकर घर-घर जाकर छापेमारी कर रही है, इसी में उसको हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी के घर से 1.3 मिलियन डॉलर से अधिक नकद मिले हैं। आईडीएफ अधिकारियों ने कहा कि इजराइली रक्षा बलों ने उत्तरी गाजा में हमास के एक वरिष्ठ सदस्य के घर पर दो सूटकेस बरामद किए, जो पैसों से भरे हुए थे।



आईडीएफ की मल्टीडोमेन यूनिट के सदस्यों को जबालिया क्षेत्र में यह पैसा मिला, जोकि फिलिस्तीनी एन्क्लेव और इजराइल में इस्तेमाल की जाने वाली मुद्रा है। आईडीएफ ने कहा, यह पैसा हमास के एक शीर्ष सदस्य के घर से मिला और यह 7 अक्टूबर से नवंबर के अंत तक आतंकवादियों से जब्त की गई कुल राशि के बराबर है। ऐसा प्रतीत होता है कि पैसा गाजा के सहायता कोष से लूटा गया था। हालांकि इजराइल ने इस बारे में कुछ नहीं बताया है कि यह पैसा किस हमास लीडर के घर से बरामद हुआ है। इजराइली और फिलिस्तीनी सूत्रों के अनुसार, हमास के वरिष्ठ नेताओं पर लंबे समय से फिलिस्तीनी सहायता के लिए दान किए गए धन को चुराने का आरोप लगता है, जोकि फिलिस्तीन संघर्ष के लिए विदेशों से उनको मिलता है। हमास के अल-कसम ब्रिगेड का वार्षिक बजट 100 मिलियन से अधिक है, साथ ही समूह भूमिगत सुरंग प्रणाली की खुदाई और रखरखाव पर प्रति वर्ष 40 मिलियन खर्च करता है।

चोरी की गई सहायता राशि से के अलावा हमास के अधिकारी व्यापार, क्रिप्टोकरेंसी निवेश, टैक्स, जबरन वसूली और तस्करी के माध्यम से करोड़ों डॉलर कमाते हैं। माना जाता है कि गाजा पर शासन करने वाले आतंकवादी समूह का वार्षिक बजट 450 मिलियन है. 2006 में हमास के सत्ता में आने के बाद से इजराइल ने गाजा में आने वाले धन पर लंबे समय से नजर रखी है। आतंकवादी समूह हमास के तीन टॉप लीडर्स की कुल संपत्ति 11 अरब डॉलर है और वे कतर के अमीरात में विलासितापूर्ण जीवन जीते हैं। हमास का कतर की राजधानी दोहा में हेडक्वॉटर है और इसके नेता इस्माइल हनीयेह, मौसा अबू मरजुक और खालिद मशाल यहां पर शानदार जिंदगी बिता रहे हैं। हमास नेता इस्माइल हनीयेह का एक बेटा कतर में एक लक्जरी होटल सुइट में रहता है, जिसकी कीमत 4 बिलियन डॉलर से अधिक है, जबकि गाजा शहर के 2 मिलियन से अधिक निवासियों में से कई अत्यंत गरीबी में रहते हैं। 13 बच्चों के पिता हनीयेह की संपत्ति 4 अरब डॉलर से अधिक है। हमास का एक अन्य नेता खालिद मशाल टेबल टेनिस के शौकीन हैं और वह भी अरबों की संपति का मालिक है। वहीं हमास के एक वरिष्ठ नेता 72 वर्षीय अबू मरजुक कि उनकी संपत्ति 3 बिलियन है। बता दें कि इजराइल और हमास लड़ाकों के बीच 70 दिन से अधिक दिनों से जंग जारी है। 7 अक्टूबर को हुए हमले के जवाब में इजराइल के गाजा पट्टी पर हमलों से 30 फीसदी से मकान जमींदोज हो चुके हैं और 19 हजार से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी हैं।

## कोई नहीं जानता कि रूस-यूक्रेन युद्ध कब समाप्त होगा - जेलेंस्की

**कीव (एजेंसी)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि जल्द ही उन्हें सतह से हवा में मार करने वाली नए पैट्रियट वायु रक्षा और राष्ट्रीय उन्नत मिसाइल सिस्टम प्राप्त होंगे। मंगलवार रात अपने वार्षिक मीडिया सम्मेलन में उन्होंने कहा कि कोई नहीं जानता कि रूस का यूक्रेन के खिलाफ जारी युद्ध कब खत्म होगा। यहां तक कि सम्मानित लोग, हमारे कमांडर और हमारे पश्चिमी साथी, जो कहते हैं कि युद्ध कई सालों तक चलेगा, वे भी नहीं जानते। इस साल युद्ध में यूक्रेन की उपलब्धियों पर टिप्पणी करते हुए जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन को काला सागर में बड़ी जीत हासिल हुई है, जबकि रूस ने इस साल अपना कोई भी लक्ष्य हासिल नहीं किया है।

यूक्रेन और विदेशों में, हर कोई इस बात की सराहना कर सकता है कि रूसी बेड़े को यूक्रेनी काला सागर में अपने पूर्ण प्रभुत्व से वंचित कर दिया गया था। यूक्रेन के जवाबी हमले पर जेलेंस्की ने कहा कि तथ्य यह है कि कीव का आकाश पर नियंत्रण नहीं है और उसके पास पर्याप्त गोला-बारूद नहीं है, जिसने इस साल दक्षिणी क्षेत्रों में सैन्य अभियानों को प्रभावित किया है।राष्ट्रपति ने कहा कि सैन्य कमांडरों ने उन्हें यूक्रेन की रक्षा और संभावित जवाबी कार्रवाई में भाग लेने के लिए अतिरिक्त 450,000 से 500,000 सैनिक जुटाने की पेशकश की है, लेकिन उनकी लामबंदी पर निर्णय को अभी तक मंजूरी नहीं मिली है।

यूक्रेन के कुछ हिस्सों को नाटो में शामिल करने की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर जेलेंस्की ने कहा कि कुछ जोखिमों के कारण यह विकल्प तालिका से बाहर है। कीव को गठबंधन में आंशिक परिग्रहण के संबंध में कोई आधिकारिक प्रस्ताव नहीं मिला है। यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने पर टिप्पणी करते हुए, यूक्रेनी नेता ने कहा कि जल्द ही उनके देश को अपने भागीदारों से कई नए पैट्रियट वायु रक्षा सिस्टम और राष्ट्रीय उन्नत सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल सिस्टम प्राप्त होंगे। इसके अलावा, अगले साल यूक्रेन लगभग 1 मिलियन ड्रोन का उत्पादन की योजना बना रहा है।

## ईरान में बगैर हिजाब के होटल या रेस्टोरेंट में नहीं मिलेगा प्रवेश,नियमों के उल्लंघन पर मिलेगी सख्त सजा

**तेहरान (एजेंसी)।** बेहिजाब घूमने वाली महिलाओं पर ईरान की हुकूमत ने एक बार फिर शिकंजा कसा है। नए नियमों के मुताबिक बगैर हिजाब के किसी दुकान, होटल या रेस्टोरेंट में प्रवेश नहीं मिलेगा। यदि नियमों का उल्लंघन होता है तो संबंधित संस्थान को शील कर दिया जाएगा। इसके अलावा बाइक पर बगैर हिजाब के घूमने पर बाइक को जब्त करने का प्रावधान किया गया है। तत्काल सजा देने के लिए ईरानी सरकार ने मोबाइल कोर्ट स्थापित करने की योजना बनाई है। एक गुप्त दस्तावेज लीक होने से इसका खुलासा हुआ है। दस्तावेजों पर अप्रैल और मई की तारीख है, जिसमें हिजाब पहनने की अनिवार्यता सहित ड्रेस कोड नियमों का उल्लंघन करने वाली महिलाओं को सजा देने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर मोबाइल कोर्ट की स्थापना की योजना बताई गई है। दस्तावेज दर्शाता है कि स्कूली छात्राओं को शिक्षा मंत्रालय के माध्यम से सजा का सामना करना पड़ सकता है। इन निर्देशों को लागू करने के लिए इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) खुफिया सेवा, खुफिया मंत्रालय और सुरक्षा पुलिस को शक्तियां दी गई है।

इसके अलावा खुले बालों के साथ महिलाओं के घर से निकलने पर रोक होगी। वे अगर बाइक पर खुले बालों के साथ सफर करते पकड़ी जाती हैं तो बाइक चलाने वाले को सजा हो सकती है। बिना हिजाब के साथ महिलाएं जिस भी गाड़ियों में जा रही होंगी उन्हें जब्त किया जा सकता है। कैफे-रेस्त्रां में भी अगर महिलाएं बिना हिजाब के पकड़ी जाती हैं तो उस कैफे-रेस्त्रां को बंद किया जा सकता है। इस बात पर जोर दिया गया है कि बिना हिजाब के घर से निकलने वाली महिलाओं पर तमाम जरूरी कार्रवाई की जाए, ताकि वे हिजाब-ड्रेस कोड का पालन करें।निर्देशों में यह भी कहा गया है कि हिजाब न पहनने वाली स्कूली छात्राओं के दस्तावेज तैयार करने, ड्रेस कोड का पालन न करने या नामचीन हस्तियों के लिए कड़ी सजा, नियमों का पालन नहीं करने वाले व्यवसायों को सील करने या बंद करने जैसे प्रावधान शामिल हैं। इन निर्देशों के बाद से ड्रेस कोड का उल्लंघन करने वाली महिलाओं और उन कंपनियों की भी निगरानी बढ़ा दी गई है, जहां महिलाएं अक्सर बिना हिजाब के देखी जाती हैं। तेहरान में मेट्रो स्टेशनों पर हिजाब लागू करने वालों की मौजूदगी पहले ही देखी जा चुकी है। यह प्रक्रिया पहले से चल रही है, जहां महिलाओं के विरोध-प्रदर्शनों के बाद से ही नए और कड़े नियम लागू किए गए हैं।

# अफगानिस्तान में आतंकवाद से निपटने को पहली प्राथमिकता भारत की: रुचिरा कंबोज

**जिनेवा (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र में नई दिल्ली की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज के अनुसार, भारत अफगानिस्तान में आतंकवाद से निपटने को पहली प्राथमिकता मानता है। उन्होंने सुरक्षा परिषद को बताया, अफगानिस्तान में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने में भारत की सीधी भागीदारी है। तालिबान शासित अफगानिस्तान में तत्काल प्राथमिकताओं को सूचीबद्ध कर उन्होंने महिलाओं, बच्चों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा और समावेशी सरकार के गठन के साथ-साथ आतंकवाद और मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने का उल्लेख किया।



भारत ने अफगानिस्तान को भौतिक मानवीय सहायता प्रदान की है, और अफगान छात्रों के लिए अपनी शैक्षिक छात्रवृत्ति भी जारी रखी है। भारत ने यूएनडब्ल्यूएफपी (विश्व खाद्य कार्यक्रम) और यूएनओडीसी (ड्रग्स और अपराध पर कार्यालय) सहित विभिन्न संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के साथ उनके मानवीय प्रयासों में भागीदारी की है। कंबोज ने भारत को अफगानिस्तान का निकटवर्ती पड़ोसी बताकर इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर सहित पूरा कश्मीर भारत का हिस्सा है। जिनेवा में मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) के प्रमुख, रमेश राजसिंघम ने कहा कि अफगान लोगों की मानवीय जरूरतें रिकॉर्ड स्तर पर हैं, 29 मिलियन से अधिक लोगों को मदद की आवश्यकता है।

पश्चिमी प्रांत हेरात में 8 दिनों में आए 6.3 तीव्रता के तीन भूकंपों से 40,000 घर क्षतिग्रस्त हो गए, इससे 275,000 लोग प्रभावित हुए। पूर्वी और दक्षिणी क्षेत्रों में, पाकिस्तान से लौटने वाले अफगानों की संख्या में नाटकीय वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, 450,000 से अधिक अफगान वापस आ गए हैं, इसमें से 85 प्रतिशत से अधिक महिलाएं और बच्चे हैं। अमेरिकी वैकल्पिक प्रतिनिधि रॉबर्ट वुड ने कहा कि अमेरिका तालिबान के साथ संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में तब तक किसी महत्वपूर्ण कदम पर विचार नहीं करेगा, जब तक महिलाओं और लड़कियों को शिक्षा, कार्यबल और सामाजिक और राजनीतिक जीवन के अन्य पहलुओं तक सार्थक पहुंच नहीं मिल जाती। उन्होंने कहा, सुरक्षा परिषद को तालिबान पर उसके विनाशकारी रास्ते को पलटने के लिए दबाव डालने के लिए मिलकर काम करना जारी रखना चाहिए। लेकिन चीन के उप स्थायी प्रतिनिधि गेंग शुआंग ने तालिबान शासन के साथ बिना शर्त बातचीत का आह्वान किया और कहा कि बीजिंग महिलाओं के अधिकारों के मुद्दे को सहायक या हथियार बनाने के प्रयासों का विरोध करता है।

## पाकिस्तान के पूर्व मुख्य न्यायाधीश के घर आतंकी हमला,दो पुलिसकर्मी घायल

लाहौर। आतंक फैलाने में माहिर पाकिस्तान खुद आतंकियों के निशाने पर है। यहां आए दिन धमाके हो रहे हैं। देश के प्रमुख लोगों के यहां भी हमले होने लगे हैं। बीते रोज पाकिस्तान के पूर्व मुख्य न्यायाधीश साकिब निसार के लाहौर स्थित आवास पर आतंकियों ने ग्रेनेड से हमला किया है। जिसमें दो पुलिसकर्मी बुरी तरह घायल हुए है। पाकिस्तानी अखबार के मुताबिक, पूर्व चीफ जस्टिस के घर पर गैराज में ग्रेनेड से हमला हुआ है। इस धमाके की चपेट में आने से दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। पाक मीडिया चैनलों के मुताबिक, धमाका से सीजेपी की कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई है। हालांकि हमले में निसार और उनका परिवार बाल-बाल बच गया। पुलिस अधिकारियों ने प्राथमिक जांच में आतंकी हमला या विदेशी साजिश का शक जताया है। बता दें कि बतौर चीफ जस्टिस निसार ने 2017 में पूर्व पीएम नवाज शरीफ को अयोग्य करार दिया था। बता दें कि न्यायमूर्ति निसार 18 फरवरी, 2010 में शीर्ष अदालत के न्यायाधीश नियुक्त हुए थे। इससे पहले, वह लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे। साल 2017 में उन्होंने नवाज शरीफ को पीएम पद के लिए अयोग्य ठहराया था। एक बयान में पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि प्रांतीय पुलिस प्रमुख उस्मान अनवर ने घटना का संज्ञान लिया है और लाहौर के पुलिस अधिकारी से रिपोर्ट तलब की है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि घायल पुलिसकर्मियों को सर्वोत्तम इलाज दिया जाएगा। पंजाब पुलिस ने कहा, पूर्व सीजेपी के परिवार के सदस्य पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

# नासा का ऐलान, अमेरिका चांद पर उतारेगा अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** नासा ने ऐलान किया है कि वह चांद पर अंतरराष्ट्रीय यात्री को उतारेगा। अमेरिका ने यह फैसला नासा के आर्टेमिस मिशन के तहत लिया है। इसं संबंध में अमेरिका की ओर से कहा गया है कि अपने देश के यात्रियों के साथ वह मिशन में एक अंतरराष्ट्रीय यात्री को भी चंद्रमा पर उतरने का मौका देगा। उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने बुधवार को ये घोषणा करते हुए आर्टेमिस मिशन के तहत चंद्रमा पर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्रियों को उड़ाने के लिए प्रतिबद्धता जताई थी। जिसके बाद अमेरिकी उपराष्ट्रपति की ओर से ये खास ऐलान हुआ है। बता दें कि अमेरिका के साथ कई देश इस मिशन का हिस्सा हैं, इन देशों में भारत भी शामिल है। हैरिस ने वाशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय अंतरिक्ष परिषद की बैठक के दौरान कहा कि आर्टेमिस मिशन में हमारे सहयोगियों और साझेदारों ने एक शानदार भूमिका निभाई है। उनकी इस आवश्यक भूमिका को समझते हुए मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है।

अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ इस दशक के अंत तक चंद्रमा की सतह पर उतारने का इरादा हैं। व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय अंतरिक्ष परिषद की इस बैठक में हैरिस के साथ विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन भी शामिल थे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने इस मिशन की जानकारी देते हुए कहा कि एक आर्टेमिस चंद्रमा-लैंडिंग मिशन में चार अंतरिक्ष यात्रियों के लिए जगह होगी लेकिन प्रत्येक अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा पर नहीं चलेगा। प्रति मिशन केवल दो अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा की सतह पर उतरेंगे, जबकि शेष दो केवल ओरियन अंतरिक्ष यान या गेटवे नामक एक छोटे अंतरिक्ष स्टेशन में चंद्रमा की परिक्रमा करेंगे।

इस के बारे में नासा ने बताया है कि यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के अंतरिक्ष यात्रियों के गेटवे के लिए उड़ान भरने के लिए तीन अवसरों, कनाडाई अंतरिक्ष एजेंसी के अंतरिक्ष यात्रियों के लिए गेटवे के लिए उड़ान भरने का एक अवसर और एक जापानी अंतरिक्ष यात्री के लिए गेटवे के लिए उड़ान भरने का एक अवसर देने की योजना है। कनाडा के यात्री हैनसेन ने कहा कि नासा इस मिशन को अकेले नहीं कर सका था। इसीलिए कनाडा और अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों को शामिल किया गया।



# बृजभूषण के करीबी संजय सिंह बने भारतीय कुश्ती संघ के नए प्रमुख

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। संजय सिंह भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के नये अध्यक्ष बने हैं। उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष संजय सिंह ने अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में अनीता श्योराण को हराया।

बृज भूषण शरण सिंह के करीबी संजय डब्ल्यूएफआई की पिछली कार्यकारी परिषद में भी शामिल थे। वह 2019 से राष्ट्रीय महासंघ के संयुक्त सचिव भी रहे थे। दूसरी ओर स्वर्ण विजेता रही महिला पहलवान श्योराण पहलवानों के प्रतिनिधि के रुप में उतरी थीं। उन्होंने बृजभूषण पर महिला पहलवानों के शोषण और यौन उत्पीड़न का भी आरोप सबसे पहले लगाया था। इसी मामले को लेकर ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट सहित कई पहलवानों ने बृजभूषण को हटाये जाने ओर गिरफ्तार करने की मांग करते हुए धरना भी दिया था। अब बृजभूषण के करीबी के अध्यक्ष



बनने से पहलवानों की मुश्किलें बढ़ने की आशंका जतायी जा रही है।

वहीं बृजभूषण ने पहले ही संजय के डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष का चुनाव जीतने की उम्मीद जतायी थी। उन्होंने कहा, 'आज 11 महीने बाद चुनाव हो रहे हैं। जहां तक संजय का सवाल है तो उन्हें पुराने महासंघ का प्रतिनिधि माना जा सकता है। इसलिए उनका चुनाव जीतना तय है। साथ ही कहा कि अब मैं उनसे जल्द से जल्द खेल के अनुकूल माहौल बनाने और इस दौरान खिलाड़ियों को हुए नुकसान की भरपाई करने की अपील करता हूं। बृजभूषण ने कहा कि इस चुनाव में उनके परिवार का कोई सदस्य शामिल नहीं था।

## साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास लिया

नई दिल्ली। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता महिला पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास ले लिया है। साक्षी ने रोते हुए इस बात की घोषणा की। साक्षी ने अचानक ही ये फैसला ब्रजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के कुश्ती महासंघ का अध्यक्ष बनने ही ले लिया और खेल को अलविदा कह दिया। साक्षी ने कहा, 'मैं एक बात कहना चाहती हूं कि बृजभूषण जैसे आदमी का साथी अगर अध्यक्ष बनता है तो मैं कुश्ती महासंघ में नहीं रह सकती। साथ ही कहा कि मैं आज के बाद कभी भी वहां नहीं आउंगी। सभी देशवासियों का आभार जिन्होंने आज तक मेरा समर्थन कर मुझे इस स्तर तक पहुंचाया।' गौरतब है कि संजय सिंह को पूर्व कुश्ती महासंघ बृजभूषण शरण सिंह का करीबी माना जाता है। वहीं इससे पहले महिला पहलवानों ने बृजभूषण पर यौन उत्पीड़न और शोषण के आरोप लगाये थे। इसके बाद साक्षी मलिक, विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया आदि पहलवानों ने जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन भी किया था। इन पहलवानों ने ब्रजभूषण की गिरफ्तारी की मांग की थी। इसके बाद ब्रजभूषण को पद से हटा दिया गया था। अदालत के हस्तक्षेप के बाद भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव हुए। इसमें संजय को मिली जीत से विरोध प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को निराश हुई। उसी के बाद साक्षी को ये फैसला आया है।



# आईसीसी टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे सूर्यकुमार




**दुबई (एजेंसी)।** भारत के सूर्यकुमार यादव आईसीसी टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गये हैं। पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान दूसरे स्थान पर खिसक गये हैं। वहीं गेंदबाजी में इंग्लैंड के लेगस्पिनर आदिल राशिद नंबर एक पर पहुंच गये हैं।

वेस्ट इंडीज में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पहले चार टी-20 मैचों में सात विकेट लेने के बाद राशिद अफगानिस्तान के राशिद खान और भारत के रवि बिश्नोई को पीछे छोड़कर नंबर एक पर पहुंच गये। भारत के सूर्यकुमार ने दक्षिण अफ्रीका में दूसरे और तीसरे टी-20 में अर्धशतक और शतक बनाने के बाद शीर्ष स्थान हासिल किया है।

एकदिवसीय की बात करें तो पाकिस्तान के बाबर आजम 824 अंकों के साथ फिर से शीर्ष एकदिवसीय बल्लेबाज बन गए हैं जबकि भारत के शुभमन गिल दूसरे स्थान पर हैं।

इसके अलावा टेस्ट रैंकिंग की बात करें तो बल्लेबाजी में न्यूजीलैंड के केन विलियमसन और गेंदबाजी में भारत के आर अश्विन शीर्ष स्थान पर पहुंच गये हैं। ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा तीन पायदान ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं पैट कमिंस एक स्थान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। नाथन लियोन पांचवें, मिशेल स्टाक 'आठवें और जोश हेजलवुड दसवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# डोपिंग नियमों का उल्लंघन पड़ा भारी, जिम्बाब्वे क्रिकेट ने दो खिलाड़ियों को निलंबित किया

**हरारे (एजेंसी)।** जिम्बाब्वे क्रिकेट ने डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन करने पर ऑलराउंडर वेस्ली मधेवीरे, ब्रैंडन मावुता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने इन दोनों खिलाड़ियों को हाल ही में एक इन-




हाउस डोप टेस्ट के दौरान प्रतिबंधित दवा का सेवन करने पर परीक्षण सकारात्मक मिलने पर सुनवाई होने तक सभी क्रिकेट गतिविधियों से निलंबित कर दिया गया है। जिम्बाब्वे क्रिकेट की खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों की आचार संहिता के तहत मधेवीरे और मावुता पर आरोप लगाए गए हैं और जल्द ही अनुशासनात्मक सुनवाई के लिए उपस्थित होंगे जो संभवतः उनके निलंबन की अवधि तय करेगा। मधेवीरे और मावुता दोनों जिम्बाब्वे टीम का हिस्सा थे उन्होंने पिछले सप्ताह घरेलू श्रृंखला में आयरलैंड के खिलाफ मैच खेला था। मधेवीरे ने तीनों टी-20 मैच खेले जबकि मावुता ने सिर्फ तीसरा टी-20 और उसके बाद तीन एकदिवसीय मैच खेले। मावुता ने वर्ष 2018 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया और अब तक चार टेस्ट, 12 एकदिवसीय और 10 टी-20 खेले हैं, जबकि 2020 में पहली बार जिम्बाब्वे का प्रतिनिधत्व करने वाले मधेवीरे ने दो टेस्ट, 36 एकदिवसीय और 60 टी-20 खेले हैं। उल्लेखनीय है कि मधेवीरे और मावुता का निलंबन जिम्बाब्वे के मुख्य कोच डेव हॉटन के अपने पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद हुआ है।

### भारतीय महिला टीम के सामने ऑस्ट्रेलिया को छूटा पसीना

# पूजा और स्नेह की धारदार गेंदबाजी, ऑस्ट्रेलियाई टीम 219 रन पर सिमटी

**मुंबई (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज पूजा वस्त्रकार और ऑफ स्पिनर स्नेह राणा ने गुरुवार को यहां एकमात्र महिला क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन पिच से मिल रही असमान उछाल का पूरा फायदा उठाया जिससे भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 219 रन पर ढेर कर दिया। भारत ने इसके जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 98 रन बना लिए हैं। सलामी बल्लेबाजों स्मृति मंधाना (49 गेंद में नाबाद 43, आठ चौके) और शेफाली वर्मा (59 गेंद में 40 रन, आठ चौके) ने पहले विकेट के लिए 90 रन जोड़कर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। भारत अब ऑस्ट्रेलिया से 121 रन पीछे है जबकि उसके नौ विकेट शेष हैं। दिन के खेल के दौरान भारत के दबदबे की शुरुआत पूजा (53 रन पर चार विकेट) ने की जिन्होंने स्नेह (56 रन पर तीन विकेट) और दीप्ति शर्मा (45 रन पर दो विकेट) के साथ मिलकर ताहलिया मैकग्रा (50 रन, 56 गेंद, आठ चौके) के अर्धशतक के बावजूद ऑस्ट्रेलिया की पारी में 77. 4 ओवर में समेट दिया।




टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही और टीम ने पहले ओवर में ही सलामी बल्लेबाज फोएबे लिचफील्ड (00) का विकेट गंवा दिया जो बेथ मूनी के साथ गलतफहमी का शिकार होकर रन आउट हुईं। चार गेंद बाद पूजा की शानदार गेंद पर एलिस पैरी (04) बोल्ड हो गईं जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर दो ओवर में सात रन पर दो विकेट हो गया। ताहलिया ने शुरुआत से ही आक्रामक तेवर अपनाकर भारत को दबाव में डालने की कोशिश की। उन्होंने अपने पांचवें टेस्ट में आठ चौकों की मदद से तीसरा अर्धशतक पूरा किया। उन्हें 24 और 45 रन के निजी स्कोर पर दो जीवनदान भी मिले। मूनी के साथ तीसरे विकेट की 80 रन की साझेदारी के दौरान अधिकांश रन ताहलिया के बल्ले से निकले और वह बड़े स्कोर की तरफ बढ़ रहीं थी। ऑस्ट्रेलिया की उप कप्तान हालांकि अर्धशतक पूरा करने के तुरंत बाद स्नेह की गेंद पर मिड विकेट पर राजेश्वरी गायकवाड़ को कैच दे बैठीं। भारत के तेज गेंदबाजी और स्पिन मिश्रित आक्रमण के खिलाफ जूझने के बावजूद मूनी क्रीज पर डटी रहीं। पूजा ने हालांकि उछाल लेती गेंद पर इस सलामी बल्लेबाज को हैरान करते हुए उन्हें पहली स्लिप में स्नेह के हाथों कैच कराया। मूनी के बल्ले का किनारा लेने के बाद गेंद विकेटकीपर यस्तिका भाटिया के ग्लव्स से टकराकर स्नेह के पास पहुंची थी। लंच तक ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 103 रन था। कप्तान एलिसा हीली (38) और अनाबेल सदरलैंड (16) ने 40 रन की साझेदारी के दौरान अच्छे फुटवर्क का नजारा पेश किया लेकिन एलिसा दीप्ति की नीची रहती गेंद पर बोल्ड हो गईं। पूजा ने इसके बाद अनाबेल को पगबाधा करके अपना तीसरा विकेट हासिल किया। एशले गार्डनर (11) पूजा का चौथा शिकार बनीं जिन्होंने ऑफ साइड के बाहर की गेंद से छेड़छाड़ करने की कोशिश में विकेटकीपर को कैच थमाया।

# दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग में कमेंट्री करते नजर आयेंगे शास्त्री

नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर रवि शास्त्री अब दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग (एसए20) में कमेंट्री करते नजर आयेंगे। शास्त्री को अगले साल की शुरुआत में 10 जनवरी से शुरू होने वाले दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग (एसए20) के लिए कमेंट्री पैनल में रखा गया है। वहीं शास्त्री के अलावा इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर स्टुअर्ट ब्रॉड, केविन पीटरसन और मार्क बूचर, दक्षिण अफ्रीका के एबी डी विलियर्स, शॉन पोलाक और क्रिस मॉरिस को भी कमेंट्री पैनल में जगह दी गयी है। एसए20 लीग के आयुक्त ग्रीम स्मिथ ने कहा, ''हम एसए20 के दूसरे सत्र के लिए मौजूद कमेंटेटरों और प्रस्तोताओं की क्षमता से उत्साहित हैं। लीग बेहतरीन कमेंटेटररों के महत्व को समझती है। इससे खेल में रोमांच बढ़ता है। एसए20 लीग का आयोजन 10 जनवरी से 10 फरवरी के बीच किया जाएगा। भारत में इसका प्रसारण जिओ सिनेमा और स्पोर्ट्स18 पर होगा।



# रोहित की जगह हार्दिक को कप्तान बनाना कठिन फैसला : जयवर्धने



मुंबई। मुंबई इंडियंस के वैश्विक क्रिकेट प्रमुख महेला जयवर्धने ने स्वीकार किया कि रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाने का फैसला कठिन था। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य को देखते हुए यह जरूरी भी था। बता दें कि पंड्या बतौर कप्तान मुंबई टीम में लौटे हैं जिसकी टीम के प्रशंसकों ने काफी आलोचना की है। जयवर्धने ने कहा कि यह कठिन फैसला था। यह जज्बाती फैसला था। प्रशंसकों की प्रतिक्रिया आना लाजमी है। लेकिन टीम को कभी-कभी ऐसे फैसले लेने ही होते हैं। श्रीलंका के पूर्व कप्तान ने कहा कि सार्थक बातचीत के बाद यह फैसला लिया गया। उन्होंने कहा कि हम हमेशा खिताब के लिए खेलना चाहते हैं, और अपनी विरासत तैयार करना चाहते हैं। लोगों को लग रहा होगा कि हमने जल्दबाजी की है लेकिन हमें यह फैसला लेना ही था। जयवर्धने ने कहा कि हार्दिक काफी समय ड्रेसिंग रूम का हिस्सा रहे है। इसमें कुछ नया नहीं है। हमें पता है कि वह क्या कर सकता है। जयवर्धने ने कहा कि यह गुजरात टाइटंस की कप्तानी से अलग अनुभव होगा। उसके लिए यह उस अनुभव के आधार पर आगे बढ़ने का मौका है। उन्होंने कहा कि रोहित का अगली पीढ़ी को मार्गदर्शन देने के लिए टीम में होना काफी महत्वपूर्ण है। वह शानदार कप्तान रहा है। मैंने उसके साथ करीब से काम किया है। वह मुंबई इंडियंस की विरासत का हिस्सा है। इस दौरान जयवर्धने ने सचिन तेंदुलकर का भी उदाहरण दिया जिन्होंने मुंबई इंडियंस की कप्तानी छोड़कर सीनियर बल्लेबाज के रूप में खेला और युवा खिलाड़ियों के मार्गदर्शक रहे। उन्होंने कहा कि सचिन ने युवाओं के साथ खेलकर किसी और को कप्तानी सौंपते हुए सुनिश्चित किया कि मुंबई इंडियंस सही दिशा में आगे बढ़ रही है।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में वेस्टइंडीज की कप्तानी करेंगे ब्रैथवेट

### -सात गैर अनुभवी खिलाड़ियों को भी मिला अवसर

**सेंट जॉन्स (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले साल की शुरुआत में जनवरी में होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। इस टीम में सात अनकैप्ड (गैर अनुभवी) खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है। इस टीम की कप्तानी क्रैग ब्रैथवेट को मिली है। वहीं अल्जारी जोसेफ को उप-कप्तान बनाया गया है। टीम में सात नये खिलाड़ियों में बल्लेबाज जाचरी मैकास्की, विकेटकीपर टेविन इमलाच, ऑलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स, केवम हॉज, केविन सिंक्लेयर, तेज गेंदबाज अकीम जॉर्डन और शमर जोसेफ शामिल किये गये हैं। वेस्टइंडीज टीम इस माह के अंत में 30 दिसंबर को ऑस्ट्रेलिया पहुंचेगी और 2 से 9 जनवरी तक एडिलेड में होने वाले अभ्यास शिविर में भाग लेगी। इसके बाद वह क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इलेवन के खिलाफ चार दिवसीय प्रथम श्रेणी अभ्यास मैच खेलेगी। ये मैच 10 से 13 जनवरी तक एडिलेड में खेला जाएगा।

दोनों टीमें फ्रैंक वॉरेल ट्रॉफी के लिए मुकाबला करेंगी। इसका पहला टेस्ट मैच 17 से 21 जनवरी तक एडिलेड ओवल में जबकि दूसरा मैच 25 से 29 जनवरी तक ब्रिस्बेन के गाबा में होगा।


वहीं टीम चयन के बाद वेस्टइंडीज क्रिकेट के मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने कहा, कुछ प्रमुख खिलाड़ियों के नहीं होने से टीम प्रभावित हुई है। हालांकि हमने पिछले साल से एक लाल गेंद कार्यक्रम चलाया है जिसने पूरे क्षेत्र में नई प्रतिभाओं को सामने आने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा, चयनित खिलाड़ियों ने उन्हें दिए गए प्रत्येक टेस्ट को पास कर लिया है और अब उन्हें टेस्ट क्षेत्र में अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर दिया जाना चाहिए। वेस्टइंडीज की टेस्ट टीम इस प्रकार है : क्रैग ब्रैथवेट (कप्तान), अल्जारी जोसेफ (उप-कप्तान), टेगेनरीन चंद्रपॉल, किर्क मैकेंजी। एलिक अथानाज़े, केवम हॉज, जस्टिन




ग्रीव्स, जोशुआ डासिल्वा, अकीम जॉर्डन, गुडाकेश मोती, केमर रोच, केविन सिंक्लेयर, टेविन इमलाच, शमर जोसेफ, ज़ाचरी मैकास्की।

# भारत और पाक के बीच डेविस कप टेनिस मुकाबला फरवरी में होगा

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच तीन और चार फरवरी को डेविस कप विश्व ग्रुप एक प्ले ऑफ मुकाबला होगा। भारत ने इससे पहले अंतिम बार 1964 में पाक का दौरा करते हुए 4-0 से जीत हासि की थी। भारत अभी तक पाकिस्तान से कभी नहीं हारा है और उसका लक्ष्य इस रिकार्ड को बनाये रखना रहेगा। भारतीय टीम ने अब तक पाकिस्तान के खिलाफ सभी आठ मुकाबले जीते हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच अंतिम बार 2019 में तटस्थ स्थल पर मुकाबला हुआ था उसे भी भारतीय टीम ने 4-0 से जीता था। इसके लिए भारत की छह सदस्यीय टीम में रामकुमार रामनाथन, एन श्रीराम बालाजी, युकी भांबरी, निकी कालियांदा पूनाचा, साकेत माइनेनी और दिग्विजय प्रताप सिंह जैसे खिलाड़ी हैं। इसमें दिग्विजय प्रताप सिंह रिजर्व खिलाड़ी हैं। रामनाथन और पूनाचा एकल मैच खेल सकते हैं जबकि युकी, बालाजी और माइनेनी में से किन्हीं दो को युगल मैच के लिए चुना जा सकता है। रोहित राजपाल टीम के गैर खिलाड़ी कप्तान होंगे जबकि जीशान अली कोच रहेंगे। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने कहा कि चयन समिति की बैठक की अध्यक्षता नंदन बल ने की तथा समिति के अन्य सदस्य बलराम सिंह, मुस्तफा घोष, साई जयलक्ष्मी, राजपाल, जीशान और सचिव अनिल धूपर भी इसमें उपस्थित थे।



# महिला क्रिकेटर संग नजर आये भारतीय विकेटकीपर ईशान किशन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने टेस्ट सीरीज के शुरू होने से पहले निजी कारणों का हवाला देकर खुद को टीम से अलग कर लिया। अब वह टेस्ट सीरीज के हिस्सा नहीं होंगे। इस बीच ईशान किशन की एक फोटो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है जिसमें वह भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ओपनर के साथ नजर आ रहे हैं। ईशान की वायरल तस्वीर को देखकर लोग भी हैरान हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 2 मैचों की टेस्ट सीरीज की बॉक्सिंग डे से खेली जाएगी। टीम इंडिया मेजबान टीम के खिलाफ इस बहु प्रतिक्षित सीरीज के लिए जमकर प्रैक्टिस खेल रही है। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टेस्ट टीम 26 दिसंबर से खेले जाने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले 3 दिवसीय इंट्रा स्क्वॉड गेम खेल रही है। हालांकि




ईशान किशन की जो तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है उसमें वह टीम इंडिया की महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना और बॉलीवुड के शहंशाह अभिनेता अमिताभ बच्चन के साथ दिखाई दे रहे हैं। यह फोटो कौन बनेगा करोड़पति के सेट का है। हालांकि यह फोटो कब की है, इसके बारे में कुछ भी कहना अभी जल्दबाजी होगी।

इस तस्वीर को देखकर लोग भी हैरान हैं कि क्या ईशान ने केबीसी के लिए साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज छोड़ने का फैसला किया है? लोग सोशल मीडिया पर ईशान के बारे में खूब भला बुरा कह रहे हैं। इससे पहले, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने बयान जारी कर कहा था कि ईशान किशन ने निजी कारणों का हवाला देते हुए बोर्ड से आग्रह किया कि उन्हें आगामी साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से रिलीज कर दिया जाए। ले?किन बोर्ड ने यह स्पष्ट नहीं किया था कि ईशान ने किस निजी वजह से टेस्ट सीरीज से खुद को बाहर करने की अर्जी लगाई थी। ईशान ने अभी तक 2 टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने इस साल जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट में डेब्यू किया था।

# इंटर मियामी की तरफ से कम से कम छह मैचों में नहीं खेल पाएंगे लियोनेल मेसी

न्यूयॉर्क : अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी अपनी राष्ट्रीय टीम के साथ व्यस्त होने के कारण मेजर लीग सॉकर की टीम इंटर मियामी की तरफ से कम से कम छह मैचों में नहीं खेल पाएंगे। मेसी का यह इंटर मियामी में पहला पूर्ण सत्र होगा। मियामी अमेरिका की शीर्ष फुटबॉल प्रतियोगिता मेजर लीग सॉकर में अपने अभियान की शुरुआत 21 फरवरी को रियल साल्ट लेक के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर करेगा। मेजर लीग सॉकर ने बुधवार को अगले सत्र के लिए कार्यक्रम घोषित किया। इसके अनुसार प्रत्येक टीम 34 मैच खेलेगी। विश्व की अधिकतर फुटबॉल लीग फीफा के कार्यक्रम के दौरान अपने मैचों का आयोजन नहीं करती हैं लेकिन मेजर लीग सॉकर ने अंतरराष्ट्रीय मैचों के दौरान भी लीग को जारी रखने का फैसला किया है। इससे कई शीर्ष खिलाड़ी अपनी राष्ट्रीय टीम के साथ व्यस्त होने के कारण इस प्रतियोगिता में नहीं खेल पाएंगे। इन खिलाड़ियों में मेसी भी शामिल हैं। मेसी मियामी के रियल बुल्स के खिलाफ 23 मार्च को होने वाले मैच के दौरान अर्जेंटीना की टीम के साथ हो सकते हैं। इसके अलावा वह फिलाडेल्फिया (15 जून), कोलंबस (19 जून), नैशविले (29 जून), चार्लोट (3 जुलाई) और सिनसिनाटी में (6 जुलाई) के खिलाफ भी मैच नहीं खेल पाएंगे।



# संजू सैमसन के पास है वनडे सीरीज जीतने का सुनहरा मौका

### -तिलक वर्मा की जगह रजत पाटीदार को डेब्यू का मिल सकता है मौका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पास साउथ अफ्रीका में वनडे सीरीज जीतने का सुनहरा मौका है। वहीं संजू सैमसन के पास भी यही सबसे ब?ढिया मौका भी है। केएल राहुल की कप्तानी वाली टीम इंडिया तीसरा और आखिरी वनडे जीतकर सीरीज अपने नाम कर सकती है। पार्ल के बोलैंड पार्क में खेले जाने वाले निर्णायक वनडे में भारतीय टीम प्लेइंग इलेवन में कुछ बदलाव कर सकती है। इस मैच में तिलक वर्मा की जगह रजत पाटीदार को डेब्यू का मौका मिल सकता है। हालां?कि संजू सैसमन इस मुकाबले में अलग रोल में दिखाई दे सकते हैं। बैटिंग ऑर्डर में संजू सैमसन को सामने लाया जा सकता है। यदि ऐसा होता है तो फिर केरल के इस बल्लेबाज के लिए फायदे का सौदा हो सकता है क्योंकि उन्हें ज्यादा समय क्रीज पर बिताने का मौका मिल सकता है। भारतीय टीम मेजबान साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज जीतने के लिए बेताब है। तिलक वर्मा को तीसरे मुकाबले से ड्रॉप किया जा सकता है। उन्हें शुरुआती 2 वनडे में मौके मिले लेकिन वह उसे भुना नहीं सके। दूसरी ओर, केएल राहुल युवा रजत पाटीदार को निर्णायक वनडे में मौका दे सकते हैं।

इधर राहुल, रजत के प्रदर्शन को देखने के लिए उत्साहित हैं। रजत आईपीएल में शतक ठोक चुके हैं वहीं पिछले कुछ समय से वह घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। रजत से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा सकती है। अब तिलक वर्मा यदि प्लेइंग इलेवन में जगह बनाने में असफल रहते हैं तो फिर इसमें हैरानी की बात नहीं होनी चाहिए। इस लेफ्ट हैंड बैटर को मौजूदा सीरीज में छाप छोड़ने का मौका मिला लेकिन वह इसमें असफल रहे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले तिलक साउथ अफ्रीका में कमाल नहीं कर पाए। श्रेयस अय्यर टेस्ट सीरीज की तैयारी की वजह से दूसरे और तीसरे वनडे से बाहर हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत की संभावित टीम इलेवन में ऋतुराज गायकवाड़, साई सुदर्शन, संजू सैमसन, केएल राहुल (कप्तान), रजत पाटीदार, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, अवेश खान, मुकेश कुमार हो सकते हैं।



# कुशाग्र से प्रभावित थे गांगुली

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के लिए हुई नीलामी में झारखंड के युवा क्रिकेटर कुमार कुशाग्र को दिल्ली कैपिटल्स ने 7 करोड़ 20 लाख खरीदा है। अब इस क्रिकेटर के पिता ने खुलासा किया है कि भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली कुशाग्र के लिए 10 करोड़ तक की बोली लगाने के लिए तैयार थे। कुशाग्र के पिता ने कहा कि गांगुली ने उनसे पहले ही कहा था कि वह किसी भी कीमत पर कुशाग्र को टीम में शामिल करेंगे। कुशाग्र के पिता ने कहा, ईडन गार्डन में ट्रायल के बाद, गांगुली ने कुशाग्र से कहा था कि वह दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलेंगे और फ्रेंचाइजी उनके लिए 10 करोड़ रुपये तक की बोली लगाएगी। ट्रायल के दौरान गांगुली उनके छक्के मारने के तरीके और मैदान पर खेलने की क्षमता के साथ ही विकेटकीपिंग से भी प्रभावित थे।



# देवानंद को समर्पित है फिल्म दिलों में उफानः अनिश विक्रमादित्य



अभिनेता अनिश विक्रमादित्य का कहना है कि उनकी फिल्म दिलों में उफान देवानंद को समर्पित है। अनीश विक्रमादित्य, नीता मोहिंद्र, काव्या शुक्ला, दीक्षा अस्थाना, आशुतोष सिन्हा, धरम शर्मा और मदन कबीर स्टारर फिल्म दिलों में उफान हंगामा ओटीटी पर रिलीज हो गई है। यह फिल्म महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसा पर आधारित है और यह समाज को इससे बचने का संदेश देती है। इस फिल्म के लेखक-निर्देशक सुखविंदर सिंह हैं।

मेटाफाबेक्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड प्रस्तुत फिल्म दिलों में उफान में मैच बॉक्स के प्रोड्यूसर और अभिनेता अनीश विक्रमादित्य मुख्य भूमिका में हैं। देवाानंद ने अनीश विक्रमादित्य को अपनी फिल्म चार्जशीट के जरिये बॉलीवुड में लांच किया था।अनिश विक्रमादित्य अपनी फिल्म दिलों में उफान को देवानंद के नाम समर्पित कर रहे हैं क्योंकि यह साल देवानंद की 100वां जयंती है।

अनिश विक्रमादित्य ने फिल्म दिलों में उफान को लेकर बताया कि पूर्व नृत्यांगना सन्नो और उसकी मंडली के सदस्य एक छोटे शहर में रहते हैं। सन्नो की विकलांग बेटी, सिम्मी के साथ चौंकाने वाले घटनाए होती है। उसके बाद शुरू होती है न्याय की जद्दोजहद. क्या महिलाएं अपनी शारीरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा कानूनी तंत्र पर भरोसा कर सकती हैं. इस फिल्म के जरिये एक झकझोर देने वाला सवाल खड़ा होता है।

निर्माता रचना कुमारी ने कहा कि दिलो मे उफान मजबूत और ज्वलंत मुद्दे पर बनी फिल्म है। मैं उम्मीद करती हूं कि यह फिल्म दर्शकों को बेहद पसंद आएगी। उन्होंने कहा कि यह फिल्म महिला सशक्तिकरण को समर्पित है। मुझे लगता है इस सभी सिने प्रेमियों को इस फिल्म को बहुत पसंद आएगी। वही, धोनी अनटोल्ड स्टोरी में सुशांत सिंह राजपूत की मा के किरदार में नज़र आई नीता मोहिंद्र ने कहा कि यह फिल्म देश और समाज की सच्चाई है। फिल्म कहानी कई सारे सवाल लेकर आई है। यह फिल्म महिलाओं पर होने वाले अत्याचार की सशक्त अभिव्यक्ति है। इसमें हम सब ने अपना बेस्ट दिया है और अब यह दर्शकों के सामने है। मुझे देश के दर्शकों से पूरी उम्मीद है कि उन्हें हमारी फिल्म पसंद आएगी।

## रणवीर सिंह के मैडम तुसाद में लगे दो स्टैच्यू

बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह ने अपनी लाइफ में बेहद खास मुकाम हासिल कर लिया है। दुनियाभर में मशहूर रणवीर सिंह ने फैंस को मैडम तुसाद में खुद के एक नहीं बल्कि दो वैक्स स्टैच्यू से रुबरू करवाया है। रणवीर सिंह के स्टैच्यू की बात करें तो इस पूरे क्रिएटिव प्रोसेस के दौरान वो शामिल रहें है और उन्होंने विशेष रूप से अपने स्टैच्यू के लिए अलग लुक और स्टाइल को चुना हैं। लंदन में रखी गई उनकी प्रतिमा रणवीर की शादी के जश्न के हिस्से के रूप में मनीष अरोड़ा द्वारा डिजाइन की गई नियॉन शेरवानी में नजर आ रहे हैं। वहीं सिंगापुर वाले फिगर ने एक खूबसूरत कस्टम टक्सीडो पहना है जिसमें फूलों की सजावट के साथ एक मखमली ब्लेज़र है ।गौरव गुप्ता द्वारा डिज़ाइन किया गया है। एक्टर को फैंस की तरफ से ढेर सारी बधाईयां मिली हैं। आम लोगों से लेकर सेलिब्रिटीज तक ने उन्हें बधाई दी है। काम की बात करें तो रणवीर सिंह की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी हाल ही में रिलीज हुई थी। अपकमिंग फिल्म की बात करें तो रणवीर जल्द ही रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन में नजर आएंगे। फिल्म से उनका लुक रिवील किया जा चुका है। इसके अलावा उनकी झोली में फेमस फ्रेंचाइजी फिल्म डॉन है जो कि 2025 में रिलीज होगी। बता दें कि रणवीर सिंह बॉलीवुड इंडस्ट्री के एक ऐसे स्टार्स हैं जो अपने बेझिझक स्टाइल के लिए जाने जाते हैं। अपने स्टाइल के अलावा रणवीर बॉक्स ऑफिस पर अपनी धमाकेदार परफॉर्मेंस के चलते भी सुर्खियों में रहते हैं।

## पैपराजी को देखकर दोड लगाई नव्या ने

बीते दिनों मुंबई में खो गए हम कहां फिल्म की स्क्रीनिंग रखी गई। स्क्रीनिंग में बॉलीवुड के तमाम सितारों ने शिरकत की। इस स्क्रीनिंग में अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नवेली नंदा भी पहुंची, जिसके बाद से ही एक बार फिर से उनके और सिद्धांत के रिश्ते को लेकर बातें शुरू हो गई हैं।

इवेंट में नव्या अपनी कार से उतरीं और पैपराजी को देखकर सीधा दौड़कर अंदर भागीं। उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। नव्या नवेली नंदा बीते रोज अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड सिद्धांत चतुर्वेदी की फिल्म खो गए हम कहां की स्क्रीनिंग पर पहुंची। इस दौरान उनका एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में नव्या अपनी कार से उतरी हैं और पैपराजी को देखकर बिना रुके और पलटे ही सीधा दौड़कर अंदर चली जाती हैं।

इस दौरान नव्या ने व्हाइट कलर की शर्ट और मैचिंग पैंट पहनी हुई है। वहीं, उनके बाल ओपन है और उन्होंने एक शॉर्ट बैग कैरी किया है। नव्या पैपराजी को देख हल्की सी मुस्कुराहट देती नजर आईं। गौरतलब है कि काफी वक्त से नव्या और सिद्धांत को लेकर खबरें आ रही हैं कि वो एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। उनके रिश्ते को लेकर बातों ने तब ज्यादा जोर पकड़ा जब उन्होंने सोशल मीडिया पर एक-दूसरे की पोस्ट पर कमेंट करना शुरू कर दिया। ऐसे में नव्या के स्क्रीनिंग पर आने के बाद फुसफुसाहट और भी तेज हो गई है। हालांकि, न तो सिद्धांत चतुर्वेदी न ही नव्या नवेली नंदा ने आधिकारिक तौर पर अपने रिश्ते की स्थिति की पुष्टि या खंडन किया है। खो गए हम कहां को अर्जुन वरैन सिंह ने निर्देशित किया है। ये फिल्म 26 दिसंबर, 2023 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी।





## क्रिसमस का अपना क्रेज, बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट का है फेवरेट त्योहार

बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट का मानना है कि क्रिसमस मनाने का सबसे अच्छा तरीका इसे परिवार और प्रियजनों के साथ सेलिब्रेट करना है। आलिया ने कहा, क्रिसमस साल के मेरे फेवरेट टाइम्स में से एक है। मैं अपने सभी फैंस के साथ इसे मनाने का इससे बेहतर तरीका नहीं सोच सकती। यह सीजन खुशी, प्यार और एकजुटता के बारे में है। हमारी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी इसी बारे में है। यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है।

आलिया की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का टीवी प्रीमियर 24 दिसंबर को कलर्स सिनेप्लेक्स पर होने वाला है। फिल्म के निर्देशक करण जौहर ने कहा, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने सात साल बाद सिनेमाघरों में मेरी वापसी को चिह्नित किया और सिनेमाघरों में इसे मिले प्यार से मैं दंग रह गया। इसने साबित कर दिया कि प्यार का यह युग प्यार है तो सब हैं के बारे में है। रणवीर ने साझा किया कि थियेट्रिकल रिलीज के दौरान फिल्म का स्वागत जबरदस्त था और अब, जब यह वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के साथ लाखों लोगों के घरों तक पहुंच गई है तो वह काफी रोमांचित हैं।

यह फिल्म मेरे दिल में एक खास जगह रखती है, क्योंकि यह प्यार की ताकत और आत्माओं को साथ बांधने की क्षमता को बढ़ाती है, एक अटूट पारिवारिक बंधन की कहानी बुनती है। यह क्रिसमस खुशियों से भरा हो और रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का मनमोहक जादू सभी के दिलों में जगमगा उठे।

## कैटरीना कैफ-विजय सेतुपति की फिल्म 'मैरी क्रिसमस' का ट्रेलर रिलीज

बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ और दक्षिण भारतीय अभिनेता विजय सेतुपति की आने वाली फिल्म 'मैरी क्रिसमस' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी फिल्म मैरी क्रिसमस में कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति की मुख्य भूमिका है। मैरी क्रिसमस का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर की शुरुआत विजय और कैटरीना के साथ ही होती है। दोनों की मुलाकात क्रिसमस के दिन होती है और फिर वो साथ में सेलिब्रेशन करने का फैसला करते हैं। तीन घंटों में ही दोनो एक-दूसरे के साथ सुनहरा वक्त बिता लेते हैं। पर इन तीन घंटों में विजय सेतुपति और कटरीना की जिंदगी किस कदर बदल जाती है और क्या-क्या खौफनाक होता है, वह होश उड़ा देता है। फिल्म 'मैरी क्रिसमस' हिंदी के साथ-साथ तमिल औऱ तेलुगु में भी 12 जनवरी 2024 को रिलीज होगी।




## अंकिता, ऐश्वर्या ने किया एक-दूजे के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग

छोटे परदे का मशहूर शो बिग बॉस-17 में ऐश्वर्या शर्मा भट्ट और अंकिता लोखंडे के बीच जुबानी जंग शुरु हो गई। दोनों ने एक-दूसरे के लिए अपमानजनक शब्दों का जमकर प्रयोग किया। लड़ाई तब शुरू हुई जब सोहेल और अरबाज खान ने अंकिता से पूछा कि उन्हें क्या लगता है कि शो में कौन अपना इंडिविजुअल गेम नहीं खेल रहा है। अंकिता ने ऐश्वर्या का नाम लेकर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि ऐश्वर्या को फ्रंटफुट पर गेम खेलना चाहिए। यह बात ऐश्वर्या को पसंद नहीं आई जिसके चलते झगड़ा शुरू हो गया। अंकिता को जवाब देते हुए, ऐश्वर्या ने कहा, खुद के पति के दिमाग पे गेम खेलने वाली औरत, मुझे अंकिता का गेम कोई दिखाओ प्लीज, उसका अपना कोई इंडिविजुअल गेम नहीं है। मुझसे इंडिविजुअल गेम खेलने के लिए न कहें और पहले इंडिविजुअल की स्पेलिंग सीखें। लड़ाई तब और बढ़ गई, जब विक्की जैन और नील भट्ट इसमें शामिल हो गए। ऐश्वर्या अंकिता की ओर बढ़ती हुई आती हैं और उनका नाम पुकारने लगती हैं। इसके बाद अंकिता कहती हैं कि वह और उनके पति शो में आने के बाद से ही उनके पीछे पड़े हुए हैं। ऐश्वर्या जवाब देते हुए कहती हैं कि उनके पति को तेरी जैसी औरत में कोई दिलचस्पी नहीं है। इससे अंकिता भड़क जाती है और पूछती है कि तेरी जैसी औरत का क्या मतलब है। ऐश्वर्या जवाब देते हुए कहती हैं- बदतमीज औरत।



## ब्लू 52 से इंटरनेशनल फिल्म में डेब्यू करेंगी नेहा धूपिया



अभिनेत्री नेहा धूपिया मिस्र के पॉपुलर फिल्म मेकर अली एल अरबी द्वारा निर्देशित ब्लू 52 से इंटरनेशनल मूवी में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। अली एल अरबी ने अपनी अवॉर्ड-विनिंग डॉक्यूमेंट्री फीचर कैप्टन्स ऑफ जाअतारी के लिए सेलिब्रेट किया। ब्लू 52 कोच्चि, भारत और कतर की स्टनिंग बैकड्रॉप पर आधारित है। अपने इंटरनेशनल डेब्यू पर नेहा ने कहा कि ब्लू 52 की जर्नी शुरू करना किसी जादू से कम नहीं है। इस इंटरनेशनल वेंचर में अलग-अलग कल्चर के फ्यूजन ने मुझे एक इसतरह के करेक्टर में गहराई से उतरने की अनुमति दी, जो चैलेंजिंग और इमोशनल है।

नेहा ने कहा, मेरा मानना है कि यह ट्रांसफॉर्मेटिव एक्सपीरियंस है, जो स्थायी प्रभाव छोड़ेगा और मुझे खुशी है कि अली ने मुझे अपनी पहली इंटरनेशनल फिल्म में लीड रोल निभाने के लिए चुना ।निर्देशक अली एल अरबी ने कहा कि ब्लू 52 का निर्माण मिस्र, अमेरिका और भारत की सिनेमाई भाषाओं को मिलाकर किया जा रहा है। नेहा ने अपनी भूमिका में जबरदस्त समर्पण दिखाया और किरदार में भावनात्मक गहराई भर दी। कोच्चि की खूबसूरत जगह और कतर की वाइब्रेंट एनर्जी हमारी स्टोरी कहने के लिए एकदम सही कैनवास के रूप में काम करती है। यह फिल्म इंटरनेशनल सिनेमा की सहयोगात्मक भावना का एक प्रमाण है। मैं दर्शकों को उस स्तर का अनुभव कराने के लिए उत्साहित हूं, जो हमने मिलकर बनाई है।